CMYK

तापमान
अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 80,737.51
निफ्टी 24,542.50

सोना 99,570
चांदी 1,00,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 4 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 143 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 7 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## कोरोना संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गई। अभी तक 2700 मरीजों को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं और 512 मरीजों के स्वस्थ होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन इस अवधि के दौरान पांच और मरीजों की जान चली गई।

## बाढ़-लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। मंगलवार को मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

## 'इंडिया' ने दोहराई संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा, इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए पीएम मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इंडिया समूह के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है।

# भारत को 48 घंटे में हराना चाहता था पाकिस्तान

## CDS अनिल चौहान ने किया खुलासा: कैसे फेल हुई पाक की रणनीति

पुणे, वार्ता

**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। वे मंगलवार को पुणे यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

उन्होंने यहां भविष्य के युद्ध और युद्ध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि 10 मई रात एक बजे पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी, उसने कई जगह पर एक साथ हमले किए और संघर्ष को बढ़ाया, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गई थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत आतंक और न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग की छाया में रहने वाला नहीं है। प्रोफेशनल मिलिट्री फोर्स पर असफलताओं और नुकसान का असर नहीं पड़ता। आपको अपना मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ उससे कुछ हफ्ते पहले ही पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। पहलगाम में जो -शेष पृष्ठ दो पर

■ नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया




### ऑपरेशन सिंदूर: विदेश गए डेलिगेशन से मिलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने गए डेलिगेशन ग्रुप्स से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते मुलाकात कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम मोदी सभी 7 डेलिगेशन ग्रुप से 9 या 10 जून को मिलेंगे। इस दौरान डेलिगेशन अपने दौरे की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को देंगे। भाजपा के बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला डेलिगेशन मंगलवार को भारत लौट आया है। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक और रेखा शर्मा, सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपना पहला आईपीएल जीता

### 18वें सीजन में 8वां चैंपियन मिला, 191 रन चेज कर रहा पंजाब 6 रन से हारा

**अहमदाबाद।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना पहला टाइटल जीत लिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आरसीबी ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 6 रन से हरा दिया। 191 रन का टारगेट चेज कर रही पीबीकेएस 184 रन ही बना सकी। इस प्रकार 18वें सीजन में आईपीएल को 8वां चैंपियन मिला। बेंगलुरु से विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार ने भी 2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह और काइल जैमिसन ने 3-3 विकेट लिए। 18वें ओवर में यश दयाल ने अजमतुल्लाह उमरजई को पवेलियन की राह दिखाई। उमरजई एक रन ही बना सके। 17वां ओवर डाल रहे भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट झटके। उन्होंने दूसरी बाल पर नेहल वाधेरा को क्रणाल पंड्या के हाथों कैच कराया। नेहल 15 रन ही बना सके। चौथी बाल पर मार्कस स्टोयनिस को यश दयाल के हाथों कैच कराया।




## वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के लिए छह जून को उम्मीद पोर्टल होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 6 जून को उम्मीद पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसका मकसद वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। उम्मीद का पूरा नाम है- यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी और डेवलपमेंट। यह एक सेंट्रल पोर्टल होगा, जिस पर देशभर की वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पोर्टल लॉन्च होने के छह महीने के भीतर सभी वक्फ संपत्तियों को रजिस्टर करना अनिवार्य होगा। इस पर संपत्तियों का पूरा विवरण देना होगा, जैसे- लंबाई, चौड़ाई और जियो टैग की गई लोकेशन। अगर किसी संपत्ति का नाम किसी महिला के नाम पर दर्ज है, तो उसे वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन का काम संबंधित राज्य वक्फ बोर्ड करेंगे। अगर किसी वजह से तकनीकी या अन्य कारणों से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया, तो एक से दो महीने की अतिरिक्त मोहलत दी जा सकती है। लेकिन अगर फिर भी संपत्ति रजिस्टर्ड नहीं होती, तो उसे विवादित मानते हुए वक्फ ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा।

## जमीन घोटाले में तीन पर गिरी गाज

# DM हरिद्वार समेत दो IAS सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** हरिद्वार नगर निगम भूमि घोटाले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम व पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले पर सख्त रुख अपनाते हुए, दो आईएएस, एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हैक्टेयर भूमि -शेष पृष्ठ दो पर

■ चार अन्य पर भी हुई कार्रवाई, अब तक हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाले में 12 नपे

हमारी सरकार ने पहले ही दिन से स्पष्ट किया है कि लोकसेवा में पद' नहीं बल्कि 'कर्तव्य' और 'जवाबदेही' महत्वपूर्ण है। चाहे व्यक्ति कितना भी वरिष्ठ हो, अगर वह जनहित और नियमों की अवहेलना करेगा, तो कार्रवाई निश्चित है। हम उत्तराखंड में भ्रष्टाचार मुक्त नई कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। सभी लोक सेवकों को इसके मानकों पर खरा उतरना होगा

\- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

# उप्र में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (चार साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह निर्णय लिया गया, जिसके तहत भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा। वहीं प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक में इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, -शेष पृष्ठ दो पर

■ भूतपूर्व सैनिक की तरह की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी



## संक्षिप्त समाचार

### जैन समाज अपने घरों में पांच जून को रोपित करेगा 75 हजार पौधे

**नई दिल्ली।** संपूर्ण देश में जैन समाज के लोग पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने-अपने घरों में 75 हजार पौधों का रोपण करेंगे जिनमें फल, फूल और औषधीय पौधे होंगे। जैन संत श्री वरूणमुनि ने मंगलवार को यहां बताया कि समाज ने गुरु अमर संयम अमृत वर्ष के पावन अवसर पर 75 हजार पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इसके अनुसार पांच जून को सम्पूर्ण भारतवर्ष में 75 हजार पौधों को रोपने का आयोजन अखिल भारतीय श्रुताचार्य श्री गुरू अमर संयम अमृत वर्ष आयोजन समिति के तत्त्वावधान में किया जा रहा है। इस आयोजन समिति के मार्गदर्शक राज्यसभा सदस्य लहरसिंह सिरोया और अध्यक्ष महेन्द्र जैन हैं। इस आयोजन में पांच जून को भारतवर्ष के सभी जैन धर्मावलम्बी पूरे परिवार के साथ अपने घर के आंगन में किसी भी फल, फूल या औषधि का पेड़ लगाएगें। श्री वरुणमुनि ने बताया कि ऐसे परिवारों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनहरा बनाना है। प्रकृति मां के प्रति अपना कुछ अंश में कर्जा चुका सके। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कभी फल, कभी मेवे, कभी हरी या सूखी सब्जियां तो कभी वृक्षों से निर्मित औषधियों का सेवन करता है।

### सुरक्षा के बीच खीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेर.बल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक खीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। उत्सव के सुचारू और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में और उसके आसपास जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की भारी तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर तक पहुंचने वाले सभी रास्तों की सफाई की गई है।

### एनडीपीएस मामले में संलिप्तता, पीएचई कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) मामले में संलिप्तता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के एक कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जम्मू-कश्मीर सरकार के जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्तीय आयुक्त, शालीन काबरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार जम्मू कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1956 के नियम 31 (2) के अनुसार कार्यकारी अभियंता, पीएचई डिवीजन पुंछ द्वारा कर्मचारी को गिरफ्तारी की तारीख से निलंबित कर दिया गया था। पीएचई कर्मचारी, देगवार तेरवान, तहसील हवेली जिला पुंछ का निवासी, जल शक्ति (पीएचई) डिवीजन पुंछ में खलासी के रूप में कार्यरत था, जो वर्तमान में निलंबित था, उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर मिलेगी होमस्टे की सुविधा: योगी

# यूपी में बीएंडबी व होमस्टे नीति को मिली मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करने के मकसद से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इस नई नीति को मंजूरी प्रदान की गई।

पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। लोकभवन के सभागार में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमा.दन के लिए रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 से 750 रुपए तक का शुल्क लिया जाएगा। वहीं शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए दो हजार रुपए का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के कारण यह राज्य विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के कारण होमस्टे संचाल.कों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की इस नई नीति के तहत वे स्थानीय निकायों की अनापत्ति लेकर सरल प्रक्रिया से पंजीकरण कर सकेंगे। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है, ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों को पर्यटन हित में उपयोग करें। इस नीति के लागू होने से न केवल पर्यटकों को सस्ते और सुविधाजनक ठहरने का विकल्प मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे।



■ मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 11 प्रस्तावों में से 10 को स्वीकृति प्रदान की गई, कोई भी व्यक्ति एक से छह कमरों तक रजिस्टर करा सकता है

### पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को मिलेगी प्रोत्साहन धनराशि

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा पांच इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को यह फैसला लिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति के तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा.लि. बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा.लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपए, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

### यूपी के 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स अभियान

■ मोटे अनाज से किसानों को होगा फायदा

**लखनऊ।** यूपी के किसानों की आमदनी बढ़ाने और लोगों को पौष्टिक अनाज देने के लिए योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 47 जिलों में न्यूट्री सीरियल्स (मोटे अनाज या श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने का बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है। यह काम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार ने 2025-26 की राज्य कार्ययोजना तैयार कर ली है। सरकार का मानना है कि इस योजना से छोटे और मझोले किसानों की जिंदगी बदल जाएगी। एक तरफ किसानों को खेती से अच्छी आमदनी मिलेगी, तो दूसरी तरफ लोगों को ज्वार, बाजरा, कोदो और सावां जैसे पौष्टिक अनाज खाने को मिलेंगे। ये अनाज न सिर्फ सस्ते होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। डॉक्टर भी कहते हैं कि मोटे अनाज खाने से शरीर को ताकत मिलती है और बीमारियां दूर रहती हैं। सरकार ने बताया कि अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली और सीतापुर समेत 47 जिलों में इन अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। ज्वार की खेती 24 जिलों में होगी, बाजरे की खेती 38 जिलों में, कोदो की खेती 13 जिलों में और सावां की खेती 12 जिलों में कराई जाएगी। इससे किसानों को ज्यादा दाम मिलेंगे और वे खुशहाल होंगे।

## ट्रम्प के फोन पर मोदी ने किया सीजफायर: राहुल

भोपाल, वार्ता



■ पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा

पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते को लेकर राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया।

भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस को लेकर कहा कि इन पर जरा सा दबाव पड़ता है और ये पीछे हट जाते हैं। उधर से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक इशारा किया और इन्होंने जी हुजूर, करके सीजफायर कर दिया। राहुल गांधी का ये बयान एक्स पर शेयर किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि इतिहास गवाह है, यही भाजपा-आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई में इंदिरा गांधी को जो करना था वो उन्होंने किया। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल सरेंडर करने वाले लोग नहीं थे। ये सुपर पावर से लड़ने वाले लोग थे। राहुल गांधी ने कहा कि इन दिनों देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। पहली लड़ाई संविधान की है। इसमें एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो संविधान के साथ खड़ी हुई है। दूसरी लड़ाई सामाजिक न्याय की है। जाति जनगणना को लेकर सरकार का रवैया महिला आरक्षण की तरह ही है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण दिया। जाति जनगणना को लेकर जनता ने सर्वे के सवाल तय किए। ऐसा अन्य जगह नहीं हुआ है। देश के विकास के लिए सभी की भागीदारी होनी चाहिए है। जाति जनगणना के लिए तेलंगाना माडल ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। एमपी में ही भाजपा को हराने वाले कार्यकर्ता बैठे हुए हैं लेकिन उनके हाथ बंधे हुए हैं। कार्यकर्ताओं की आवाज कांग्रेस के संगठन में ठीक से सुनाई नहीं दे रही है।

# मुसलमानों के खिलाफ हिंसा चिंताजनक

### जमात-ए-इस्लामी हिंद ने की फलस्तीन मुद्दे पर सरकार से दबाव बनाने की मांग

नई दिल्ली, वार्ता

■ कुर्बानी इस्लाम की सदियों पुरानी परम्परा

जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) ने देश में मुसलमानों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और बुलडोजर कार्रवाइयों पर गहरी चिंता जताई है। संगठन के वाइस प्रेसिडेंट मलिक मो. हतसिम और इंजीनियर सलीम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अलीगढ़, कर्नाटक, गुजरात और दिल्ली में हुई हालिया घटनाओं की निंदा की। उन्होंने सरकार से कानून का राज स्थापित करने और फलस्तीन मुद्दे पर भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

मलिक मोहतसिम ने बताया कि अलीगढ़ में चार मुस्लिम युवकों के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की और उन्हें अधमरा कर दिया। हैरानी की बात यह है कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ। पीड़ितों के पास वैध कागज थे, यहां तक की उनके पास कोई बीफ (गाय का मांस) नहीं था, फिर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दोनों पक्षों को बराबर मानकर केस दर्ज किया गया, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। कर्नाटक में भी ऐसी ही घटना हुई, जिसकी जमात ने कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के लिचिंग विरोधी आदेशों की अवहेलना हो रही है। दोषियों को उम्रकैद की सजा देकर कानून का डर पैदा करना चाहिए। जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष इंजीनियर सलीम ने कहा कि यूपी, गुजरात और दिल्ली में मुस्लिम इलाकों में बुलडोजर कार्रवाइयों को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूपी के नेपाल सीमा से सटे इलाकों में 300 से ज्यादा कब्रिस्तान और मदरसों पर बिना नोटिस के बुलडोजर चलाए गए। गुजरात के अहमदाबाद में चंदोला झील के पास 30-40 साल से रह रहे लोगों को बेघर कर दिया गया और उन्हें बांग्लादेशी बताकर नफरत फैलाई गई। दिल्ली के ओखला, तैमूर नगर और बाटला हाउस में भी ऐसी ही कार्रवाइयां हुईं। सलीम ने इसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवमानना बताया और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। फलस्तीन में इजरायल की कार्रवाइयों को वॉर क्राइम करार देते हुए मलिक मोहतसिम ने कहा कि 'ये एक जेनोसाइड है। गाजा में नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित न रहे, बल्कि अमेरिका पर हथियार सप्लाई रोकने के लिए दबाव बनाए। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर कुर्बानी को लेकर उठ रहे विवादों पर इंजीनियर सलीम ने कहा कि कुर्बानी इस्लाम की सदियों पुरानी परंपरा है, जो दुनिया भर में निभाई जाती है।

### यूपी के अस्पतालों में बिना जरूरत छुट्टी पर रोक

**लखनऊ।** यूपी में आने वाले त्योहारों और तेज गर्मी को देखते हुए सभी अस्पतालों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। डिप्टी सीएम ब्रज.श पाठक ने निर्देश दिए हैं कि दवाओं की उपलब्धता, मरीजों की भर्ती और इमरजेंसी सेवाएं पहले से बेहतर की जाएं। डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ को जरूरी कारणों के अलावा छुट्टी नहीं दी जाएगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने एक पत्र जारी किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि इमरजेंसी सेवाएं और बेहतर होनी चाहिए, इसके लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं, ताकि मरीजों को इलाज में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने यह भी कहा कि 102, 108 और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस हमेशा चालू रहें, ताकि मरीजों को जल्दी नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# यमुना में डूबने से चार लड़कियों की मौत

आगरा, वार्ता



■ आगरा में दो की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती
■ डीएम मौके पर पहुंचे व हालात का जायजा लिया

जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को नगला नाथू में यमुना नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से चार किशोरियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, पुलिस प्रशासन और रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नगला नाथू की छह किशो.रियां दोपहर में यमुना नदी में नहाने गई थीं। नहाते समय वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं, उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम, जिसमें गोताखोर भी शामिल थे मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

अथक प्रयासों के बाद, छह में से दो बच्चियों को गंभीर हालत में नदी से बाहर निकाला गया और तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिला अस्पताल प्रबंधन को बच्चियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दुर्भाग्यवश चार अन्य किशो.रियों को बचाया नहीं जा सका और उनकी डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नदी किनारे सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा मुनाफावसूली से शेयर बाजार में भूचाल

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहे निवेशकों की वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिका के बढ़ते राजकोषीय जोखिमों को लेकर चिंता के चलते निवेश धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 636.24 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर सात कारोबार सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 80,737.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 24542.50 अंक रह गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 45,159.96 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 52,563.44 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2266 में गिरावट जबकि 1731 में तेजी रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2999 कंपनियों के शेयरों में से 1696 में बिकवाली जबकि 1224 में लिवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मिश्रित वैश्विक संकेतों, भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के चलते अस्थिरता भरे मुद्रा बाजार के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहा और नकारात्मक दायरे में बंद हुआ।

बाजार पर व्यापक मुनाफा वसूली का असर देखा गया। हालांकि रियल एस्टेट समूह को आरबीआई की संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से समर्थन मिला, जिससे यह समूह अन्य क्षेत्रों की तुलना में मजबूत बना रहा। इस दौरान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अपेक्षाकृत सीमित समेकन देखने को मिला, जिसका मुख्य कारण बेहतर आय वृद्धि की संभावनाएं और प्रीमियम मूल्यांकन में आई नरमी है। इसके विपरीत, लार्ज कैप शेयरों में निवेशकों द्वारा अधिक मुनाफावसूली दर्ज की गई।

### पतंजलि आयुर्वेद को एमसीए से जांच का नोटिस नहीं मिला

**मुंबई।** योग गुरु बाबा रामदेव की शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा है कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को कंपनी मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से प्रस्तावित जांच के संबंध में कोई नोटिस या संचार नहीं मिला है। कंपनी ने इस संबंध में मीडिया में खबर आने के बाद बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को दिए स्पष्टीकरण में यह बात कही है। कंपनी ने कहा कि उनके कानूनी सलाहकार इस संबंध में उचित कार्रवाई की जांच कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद से पुष्टि के आधार पर यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि उठाव बढ़ने से दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों में भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 50 रिंगिट की बढ़ोतरी लेकर 3938 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 660 रुपए, मूंगफली तेल 110 रुपए और पाम ऑयल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि सूरजमुखी तेल 1099 रुपए, सोया रिफाइंड 880 रुपए और वनस्पति तेल 256 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत को...**

हुआ वह पीड़ितों के लिए घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना है। सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान की प्लानिंग फेल होने के बाद उसने भारत से फोन (हॉटलाइन) पर संपर्क किया था। उसे लगा था कि अगर यह जारी रहा, तो उसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। जनरल चौहान ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से बातचीत और तनाव कम करने का अनुरोध आया, तो हमने भी इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भी युद्ध और राजनीति बराबरी से हो रही थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए और उनमें से कुछ दो मीटर जितने करीब थे। सीडीएस चौहान ने भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान फाइटर जेट खोने के सवाल पर कहा कि जब मुझसे हमारे नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं। यह महत्वपूर्ण है। नुकसान और संख्या के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं। इसका कोई सवाल ही नहीं है।

**डीएम हरिद्वार...**

को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री धामी ने इस प्रकरण की जांच के आद.श दिए थे। जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सभी सात आरा.पी अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, कार्मिक विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और मौजूदा डीएम कर्मेंद्र सिंह, तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, हरिद्वार के तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया है। जमीन घोटाला प्रकरण में अब तक हुई कार्रवाई: कर्मेन्द्र सिंह - जिलाधिकारी और तत्कालीन प्रशासक नगर निगम हरिद्वार (निलंबित), वरुण चौधरी - तत्कालीन नगर आयुक्त, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित), अजयवीर सिंह- तत्कालीन, उपजिलाधिकारी हरिद्वार (निलंबित), निकिता बिष्ट - वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम हरिद्वार (निलंबित), विक्की - वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (निलंबित), राजेश कुमार - रजिस्ट्रार कानूनगो, तहसील हरिद्वार (निलंबित), कमलद.ास-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, तहसील हरिद्वार (निलंबित)। पूर्व में हो चुकी कार्रवाई: रविंद्र कुमार दयाल- प्रभारी सहायक नगर आयुक्त (सेवा समाप्त), आनंद सिंह मिश्रवाण- प्रभारी अधिशासी अभियंता (निलंबित), लक्ष्मी कांत भट्ट्- कर एवं राजस्व अधीक्षक (निलंबित), दिनेश चंद्र कांडपाल- अवर अभियंता (निलंबित), वेदपाल- सम्पत्ति लिपिक (सेवा विस्तार समाप्त), हरिद्वार नगर निगम घोटाले में बताया जा रहा है कि यह: मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया।

**उप्र में...** सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है।

# नकली उर्वरक व कीटनाशक पर बनेगा सख्त कानून: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरक और कीटनाशक बनाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सख्त कानून की तैयारी कर रही है।

चौहान ने मंगलवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के छठे दिन महाराष्ट्र में पुणे जिले के नारायणगांव में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि नकली खाद या कीटनाशक बनाने वाली और किसानों को आपूर्ति करने वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार सख्त कानून बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों और उर्वरकों के सही और संतुलित प्रयोग होना चाहिए। सरकार एक सख्त कानून बनाने पर विचार कर रही है, जिसके अंतर्गत जो भी कंपनी या व्यक्ति नकली उर्वरक या कीटनाशक बनाकर किसानों को आपूर्ति करते हुए पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने कहा कि क्षेत्रवार कृषि विकास योजना तैयार की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर कृषि और किसानों की प्रगति के लिए काम करेंगे। बातचीत के दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री को अपनी चिंता से अवगत कराया और न्यूनतम समर्थन मूल्य, बेमौसम बारिश के कारण कृषि उपज को होने वाले नुकसान, खेती पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, समय पर कृषि उपकरण और बीज नहीं मिलने, बेहतर प्रशीतन भंडारण सुविधाओं, कृषि प्रसंस्करण केंद्रों की उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों के साथ नारायणगांव कृषि उपज मंडी समिति और टमाटर मंडी, स्थानीय खेतों और कोल्ड स्टोरेज सुविधा का दौरा किया, जहां उन्होंने टमाटर और अन्य फसल उगाने वाले स्थानीय किसानों से बातचीत की।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैसाअंगेज पाकर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बोर्ड बैठक में फोगिंग और स्ट्रीट लाइट को लेकर हंगामा

**पिछले दो वर्षों में हर वार्ड में हुए विकास कार्य: मीनाक्षी स्वरूप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत हुई बोर्ड बैठक में कई वार्डों में फॉगिंग न होने को लेकर सभासदों ने हंगामा कर दिया। जबकि पालिका के अधिकारी अप्रैल माह में सभी 55 वार्डों में फॉगिंग कराने का दावा किया है।

इस मामले में सभासदों ने नगर पालिका प्रशासन से जवाबा मांगा है कि कौन-कौन से वार्ड और कब फोगिंग कराई गई? स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कली, चूना, फिनायल और अन्य केमिकल आदि सामग्री की खरीद वाले प्रस्ताव को लेकर सभासदों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए फॉगिंग नहीं होने को लेकर हंगामा किया। इस



मामले में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से जवाब मांगा गया है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सदन को आश्वस्त किया कि भविष्य में फॉगिंग आदि कार्य होने से पहले सभासदों को विश्वास में लेकर कार्य किया जायेगा। उधार वार्ड संख्या 26 में 3.52 लाख के खर्च से विभिन्न स्थानों पर रखने जाने वाली गमले के कार्य पर सभासद योगेश मित्तल ने विरोध जताया है।कांवड़ मार्ग पर इमरजेंसी लाइट लगवाये जाने के प्रस्ताव पर चल रही बहस के दौरान स्ट्रीट लाइट का मुद्दा भी उठ गया। जिस पर ईओ ने सटीक टिप्पणी करते हुए कहा कि सभासद राजीव शर्मा की शिकायत पर मंडलायुक्त के आदेश पर हो रही जांच के कारण पथ प्रकाश के सारे काम रूक गए हैं। इस बात पर सभासद राजीव शर्मा ने कडी आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्होंने लाइट के संबंधा में कोई शिकायत नहीं है।

अन्य बिन्दुओं पर शिकायत की है। सदन में ईओ मोबाइल फोन निक. ालकर मंडलायुक्त की जांच आदेश वाले पत्र को पढकर सुनाया। सभासद राजीव शर्मा ने भी अपनी शिकायत का पत्र सदन में पढ़कर सुनाया। इस पर ईओ डॉ. प्रज्ञा ने उनके सम्मुख यह शर्त रख दी कि वो लिखित में यह बात प्रस्तुत करें कि उनके द्वारा पथ प्रकाश के लिए कोई शिकायत नहीं की गई है तो वह भी सभा बुलाकर अपने इन शब्दों को वापस लेकर खेद व्यक्त कर देंगी। उधार सभासदों ने वाहन पार्किंग के नियमानुसार टेंडर कराने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष खत्म होने के बाद भी चल रही पार्किंग को आज से बंद कर दिया जाए। दोनों टेंडर ऑफलाइन और ऑनलाइन किया जाए। नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि ब्रजभूषण गर्ग को मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका से 250 वर्ग फुट भूमि 1977 में 525 रुपये प्रतिमाह की दर से मासिक किराये पर आवंटित की गई थी। इसमें 2019 में 127.76 वर्गमीटर एरिया और बढ़ाया गया। ब्रजभूषण गर्ग ने 2008 से कोई भी किराया जमा नहीं कराया है। इसमें अब कर विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। अपने दो वर्ष के कार्यकाल को नगर के लिए यादगार बताते हुए अधयक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि इन 2 वर्षों में नगर के हर क्षेत्र में विकास कार्य कराए गए है। 146 प्रस्ताव में से 142 पारित कर दिए गए।

# साकेत में स्कूल का जंगला फाड़कर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाईन क्षेत्र में बदमाशों ने एक स्कूल में चोरी की वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल लेटिल एंजिल प्ले स्कूल में पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस ने आस-पास लगे घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे चैक कर स्कूल स्वामी को जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

मंगलवार की सवेरे पुलिस को सूचना मिली कि साकेत कालोनी स्थित लिटिल एंजिल प्ले स्कूल में बदमाशों ने चोरी की वारदात कर दी है। सूचना के बाद साकेत चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि बदमाश यहां लगे रोशनदान को उखाडकर स्कूल के अंदर घुसे और यहां रखी हजारों की नकदी, दो इंन्वर्टर, म्यूजिक सिस्टम, कार्यालय में रखे बच्चों की स्कूल की फीस के पैसे व अन्य कीमती सामान समेटकर ले गये। इतना ही नहीं बदमाशों ने बडे ही आराम से चोरी की वारदात की, क्योंकि स्कूल के शौचालय में लगी दो दर्जन स्टील की टोटियां भी बदमाश खोलकर ले गये हैं। चोरी की वारदात की जानकारी उस वक्त हुई, जब स्कूल स्वामी विनय शर्मा सवेरे के समय मौके पर पहुंचे और उन्होंने सामान को खुर्द बुर्द देखा फिलहाल पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज चैक की। पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को काफी सलता मिली है और घटना का जल्द खुलासा कर दिया जायेगा।

## जिले से55 शिक्षक गए, 15 आए

**मुजफ्पफरगनर।** शासन ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को पारस्परिक स्थानांतरण नीति का लाभ उठानेहेतु कई महीनों से शिक्षक अपना भाग्य अजमाने के लिए शिक्षकों की खोज में लगे थे। जिले से आनलाइन आवेदन 486 शिक्षकों ने किए थे, लेकिन केवल 55 शिक्षकों का ही अन्य स्कूलों के शिक्षकों से समन्वय बैठा। बीएसए संदीप कुमार का कहना है कि मुजफ्फरनगर से सभी 55 शिक्षकों को सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी के रिलीविंग आर्डर बनाए जा रहे हैं। मंगलवार शाम तक 40 शिक्षकों को रिलीव किया गया है, जो अपने विद्यालय में ज्वाइंनिंग करेंगे। दूसरे जिलों से आने वाले शिक्षकों की संख्या धीमी है। अभी केवल 15 शिक्षकों ने ही ज्वाइनिंग के लिए आवेदन किया, जिन्हें ज्वाइन भी करा दिया गया है।

# मीनाक्षी के प्रस्ताव पर खुश हुए योगी

**जलाभिषेक के जल को नालियों में जाने से रोकने की पहल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने विशेष प्लान बताया । नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने आस्था के आदर के लिए एक विशेष कार्ययोजना बनाई है। इसके अन्तर्गत अब मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए चढ़ाये जाने वाले गंगा जल के साथ ही पूजन सामग्री का अनादर नहीं होगा। शिव लिंग पर चढ़ाया गया गंगा जल अब नालियों में नहीं बहेगा।

**सीएम योगी ने की सराहना**

मीनाक्षी स्वरूप ने इस विशेष कार्ययोजना को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और पूरा प्लान साझा किया। सीएम योगी ने उनके इस प्लान की सराहना की और विस्तृत कार्ययोजना देने के लिए भी कहा है।

## कार्ययोजना के बारे में

मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि उन्होंने वार्ड 49 के शिव मंदिर, नामदेव मन्दिर, तुलसा देवी मंदिर पंचमुखी सहित करीब सात मंदिरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू कराया है। इसमें मंदिर में एक गहरा बोरिंग करते हुए मंदिर की पीठ से उसको जोड़ा गया है, जिससे शिव लिंग पर अर्पित गंगाजल अब नाली में न जाकर बोरिंग के सहारे सीधे धरती के भू गर्भ में समा रहा है।

**अन्य कार्यों के बारे में**

मीनाक्षी स्वरूप ने सीएम योगी को शहर के विकास के लिए कुछ अन्य प्रमुख कार्यों के बारे में भी अवगत कराया, जिनमें मल्टीपरपच बिल्डिंग, मल्टी लेबल पार्किंग, शहर की चारों दिशाओं में भव्य प्रवेश द्वार और सफाई के लिए विशेष व्यवस्था शामिल हैं।

**सीएम योगी को भेंट'**

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और गौरव स्वरूप ने अयोध्या धाम की भव्यता को प्रदर्शित करता श्री रामलला मंदिर का एक प्रतीक चिन्ह सीएम योगी को भेंट किया।



मुजफ्फरनगर। सीएम योगी को राममंदिर भेंट करते गौरव स्वरूप और चेयरमेन मीनाक्षी स्वरूप

# मीरापुर में चोर बेखौफ, पुलिस बेपरवाह

**एक ही रात में दो बाइक चोरी, पीड़ित भटकते रहे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ही रात में दो अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की घटनाओं ने साफ कर दिया है कि चोर पूरी तरह बेखौफ हो चुके हैं और पुलिस सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है।

पहली घटना नमक मंडी स्थित काजी वाली गली की है, जहां रहने वाले नासिर पुत्र जमील अहमद की टीवीएस कम्पनी की बाइक अज्ञात चोरों ने सोमवार की देर रात उनके घर के बाहर से चोरी कर ली। नासिर फेरी का काम करता हैं और रोज की तरह बाइक को घर के सामने खड़ा किया था। सुबह जब आंख खुली तो बाइक गायब मिली। तलाश करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चला। दूसरी घटना भुम्मा रोड की है, जहां रहने वाले तोसीफ अनवर की हीरो स्पलेंडर बाइक देर रात चोरी हो गई। तोसीफ ने बताया कि रात को उन्होंने बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था, लेकिन सुबह देखा तो बाइक वहां नहीं थी। उन्होंने भी आसपास काफी तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। दोनों पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस की कार्रवाई सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित है।

# हम सभी से प्रेम करते हैं: डॉ. याकूब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** मंगलवार को दरगाहे आलिया बघरा में मोलाना डॉक्टर यासूब अब्बास , पूर्व राज्य मंत्री (उत्तर प्रदेश) ईसा रजा व अन्य ने जियारत की। मोलाना ने कहा कि हमारा देश विश्व कुटुम्बकम का पालन करता है। हम सभी से प्रेम करते है।

सभी का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में काम करना आवश्यक है। अनुसंधान और विकास पर पश्चिमी देशो की तर्ज पर जी डी पी में योगदान बढ़ाना होगा। पूर्व मंत्री ईसा रजा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करे। अधिक से अधिक पेड़ लगाए और पेड़ लगाने के लिए और लोगो को भी प्रोत्साहित करे। हाजी अनीस ने कहा कि बघरा का नाम बाग हरा था अर्थात यहां पर चारो ओर बाग ही बाग थे लेकिन विडम्बना देखिए आज जितने पेड़ कट रहे है उतने उग नही रहे है। इससे पर्यावरण का संतुलन नही हो। इस मौकेपर इंजीनियर आरिफ, नायाब सदर शराफत हुसैन, हाजी अनीस, मोहमद वारिस, अली बॉलर, शबी, आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोकदल ने रखा सदस्यता का लक्ष्य

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक. दल ने वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधाानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती के लिए हरेक विधाानसभा क्षेत्र में 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

पार्टी स्तर पर गत 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, जिसे अब और अधिाक जोरदार तरीके से चलाने पर जोर दिया गया है। स्थानीय सरकुलर रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय परिसर में मंगलवार को पार्टी संगठन की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में वद्राओं ने संगठन संबंधाी विषयों पर अपने विचार रखते हुए पार्टी के सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने पर गहन चिंतन किया। जिलाधयक्ष संदीप मलिक ने बताया कि आगामी 10 जून से विधाानसभा वार सदस्यता पंचायतें आयोजित की जाएंगी, जिसमें विभिन्न वर्गों और समूहों में पहुंचकर पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और विचारों से जनता को जोड़ा जाएगा। हर विधाानसभा क्षेत्र में 20-20 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। रालोद के संगठन प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य अभियान हस्तिनापुर प्रभारी अजीत राठी ने प्रदेश स्तर पर तय कार्यक्रमों की रूपरेखा बैठक में विस्तार से बताते हुए तय समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा। रालोद जिलाधयक्ष संदीप मलिक ने बताया कि सदस्यता अभियान आगामी अक्टूबर माह तक चलेगा। इसमें हरेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अधिाक से अधिाक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, जिससे कि आगामी विधाानसभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ पहुंचे।

# प्रशासन ने हटवाया मुझेडा में सरकारी भूमि से अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम मुझेडा सादात में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुझेडा बस स्टैंड के पास स्थित सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। यह जमीन खसरा संख्या 331 के अंतर्गत दर्ज है,

जो राजस्व अभिलेखों में सरक. ारी भूमि के रूप में अंकित है। गांव के ही स्वराज पुत्र किशनलाल व इसरार पुत्र अध्यूब आदि अन्य लोगों ने मिलकर इस जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था और लगभग एक हजार मीटर क्षेत्रफल में मिटी भरकर निर्माण की तैयारी शुरू कर दी थी। इस अवैध गतिविधि की सूचना कुछ जागरूक ग्रामीणों ने प्रशासन को दी, जिसके बाद उपजिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार विपिन



चौधरी, कानूनगो संजीव शर्मा, लेखपाल ओमवीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम के साथ जेसीबी मशीन भी मौजूद थी, जिससे अवैध निर्माण कार्य को तुरंत ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ भूमाफिया एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने पूरी कार्यवाही की रिपोर्ट उपजिलाधिकारी जानसठ जयेन्द्र कुमार को भेजने की बात कही है और बताया कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस तत्परता से ग्रामीणों में संतोष का माहौल है।

# मुख्यमंत्री के शुकतीर्थ आगमन को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा

**मोरना।** आगामी 11 जून को शुकतीर्थ स्थित समनदास जी महाराज के सत्संग के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा प्रस्तावित है। जिसको लेकर प्रशास. निक व पुलिस अधिकारी दर्जनों गाडियों के काफिले के साथ शुकतीर्थ पहुंचे तथा हैलीपैड, जनसभा स्थल, पार्किंग आदि स्थानों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के शुकतीर्थ आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

प्रसिद्ध तीर्थनगरी शुकतीर्थ में आगामी 11 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का समनदास जी महाराज के सत्संग में भाग लेने का कार्यक्रम संभावित है, जिसको लेकर मंगलवार को सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशबंधु, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम जानसठ जयेन्द्र सिंह, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ भोपा डॉ. रविशंकर मिश्रा, डीपीआरओ धर्मेन्द्र सिंह आदि के साथ शुकदेव आश्रम की हैलीपैड पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने हैलीपेड़ का निरीक्षण किया। इसके अलावा समनदास जी महाराज आश्रम, समाधि स्थल, जनसभा स्थल, भंडारा स्थल, पार्किंग, मुख्य मार्ग व मेले के स्थान का गहनता से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के अचानक दौरे को लेकर सभी विभाग अलर्ट हो गये हैं। नगरी में सैकडों कर्मचारी साफ सफाई में लगे हुए हैं। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार राणा, एसडीओ मोनी सिंह आदि मौजूद रहे।

## नए मिल के भूमि पूजन के लिए चीनी मिल मोरना में आ सकते हैं मुख्यमंत्री

क्षेत्र के किसान चीनी मिल मोरना के विस्तारीकरण की मांग वर्षों से उठाते आ रहे हैं, किन्तु अनेक बार घोषणाएं होने के बाद भी अभी तक इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने बताया कि 11 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समनदास जी महाराज के सत्संग में शिरकत करने के लिए शुकतीर्थ पहुंचेगे।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चीनी मिल मोरना के भीतर बने फार्म पर मुख्यमंत्री नए मिल का भूमि पूजन करते हुए जनसभा को सम्बोधित करेंगे। कार्यवाहक जीएम ए.के. संगवार ने बताया कि 275 करोड की लागत से 35000 टीडीसी की क्षमता के नए मिल की डीपीआर चीनी मिल संघ द्वारा शासन को भेजी गई है, जिसके चलते नए मिल के भूमि पूजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चीनी मिल मोरना में भी आ सकते हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के आगमन की अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।



11 जून को मुख्यमंत्री के आगमन को दृष्टिगत रख शुक्रताल में चेकिंग करते पुलिसकर्मी

# मयंक तायल ने जेईई एडवांस में पाई 831 रैंक

**मुजफ्पफरगनर।** परिक्रमा मार्ग स्थित न्यू हॉराइजन स्कूल में जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यालय के पूर्व छात्रों पुरस्ख्रत किया गया। विद्यालय के दो मेधाावी छात्रों ने जेईई एडवांस 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंक प्राप्त की है। प्रधाानाचार्या मीनाक्षी मित्तल ने बताया कि मयंक तायल ने ऑल इंडिया रैंक (एआइआर) 831 रैंक प्राप्त कर मुजफ्फरनगर जिले का नाम रोशन किया तथा विजय प्रताप सिंह ने (एआइआर) 2026 रैंक प्राप्त की है। दोनों ने विद्यालय, माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इन दोनों छात्रों ने कठिन परिश्रम, लगन, और निरंतर अभ्यास से यह सफलता प्राप्त की है।

# 200 किलो नकली पनीर हुआ बरामद

मुजफ्फरनगर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने दिलशाद मिल्क पनीर निर्माण इकाई पर छापा मारा। इस दौरान रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल के खाली कंटेनर मिले, जिसके बाद पूछताछ में दिलशाद ने पनीर निर्माण में इस तेल का प्रयोग करना स्वीकार किया।

**200 किलोग्राम पनीर विनष्ट**

टीम ने संदेहास्पद पनीर का एक नमूना संग्रहित कर अवशेष लगभग 200 किलोग्राम पनीर, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 52,000 रुपये है, को नियमानुसार विनष्ट करा दिया गया।

**सरसों के तेल का नमूना संग्रहित**

इसके अलावा, आनंदपुरी मुजफ्फरनगर स्थित ड/ त्यागी एक्सपेलर से पीयूष कुमार त्यागी से खाद्य पदार्थ सरसों के तेल का एक विधिक नमूना संग्रहित किया गया।

**अग्रिम कार्रवाई**

नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधि. नियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**टीम में शामिल रहे अधिकारी**

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार तथा मनोज कुमार सम्मिलित रहे। इस कार्रवाई का उद्देश्य आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराना है।

# माईनर मे पानी न आने से सूख रही फसलें, रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मीरापुर राजबाहे से निकली जड़वड़ माइनर की टेल तक पानी न पहुंचने से किसानों में रोष फैल रहा है ।

किसानों ने जनप्रतिनिधियों से भी सफाई कराने की मांग की है।एक सप्ताह बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर आंदोलन की चेतावनी दी है। किसानो के अनुसार वह माइनर की सफाई के लिए अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। मीरापुर राजबाहे से निकली जड़वड़ माइनर में अत्याधिक घास व झाड और मिटी सिल्ट आने के कारण पिछले दो महीनों से टेल पर पानी न पहुंचने से किसानों की मुख्य गन्ने की फसल सूखने के कगार पर खड़ी है।

किसानों ने माइनर सफाई के लिए कई बार विभाग के अधिका. रियों से गुहार लगा चुके हैं। मगर कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। किसान मेघराज ने बताया कि तेज गर्मी के मौसम में जब किसान को पानी नहीं मिलेगा। तो फसले सूख जायेगी।किसान ब्रहमसिंह ,ओमकार आर्य , राजेन्द्र कुमार, राहुल, प्रहलाद सिंह, ओमपाल, मेघराज सिंह,सुमित कुमार, ज्ञान प्रकाश ,ओमपाल , ब्रह्मपाल, ब्रजपाल,आदि किसानों ने रोष जताया है।

# भूमाफ़ियाओं की मिलीभगत से विकास प्राधिकरण ने नियमों को किया दरकिनार

**नाले पर पुलिया बनाकर किया कब्जा**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बा खतौली में बुढाना मार्ग बिजली घर के पीछे में भू-माफियाओं और अधिकारियों की साठगांठ से नियमों को ताक पर रखकर खसरा नम्बर 408 पर 80 बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनी काटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोप है कि विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से न केवल नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि कॉलोनी के पास बने सरकारी नाले पर भी कब्जा कर पुलिया डाल दी गई और कॉलोनी का निर्माण शुरू कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं डॉक्टर अथर और सभासद मनोज कुमार ने मंडलायुक्त सहारनपुर को शिकायती पत्रा भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में बताया गया कि पहले 30 बीघा जमीन का नक्शा पास कराने के लिए आवेदन किया गया। बाद में जब इस पर आपत्ति दर्ज की गई, तो संशोधित आवेदन में 8 बीघा जमीन का नक्शा पास कराने की कोशिश की गई। आरोप है कि पूरी 80 बीघा जमीन में एक तिहाई क्षेत्रा का कोई नक्शा पास नहीं कराया गया है और न ही विकास प्राधिकरण द्वारा कॉलोनी का कोई अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

## एससी समाज की जमीन पर भी अवैध कब्जा

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त 80 बीघा जमीन में अनुसूचित जाति समाज की भी जमीन शामिल है, जिस पर भी कॉलोनी काटी जा रही है। इससे न केवल सामाजिक अन्याय हो रहा है, बल्कि कानून का सीधा उल्लंघन भी है।

## ग्रीन लैंड को किया खुर्द-बुर्द

विकास प्राधिकरण द्वारा जारी नक्शे में नाले के दोनों ओर की जमीन ग्रीन लैंड के रूप में चिन्हित है, जिस पर किसी भी प्रकार का निर्माण वर्जित है। बावजूद इसके वहां अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## करोड़ों की बकाया राशि, फिर भी कार्रवाई नहीं

शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि भू-माफियाओं पर विकास प्राधिकरण की करोड़ों रुपये की बकाया राशि है, फिर भी प्राधिकरण आंखें मूंदे बैठा है। यह प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## मांग: मंडलायुक्त करें जांच, हो सख्त कार्रवाई

डॉ. अथर और सभासद मनोज कुमार ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर भू-माफियाओं और लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सके।

# खेत मे जली हालत में मिली युवती की लाश, फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र अंतर्गत गांव जड़वड़-कटिया के जंगल में राजबाहे के किनारे स्थित एक खेत में मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव जली हुई हालत मे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेतों में काम करने पहुंचे ग्रामीणों ने जब शव देखा, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, गांव कटिया निवासी किसान श्याम सिंह के खेत में यह शव मिला है। करीब 22 वर्षीय युवती का चेहरा पूरी तरह से झुलसा हुआ था, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के थानों में सूचना भेजकर युवती की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। साथ ही, घटनास्थल के आसपास के इलाके की तलाशी ली जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। थानाधयक्ष ककरौली जोगेन्द्र यादव ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मामला संदिग्धा है, जांच जारी है। इस सनसनीखेज घटना से इलाके में दहशत का माहौल है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की है।

## चोर ने रीयल में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एक्टिंग कर पीड़ितों को छकाया

**बुढ़ाना।** एक चोर ने लगातार दो दिन तक दो दुकानों में चोरी करके हजारों रुपये की नगदी साफ कर दी। तीसरे दिन घात लगाए बैठे दुकानदारों ने उक्त चोर को पकड़ लिया लेकिन चोर ने फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एक्टिंग कर सभी को छकाया और अपना पिंड छुड़ा लिया। हुआ यूं कि अज्ञात चोर ने 3 दिन पूर्व मौहल्ला मिर्दगान में स्थित 2 दुकानदारों के गल्ले से दिन में ही दुकानदारों की आंखों में धूल झोंककर हजारों रुपये की नगदी चुरा ली। तीसरे दिन चोर को दुकानदारों ने सीसीटीवी कैमरों के कारण पहचान कर रंगे हाथों पकड़ लिया तो चोर गिड़गिड़ाने लगा। दुकानदारों ने उससे उसका नाम पता पूछा तो वह उनको पुल पार स्थित बस्ती में ले गया और एक घर के सामने रुककर लोगों से बोला कि ये ही मेरा घर है। जब लोगों ने आवाज दी तो एक वृद्ध बाहर आया तो लोगों ने कहा कि तुम्हारे लड़के ने चोरी की है तो वृद्ध बोला ये मेरा बेटा नही है। तब चोर पर जिद पर अड गया।

# महाकाल लंगर सेवा के पांच वर्ष पूरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फफरगन।** महाकाल लंगर सेवा के 5 वर्ष निंविवाद पूरे हो गए। 28 मई 2020 को महेश बाटला ने अपने माता - पिता से भूखों को भोजन कराने की प्रेरणा लेकर महाकाल लंगर सेवा शुरु की। जिससे शहर के लगभग सभी प्रसिद्व समाजसेवी, व्यापारी, उधोगपति, राजनेता आदि जुड़ गए है। महाकाल लंगर सेवा ने कोविड़ के समय सरकार की साथ मिलकर मोदी व योगी के मिशन को पूरा किया। जो भी भूखा स्टेशन के माल गोदाम साईट पर आया उसे प्रतिदिन सांय 5 से 5रू30 तक भरपेट भोजन कराया। अनेकों यात्रियो, सन्तों, रोगियों के लिए भी पांच साल से निरन्तर महाक. ाल लंगर सेवा चल रही है। जो 29.05. 25 को छठे साल में प्रवेश कर गई। छठे साल की बेला पर सत्यप्रकाश रेशू भी महाकाल लंगर सेवा में पहुंचे। जो पहले भी समय-समय पर स्वयं व ओरों को महाकाल लंगर सेवा के लिए प्रेरित करते रहे। महाकाल लंगर सेवा में लंगर पाने को 2 मिनट प्रभु का नाम जपना होना है। उसके बाद गुरु वाणी का पाठ कराया जाता है। फिर सभी को लाइन में बैठाकर भोजन कराया जाता है। उलंगर सेवा में सरदार गुरजीत सिंह साहनी, अनिल बजाज, श्याम नारंग, सचिन खुराना, राजेश गोयल, हिमांशु बाटला शुरु से सेवादार का काम कर रहे है। महाकाल लंगर सेवा से कई बेसहारा परिवार रोटी, सब्जी, चावल, हलवा, ताहरी, खिचड़ी आदि बना कर परिवार का सकुशल पालन कर रहे है। लंगर सेवा करने वाली टीम कुछ विकलांग व वृद्ध लोगों को उनके रहने के स्थान पर भोजन पहुंचाकर आते है। लगभग 200 लोगों को प्रतिदिन गर्मी सर्दी-बरसात-बसंत में बिना रुके, बिना थके भोजन कराना ऑपरेशन सिंदूर जैसा है। भोजन करने आने वालो का कुछ काम करने की भी शिक्षा महाकाल लंगर सेवा के कार्यकर्ता देते रहते है। जिससे कई लंगर में भोजन करने वाले स्वयं स्वालंबी बन गए है। इस लंगर सेवा में पूर्व केन्द्रिय मन्त्री संजीव बालियान, प्रदेश के मन्त्री कपिल देव, सत्यप्रकाश रेशू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरुप, सतीश टीहरी, विशाल गर्ग , पंकज जैन, मुकेश खत्री, बिजेन्द्र गोयल, अनुराधा बंसल, विख्यात अग्रवाल आदि समय-समय पर सहयोग व उत्साहवर्धन का काम करते रहते है। शासन - प्रसाशन व मीडिया स्तर पर भी सभी बढ़-चढ़कर सहयोग करते है। कोई अपने जन्मदिन पर, कोई पूर्वजों की यादगार में, कोई शादी की वर्षगांठ पर या किसी अन्य उत्सव पर महाकाल लंगर सेवा के माध्यम से भूखों को भोजन कराने का काम करते रहते है।



महाकाल लंगर सेवा में निष्ठा भाव से सेवा करते हुए सत्यप्रकाश रेशू, सरदार गुरजीत सिंह साहनी व अन्य सेवादार।

# श्याम प्रेमियों ने की शीतल जल सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** बाबा श्याम जी व परम पूज्य महंत श्री ओमेन्द्र जी महाराज की कृपा व आशीर्वाद से ऑल इण्डिया रिपोर्टर एसोसिएशन के संरक्षक राजेन्द्र वर्मा,संतप्रसाद शर्मा, राजेन्द्र कुमार, रंजीत विसारिया, राघवेन्द्र सिंह,एसपी चौधरी तथा जिलाध्यक्ष सचिन सक्सेना के नेतृत्व में श्री श्याम जी मंदिर मनौना धाम के तोरण द्वार पर भक्तों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था की गई है।

शीतल जल की व्यवस्था तीन दिन जारी रहेगी।तीसरे दिन 05 जून को दशहरा के पावन अवसर पर शरवत का वितरण कराया जाएगा। शीतल जल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मनौना धाम के प्रबंधक आर्येद्र सिंह, चौहान,दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र वर्मा,आंवला कोतवाली के प्रभारी व इंस्पेक्टर अपराध प्रमोद कुमार सिंह,प्रबंधक मनौना धाम श्यामेन्द्र सिंह चौहान , ईएनआई चौनल व अखबार के तहसील प्रभारी संतप्रसाद शर्मा, हिंदुस्तान समाचार पत्र के तहसील प्रभारी राजेन्द्र कुमार सहित वरिष्ठ पत्रकार साथियों ने फीता काटकर किया।

इस दौरान ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन बदायूं के जिलाध्यक्ष वेदपाल सिंह कठेरिया, मानवेन्द्र सिंह चौहान, एसआई दुष्यंत गोस्वामी, एसआई पूजा गोस्वामी, कांस्टेबल प्रशांत मलिक, विधान केसरी अखबार के तहसील प्रभारी नगेन्द्र सक्सेना, संजीव कुमार सिंह उर्फ गब्बर, शिवेन्द्र सिंह, सीटू पाल, बबलू सागर,कुनाल आर्य, संजय राजपूत, धीरेन्द्र सिंह, नमन सक्सेना, टिल्लू सिंह, अभिषेक तोमर, अनन्त सक्सेना सहित पुलिस कर्मी, पत्रकार व मनौना धाम के सेवादार मौजूद रहे।

## त्यागी समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने बुढ़ाना क्षेत्रीय अध्यक्ष पुष्पेन त्यागी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। जिसमे बुढ़ाना ब्लॉक की टीम मौजूद रही। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से विपिन त्यागी अलीपुर अटेरना, रॉकी त्यागी, सिटू त्यागी, विकास त्यागी, रितिक त्यागी, अंकित त्यागी और कुलदीप त्यागी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे और इसमें अध्यक्ष द्वारा संगठन का विस्तार और समाज की एकता और युवा एकता और सामाजिक न्याय के लिए बात की गई और कहा गया कि जल्दी ही बुढ़ाना मे एक बड़ी पंचायत का आयोजन भी किया जायेगा।

# स्वदेशी अपनाने पर व्यापारियों ने दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फफरनगर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की एक बैठक कार्यालय भारतीय कॉलोनी पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विश्वदीप गोयल और संचालन महामंत्री राजकुमार रहेजा ने किया व्यापारी बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जिस कर्त्तव्यपरायणता के साथ आतंक वाद के खिलाफ पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। जिला अध्यक्ष विश्वदीप गोयल ने बताया की हम राष्ट भक्त व्यापारी समाज से है और व्यापारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है। व्यापारी समाज अपने उपभोक्ताओं से भी निवेदन करता है कि वह स्वदेशी को अपनाए और विद. ेशी निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार करें। राष्ट्रवाद प्रेरित निर्णय, पुरानी भूलो का सुधार ,आस्था को सम्मान, आतंक वाद, नक्सल वाद, अराजकता पर प्रभावी प्रहार, सुरक्षा का वातावरण आत्म बल में वृद्धि सब कुछ सुखद है। राष्ट्रीय हित के पोषक है। हमारा निर्णय पुनः भारत को सोने की चिड़िया एवं विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेगा। स्वदेशी ही अपनाएंगे,राष्ट्र हित में बाहर की वस्तुओं एवं संसाधनों का बहिष्कार करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से विश्वदीप गोयल राजकुमार रहेजा, दीपक शर्मा ,अमित धीमान, रॉबिन जैन, अरविंद गुप्ता, वेद प्रकाश, संजय अग्रवाल ,सचिन, रविंद्र तालियान ,संदीप पवार ,मुकुल मित्तल, अजय शर्मा, पुष्पेंद्र गौतम, बबलू सिंघल ,अरविंद कुमार ,सागर अरोड़ा पंडित मनसुख शर्मा, अखिल सिंघल, मनोज गुप्ता ,सुमित शर्मा ,राहुल पवार पुर्ला. कत अग्रवाल ,अश्वनी कुमार, हर्षित गर्ग एडवोकेट सचिन सिंघल नितिन , कपिल सिंधी हर्ष गुलाटी सुमित आदि सदस्य उपस्थित रहे




# रालोद के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष बने शकुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय लो. कदल के बुढ़ाना ब्लॉक के सक्रिय कार्यकर्ता बुढ़ाना क्षेत्र निवासी शकुल सहरावत को मंगलवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का राष्ट्रीय लोकदल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रालोद के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने उनसे विधानसभा अध्यक्ष का मनोनयन पत्र देकर पार्टी हित में कार्य करने की अपेक्षा की। इस मौके पर विधायक मिथलेश पाल, बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक, अनिल बालियान, अजीत राठी, सुरेंद्र सहरावत और अमित मलिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। शकुल सहरावत के रालोद बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष बनने पर परिजनों में खुशी की लहर है।



# सड़कों को क्षतिग्रस्त करने में लगा जल निगम

- बिजली कटौती से लोग हो गए हैं पूरे हलकान
- कटौती से पेयजल की भी समस्या: उमा त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कस्बे की कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखे हैं। बिजली कटौती की समस्या को लेकर ऊर्जा निगम के एक्सईएन से फोन पर वार्ता की। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने जल निगम द्वारा बुढ़ाना कस्बे की सड़कों को क्षतिग्रस्त किए जाने का मुद्दा उठाया और इस बाबत डीएम व जल निगम के प्रबंध निदेशक को भी पत्र भेजा है।



डीएम व जल निगम के प्रबंध निदेशक को लिखे पत्र में चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कहा है कि जल निगम नगरीय मुजफ्फरनगर द्वारा 1 वर्ष से इस निकाय में अमृत 2.0 पेयजल योजना के अन्तर्गत पेयजल पाईप लाईन बिछाये जाने का कार्य कराया जा रहा है। जल निगम द्वारा जो सडकें पाईप लाईन बिछाये जाने हेतु खोदी गई उनकी उचित प्रकार से मरम्मत भी नहीं कराई गई। सडकों को उखाडकर 2 माह तक बिना मरम्मत किए छोड दिया जाता है। इस पर पानी का छिडकाव भी नहीं कराया जाता जिनसे निकलने वाली धूल से जनता को कष्ट झेलना पड रहा है। सीसी सडकों की मरम्मत में 1.5 इंच से 2 इंच तक ही सीसी सामग्री डाली जा रही है। जिससे भारी वाहनो के गुजरने से सडकें जल्द क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

इन्टरलॉकिंग टाईल्स से युक्त सडकों की मरम्मत में निम्न श्रेणी की इन्टरलॉक टाईल्स का उपयोग किया जा रहा है जो कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त हो जाती है व नीचे धंस जाती है। सडकों की गुणवत्तापूर्वक मरम्मत न कराये जाने के कारण सडकों में पुनःग्ढ्ढे हो गए हैं व रास्तों पर चलना दुर्भर हो गया है। जिस कारण नगर पंचायत की छवि धूमिल हो रही है। इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा पूर्व में भी जल निगम के उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है परन्तु जल निगम के अधिकारी अपनी हठधर्मिता पर उतारु हैं। जनप्रतिनिधि होने के नाते कस्बावासियों के आक्रोश का सामना मुझे प्रतिदिन करना पडता है। जल निगम नगरीयः के उच्च अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध चेयरपर्सन ने किया है।

वहीं ऊर्जा निगम के एक्सईएन को लिखे पत्र में चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कहा है कि ग्रीष्म ऋतु में प्रातः समय में आपके विभाग द्वारा की जा रही विद्युत कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिस कारण बार-2 जनता के आक्रोश करना पड रहा है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी आपसे प्रातः समय 6 से 9 बजे में बिना किसी अति आवश्यक कारण शट डाउन न दिए जाने का आग्रह किया गया था परन्तु दिन में कई बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रीष्म ऋतु में प्रातः समय में पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से किया जाना नगर पंचायत की प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि बिना किसी अति आवश्यक कारण के शटडाउन न दिया जाए।

## बी.एस.सी. ( जीव विज्ञान व गणित ) का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**मुजफ्फरनगर।** बी.एस.सी. (विज्ञान) पंचम सेमेस्टर एस. डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य डा0 सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने इस उत्ख्रष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। बी.एस.सी. (जीवविज्ञान समूह) से रिया त्यागी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर तरूणा सोलंकी ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किये व अग्रता चौधरी व रचना ने संयुक्त रूप से 76 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. बी.एस.सी. (गणित समूह) से अना. मिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम प्रियांशी चौधरी ने 73 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा राहुल कुमार ने 71 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान पाप्त किया।

# प्रोटोटाइप मेकिंग कम्पटीशन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फफरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग में पूर्व विस्तारित प्राविधिक श्रृंखला के अंतर्गत 'आईआईसी-एसआरजीसी' द्वारा आज 'मिनी हैंड्स ऑन (ए प्रोटोटाइप मेकिंग कम्पीटीशन)' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रोटोटाइप का अर्थ है किसी तकनीक, सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर का एक प्रारम्भिक मॉडल, जो हैकथॉन में प्रतिभागियों द्वारा सीमित समय में बनाया जाता है, ताकि एक नये विचार या समाधान का परीक्षण और प्रदर्शन किया जा सके। हैकथॉन में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी न केवल उत्पाद और विचार बनाने पर धयान केन्द्रित करते हैं, बल्कि प्रायोजकों के साथ जुड़ते हैं।



इस तकनीकी कार्यक्रम का उद्देश्य इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के बीच स्टार्टअप व प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के इंजी. नियरिंग विभाग के विद्यार्थियों की 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी व अदिति को, द्वितीय पुरस्कार खुशी आर्या, कनक व सनी को तथा तृतीय पुरस्कार तुषार, ऋषभ व पारस को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर संस्था के निद. ेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धान करते हुए भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया गया। विभागाधयक्ष इं0 कनुप्रिया, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग के विभागाधयक्ष डॉ0 आशीष चौहान, सिविल इंजी0 के विभागाधयक्ष फिरोज अली एवं मैकेनिकल इंजी0 विभाग के विभागाधयक्ष पवन कुमार एवं प्रवक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना की गई।

# व्यापार मंडल की युवा इकाई का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फफरगनर।** व्यापारीयो की आवाज व्यापार मंडल रजिस्टर्ड मुजफ्फरनगर की युवा इकाई का हुआ विस्तार' जनार्दन विश्वकर्मा जिला महामंत्री और राजेश भाटिया जिला सह महामंत्री के' द्वारा संयुक्त रूप से जानकारी दी गई आज 'जिला अध्यक्ष शलभ गुप्ता जी की संस्तुति पर पर नगर युवा अध्यक्ष विनीत धीमान और नगर युवा महामंत्री वैभव त्यागी के प्रयासों' से 'कच्ची सड़क के सैकड़ो युवा व्यापारियों को व्यापार मंडल से जोड़ा' गया 'जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता' के द्वारा सभी व्यापारियों का माला पहनकर स्वागत किया गया व व्यापार मंडल के सर्टिफिकेट दिए गए! कच्ची सड़क का युवा इकाई अध्यक्ष दीपक कुमार पाल,इकाई महामंत्री डॉक्टर कुंवर पाल होम्योपैथिक स्टोर यश कुमार पाल इकाई सह महामंत्री, इकाई उपाध्यक्ष सोराज कश्यप,सौरभ पाल् कोषाध्यक्ष, उदय पाल सहकोषाध्यक्ष, अमित शर्मा, सदस्य, नवनीत कुमार वर्मा सदस्य, रजत कुमार पाल् को इकाई मै सदस्य बनाया गया तथा लकी कुमार को मैन युवा कमेटी मै नगर युवा महामंत्री, शिवा कश्यप को सह उपाध्यक्ष के पद से नवाजा गया!' जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता' द्वारा नव नियुक्त सभी पदाधिकारियो का व्यापार मंडल मै स्वागत किया और कहा की युवा देश की रीढ़ की हड्डी होती है जो देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने मै बड़ा योगदान करते है आने वाली 9 जून को हमारे व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल रजिस्टर्ड व्यापार मंडल के 4 वर्ष पूरे हो रहे है जिस उपलक्ष मै सदर बाजार मै बाबा नीम करोली जी महाराज के आशीर्वाद से विशाल् रक्तदान शिविर,एवं जूस का निशुल्क वितरण का आयोजन किया जा रहा है।



## बीच सड़क पर 2 युवतियों की दो युवकों ने की पिटाई

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर बीती सोमवार की सायं के समय एक कार में सवार 2 युवकों ने बीच सड़क पर स्कूटी सवार 2 युवतियों के साथ मामूली सी बात पर मारपीट कर दी।

इस घटना की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी ऐसी खबर भी है। बुढाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को हिरासत में लेते हुए पूरे मामले की जांच शुरु कर आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी शुरु कर दी। दरअसल बीते कल बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर दो युवतियों से स्कूटी की साइड कार को लगने के बाद विवाद शुरू हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि कार सवार दोनो युवकों ने दोनों युवतियों पर हमला कर दिया और उन्हें जमकर पीटा। स्थानीय लोगों ने इस घटना को देखकर तुरंत हस्तक्षेप करते हुए दोनों युवतियों को दोनों हमलावरों से बचाया।

गुस्साए लोगों ने आरोपी युवकों को पकड़कर मौके पर आई बुढाना पुलिस के हवाले कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी शुरु कर दी थी।

# फीता काट कर किया गया गंगा स्नान मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले का विधिवत शुभारंभ शाम के समय फीता काटकर तथा मां गंगा की महाआरती के साथ किया गया।जय जय गंगे हर हर गंगे के जयघोष के बीच मंत्रोच्चार के साथ गंगा माँ की पूजा अर्चना की गयी तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

आरती में साधु सन्तों, जनप्रति. निधियों, अधिकारियों सहित भाजपा नेताओं व गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पोराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे गंगा घाट पर मंगलवार की शाम मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमे गंगा मैया में दुग्ध, शहद, घी,जल का अर्पण कर पूजा की गयी।साथ ही गंगा घाट पर फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से शुकदेव आश्रम के अधीष्ठा स्वामी ओमानन्द महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल, विधायक मिथलेश पाल, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी पवन गोयल, उपजिलाधिकारी जानसठ जयेंन्द्र सिंह, सी एम ओ डॉ. सुनील तेवतिया, सी ओ रवि शंकर मिश्रा, एस एच ओ ओमप्रकाश सिंह,डॉ. अमित ठाकरान,मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, रामकुमार शर्मा, चौ. बृजवीर सिंह, अजय कृष्ण शास्त्री, सत्यप्रकाश रेशु,डॉ.महकार सिंह,पंकज महेश्वरी, ,प्रदीप निर्वाल, विनोद शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, अक्षय शर्मा,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रणव तेवतिया, कैप्टन सुधीश, रविन्द्र वाल्मीकि,भूपेन्द्र वाल्मीकि,चौकी प्रभारी रणवीर सिंह, राजकुमार प्रधान,डॉ.संजू शर्मा, नीरज रॉयल, डॉ. वीरपाल सहरावत, कंव. रपाल सिंहआदि उपस्थित रहे।



## छत फाड़कर शराब ठेके से नकदी चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार

**ककरौली।** जनपद उधाम सिंह नगर निवासी मंदीप ने बीते सप्ताह ककरौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका देशी शराब का ठेका खुजेडा के पास है। ठेके पर ठंढेडा निवासी चेतन सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। पीड़ित ने बताया कि बीते 25 मई की देर शाम को सेल्समैन ठेका बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह को वह जब ठेके पर पहुंचा तो अज्ञात चोरों ने ठेके की छत फाड़कर गल्ले में रखे 85000 चुरा लिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक ककरोली जोगिंद्र सिंह ने बताया कि गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम खुजेडा में रामप्रसाद की टड्बवेल के पीछे शुभम चौहान निवासी ग्राम ढांसरी व चेतन सिंह निवासी ग्राम टन्ढेडा को गिरफ्तार कर लिया।

# दुकानदार की बेटी ने भरी लगन के पंखों से उड़ान

**पुरकाजी।** खामपुर गांव के छोटे दुकानदार की बेटी शिवानी राममूर्ति ने अपनी प्रतिभा और लगन के पंखों से उडान भरी है और कडी मेहनत के बूते एमबीबीएस व एमडी करने बाद नीट एसएस की परिक्षा पास कर अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है। दोनों बेटे ललित व गौरव भी एमबीबीएस पास करने के बाद नीट पीजी परीक्षा की तैयारी कर रहे है।

अनूसूचित वर्ग के भोपाल राममूर्ति व उसकी पत्नी सुनिता के यहां दो बेटियों प्रीति, शिवानी व दो बेटों ललित व गौरव ने जन्म लिया। दम्पति ने बेटियों व बेटी में कोई फर्क नही समझते हुए सभी को बेहतर शिक्षा दिलाकर कामयाब बनाने की ठानी। छोटी बेटी शिवानी बचपन से ही डॉक्टर बनकर देश सेवा करना चाहती थी। वर्ष 2009 में अमृत इंटर कालेज रोहाना से हाईस्कूल एवं वर्ष 2011 में यही से इंटरमीडिएट किया। इसके बाद एक वर्ष तक जूम इंस्टीट्यूट मुजफ्फरनगर में कोंचिग करने के बाद शिवानी ने महामाया मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर से एमबीबीएस पास की। नीट की परिक्षा पास करने के बाद 2020 में लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कालेज में एमडी में उसका दाखिला हो गया। 2023 में एमडी पास कर वह नीट एसएस की परीक्षा की तैयारियों में जुट गई।



ओर दिन-रात मेहनत करने लगी। 30 मार्च 2024 को उसने परीक्षा दी, और 26 अप्रैल 2025 को रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें उसने आल इंडिया में 1100 रैंक प्राप्त की। 30 जनवरी 2025 को उसकी शादी दिल्ली के डा. अंकुर कुमार के साथ हुई थी। सोमवार को वह पति के साथ खामपुर पहुंची, जहां पर स्वजन ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान दादा रामसिंह, दादी मूर्ति देवी, पिता भोपाल राममूर्ति, चाचा संदीप राममूर्ति मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव सभासद राजीव शर्मा ने पास कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज बोर्ड बैठक में कृष्णापुरी के भाजपा सभासद राजीव शर्मा का टाउन हॉल के बाहर बने मंडप में भगवान परशुराम की भव्यप्रतिमा की लगानें संबंधी प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। गौरतलब है कि ब्राहम्ण समाज की ओर से यह मांग लंबे समय से की जा रही थी, और इसके लिए सभासद राजीव शर्मा भी सक्रिय थे आज प्रस्ताव पारित करा कर उन्होंने समाज का दिल जीत लिया तय किया गया कि महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा स्थापना हेतु टाउन हॉल के बाहर ही नया मंडप बनाया जाएगा जिसकी अनुमति भी शासन से प्राप्त हो गई है।

# युवा शिवसेना में नयों को मिली जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 3 जून शिवसेना के युवा जिला हेमंत शर्मा ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए निकुंज चौहान को जिला महासचिव अभिषेक शर्मा को जिला संगठन मंत्री दीपक धीमन को जिला सचिव विवान चौधरी को जिला मीडिया प्रभारी में गौरव शर्मा को जिला सोशल मीडिया प्रभारी घोषित करते हुए कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शिवसेना प्रमुख माननीय एकनाथ शिंदे जी के विचारों को जन-जन तक फैलने का कार्य करें , शिवसेना मंडल प्रमुख शरद कपूर क्रांतिसेना के महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान व युवा शिवसेना युवा जिला अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने संयुक्त रूप से उनके पदों की घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही ग्रामीण क्षेत्र से युवाओं को शामिल कर जिला कार्यकारिणी का पूर्ण विस्तार किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना से युवा वर्ग दिन प्रतिदिन जुड़ रहा है जिससे शिवसेना के परिवार में लगातार इजाफा हो रहा है जिससे कुछ कुंठित मानसिकता के लोग बौखलाए हुए हैं और फर्जी सोशल आई डी बनाकर पार्टी व पार्टी पदाधिकारीयो के प्रति अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है शीघ्र ऐसे फर्जी आईडी चलाने वालों के नाम सार्वजनिक होने वाले हैं,

**रॉयल कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड हायर स्टडीज**
निकट-परासौली पुलिस चौकी, नीमखेड़ी रोड, जौला (मुजफ्फरनगर)
बी.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान व इतिहास) एवं बी. कॉम. पाठ्यक्रमो के सभी विषयों में शिक्षको व महाविद्यालय के प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान विश्वविद्यालय एवं UGC मानकनुसार।
Mob-:7500242400
Email: rcehsm@gmail.com

# गंगा दशहरा स्नान मेले को लेकर श्रद्धालुओं का तीर्थनगरी पहुंचना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत के तत्वाधान में आयोजित ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला में श्रद्धालुओं का पहुं. चना शुरू हो गया है। विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु कार व बसों में सवार होकर मेले में पहुंच रहे हैं। सुरक्षा के लिए नगरी में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है, जबकि मुख्य स्नान 5 जून को होगा। मेले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में आयोजित ज्येष्ठ गंगा स्नान मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। मंगलवार को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अनेक श्रद्धालु तीर्थनगरी में पहुंचे। श्रद्धालुओं के आगमन से पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया हैं और मुख्य मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए बैरियर पर पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई है। मंगलवार को सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशबंधु, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम जयेन्द्र सिंह ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम जयेन्द्र सिंह ने बताया कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सफाई व्यवस्था को लेकर नगरी में अनेक कर्मचारी जुटे हुए हैं। नगर पंचायत भोकरहेडी, जानसठ, मीरापुर आदि



का सहयोग लिया जा रहा है। वहीं अलग अलग विभागों के कर्मचारियों को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी कार्यों का स्थलीय तथा गहनता से निरीक्षण किया जा रहा है। मंगलवार को नगरी के मुख्य मार्ग, मुख्य गंगा घाट, नक्षत्र वाटिका आदि स्थानों पर पुलिस द्वारा डॉग स्क्वॉयड के साथ चौकिंग अभियान चलाया। सीओ भोपा डॉ. रविशंकर मिश्रा ने बताया कि मेले के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। नगरी के विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर पुलिसकर्मियों की डड्रूटी लगाई गई है। इस दौरान तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, गंगा सेवा समिति के महामंत्री डॉ. महकार सिंह, मैनेजर देंवेंद्र आर्य, सुरेंद्र सिंह, लेखपाल प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

## मीना बाजार में सजने लगी हैं दुकानें

शुकतीर्थ मेले में मीना बाजार महिलाओं व बच्चों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है, जिसमें महिलाएं व बच्चे जमकर खरीदारी करते हैं तथा चाट, आईसक्रीम व फास्ट फूड का आनन्द लेते हैं। मीना बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी है।

# सक्षम ने दोहरी जीत से बढ़ाया गांव का मान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गांव मकसूदाबाद निवासी छात्रा सक्षम ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से गांव व क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। सक्षम ने 9 से 11 मई तक उत्तराखंड और ऋषिकेश में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में यू-17 आयु वर्ग व 48 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके बाद भी सक्षम ने अपनी मेहनत को जारी रखा और 1 जून 2025 को संपन्न हुई इंटर स्टेट मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में 52 किग्रा भार वर्ग में फिर से गोल्ड मेडल जीतकर गांव और क्षेत्र को गौरवान्वित किया। सक्षम श्रीराम पब्लिक स्कूल, लाडपुर का छात्रा है। स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक एवं शिक्षकों ने उसका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

वहीं गांव में जब वह वापस लौटा तो लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। सक्षम की इस दोहरी सफलता पर गांव में जश्न का माहौल है। लोग उसके घर पहुंचकर उसे व उसके माता-पिता को बधाई दे रहे हैं। सक्षम के माता-पिता अपने बेटे की इस उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। गांव के युवाओं में सक्षम की इस जीत से प्रेरणा का संचार हुआ है और खेलों के प्रति रुझान बढ़ता दिख रहा है।



# रुठों को दोबारा मानने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष फिर बैरंग लौटे

**बुढ़ाना।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया व उपाध्यक्ष डाक्टर मुर्तुजा सलमानी पूर्व कांग्रेसी डाक्टर जावेद उस्मानी के आवास पर फिर दोबारा पहुंचे और उन्हें बताया कि वे उन्हें फिर कांग्रेस में शामिल कराने आए हैं।

यहां डाक्टर जावेद उस्मानी ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया और बताया कि उनका कांग्रेस छोड़ने का असली कारण ये है कि कांग्रेस पार्टी में मेहनती कार्यकर्ताओं की कोई कद्र नहीं। जिले में बैठे लोग किसी भी गरीब वर्ग की समस्या को प्रमुखता से नहीं उठाते। उच्चाधिकारियों से समस्या के समाधानÞ को लेकर नहीं मिलते पार्टी को जमींदोज करने का काम करते हैं। इलेक्शन में गैर कांग्रेसी उम्मीदवार को वोट देते हैं दिलवाते हैं। जिस पर उन्होने डाक्टर जावेद उस्मानी को बताया कि उनके जिलाध्यक्ष बनने के बाद ऐसा कुछ



नहीं है। मेरी प्राथमिकता सभी को साथ लेकर चलने की रही है।

आज में अपने पुराने सभी साथियों को सभी गिले शिकवे मिटाकर अपने साथ लेने आया हूं। जिसमें उस्मानी ने कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने के बाद ही कांग्रेस में आने की बात कही। फिलहाल उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को बैरंग लौटाया है जबकि जिलाध्यक्ष का कहना है कि डाक्टर जावेद जल्द ही कांग्रेस में वापसी करेंगे। यहां डाक्टर जावेद उस्मानी, मुखिया सलीम राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर गफूर, इकबाल मलिक, असलम मंसूरी, सलीम दभेडी, इसरार, हकीमुद्दीन सांझक, लोकेश आदि मौजूद थे।

# खुले में न करें कुर्बानी: सोलंकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ईद उल अजहा त्यौहार के मौके पर शांन्ति समिति की बैठक में सीओ अफजलगढ़ ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाएं। खुले में कुर्बानी करने और सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो डालने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



कोतवाली प्रांगण में ईद उल अजहा के त्यौहार के मद्देनजर शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद और सीओ राजेश कुमार सोलंकी ने त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कुर्बानी को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। जिसमें विशेष तौर से खुले में कुर्बानी न करने, सड़कों पर अवशेष न डालने और कुर्बानी की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करने की सलाह दी गई।

नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद ने कहा कि सभी समाज के लोग गंगा-जमुनी तहजीब के साथ त्योहार मनाएं। सीओ ने मुस्लिम समाज से अपील की कि वे त्योहार मनाते समय अन्य धर्म के लोगों का भी ध्यान रखें। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

बैठक में थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह तथा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह बंजारा, चेयरपर्सन सलीम अंसारी, भूतपूर्व पालिका अध्यक्ष नफीस अहमद कुरैशी, मौलाना मुख्तयार, मुफ्ती सईदुर्रहमान, कैलाश प्रधान सहित नगर सभासद व ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र के हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान को हुआ 12 लाख का नुकसान

**खतौली।** ग्राम बुआड़ा कला के प्रगतिशील किसान दयानंद सैनी के साथ बड़ी साजिश सामने आई है। राज्य स्तर पर संरक्षित खेती में पुरस्कार प्राप्त कर चुके किसान दयानंद सैनी की 15 बीघा खेत में लगी करेला और खीरे की फसल को अज्ञात लोगों द्वारा जानबूझकर नष्ट कर दिया गया। आरोप है कि खेत में किसी ने खरपतवार नाशक रसायन का छिड़काव कर दिया, जिससे पूरी फसल सूख गई। इस घटना से किसान को लगभग 12 लाख का नुकसान हुआ है। दयानंद सैनी, जो सरकार द्वारा प्रोत्साहित पोली हाउस एवं संरक्षित खेती के माधयम से आधुनिक कृषि कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि जब वे अपने खेत में फसल का जायजा लेने पहुंचे तो उन्हें फसल मुरझाई हुई नजर आई। उन्होंने तत्काल कृषि विशेषज्ञों और पेस्टिसाइड विक्रेताओं से संपर्क कर स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की। फसल की हालत देखने के बाद विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि फसल पर खरपतवार नाशक का छिड़काव किया गया है। फसल की यह स्थिति देख किसान फूट-फूट कर रो पड़ा। उनका कहना है कि इस खेत से ही उनका और उनके परिवार का गुजर-बसर होता है, और यह घटना उनके जीवन पर भारी आर्थिक संकट बनकर टूटी है। दयानंद सैनी ने प्रशासन से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से आर्थिक सहायता की भी अपील की है ताकि वह दोबारा से अपनी खेती शुरू कर सकें। प्रगतिशील किसान हौं दयानंद सैनी को राज्य सरकार द्वारा संरक्षित खेती में उत्खृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अपने खेतों में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर अन्य किसानों को भी प्रेरित किया है। इस तरह की घटना से न केवल उन्हें बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों का मनोबल टूटने की आशंका है।

### कांग्रेसी रघुनंदन त्यागी ने मैडिकल स्टोर का किया उद्घाटन

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के लुहसाना रोड पर पुराने बिजलीघर के पीछे स्थान शफी मेडिकल स्टोर का शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के राष्ट्रीय महासचिव रघुनंदन त्यागी ने दर्जनों गणमान्य लोगों की मौजूदगी मे अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। उन्होने मेडिकल स्टोर के आनर मुजक्किर सिद्दीकी के उज्जव्वल भविष्य की कामना ईश्वर से की। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से एडवोकेट जाकिर अली, सुभाष चंद्र सैनी, तौसीफ सिद्दीकी, शहजाद सिद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, मुजम्मिल सिद्दीकी, अनस अहमद, अफ़नान कुरैशी, सादिक अहमद, शोएब अहमद, आरिश सैफी, कासिफ़ सलमानी, सलीम सलमानी, राशिद अहमद, उजैर अहमद, जैद अहमद और फ़ैज़ अहमद सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। स्टोर के आनर मुजक्किर सिद्दीकी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य नमस्कार-ऊर्जा और एकाग्रता की मनमाहेक प्रस्तुतियां

**खतौली।** स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन (पी0जी0) कॉलेज, खतौली में शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 01 जून 2025 से 21 जून 2025 तक कार्यक्रमों के अन्तर्गत मंगलवार को बी0सी0ए0 विभाग में ''सूर्य नमस्कार-ऊर्जा और एक्रगता का प्रतीक के अन्तर्गत सूर्य नमस्कार कि मनमाहेक प्रस्तुतियां बी0सी0ए0 विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा दी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ बी0सी0ए0 विभाग की छात्रा रेनू द्वारा राष्ट्रगीत वंदेमातरम गीत की प्रस्तुति से हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या रीना ने छात्रा एवं छात्राओं की प्रस्तुति की भूरि-भूति प्रशंसा की एवं योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सूर्य नमस्कार किस प्रकार आरोग्य पूर्ण जीवन दे सकता है इस पर भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी0सी0ए0 विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विकास जैन का विशेष सहयोग रहा। बी0सी0ए0 विभाग के विभागाध्यक्ष आशीष जैन ने मंच का संचालन किया और सूर्य नमस्कार एवं योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार सम्पूर्ण योग अभ्यास है जिसमें 12 शारीरिक मूद्राएं होती है जिसके करने से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन आता है। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 संजीव कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ0 नेमचंद जैन, डॉ0 शिवानी चौधरी, राहुल माहेश्वरी, डॉ0 पूजा पुण्डीर, मुकुल कुमार, सुधीर कुमार, शकुन्तला एवं सुदेश कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### दहेजलोभियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** नव विवाहिता खुशबू उस्मानी पुत्री दिलशाद अहमद निवासी मौहल्ला खाकरोबान ने बीते वर्ष पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी शादी पिछले साल 29 अक्टूबर को इरशाद पुत्र सईद उस्मानी निवासी ग्राम मंदवाडा के साथ सम्पन्न हुई थी। उसके माता पिता ने उसकी शादी में अपनी हैसियत से अधिक 5 लाख रूपये से भी ज्यादा खर्च किये थे। जिसमे फर्नीचर, सोने व चाँदी के जेवरातÞ और कपडा आदि सामान दिया था। बीती 16 दिसम्बर को उसके साथ पति इरशाद पुत्र सईद, देवर-जेठ दिलशाद और मुरसलीन व सास शकीना ने मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया और कहने लगे कि अपने घर से 1 लाख रूपये नगद एवं एक मोटर साईकिल लाकर दो अन्यथा हम तुझे जान से मार देंगे। उसने अपने घर आकर सारी बाते अपने माता पिता को बतायी तो पीड़िता ने पुलिस को इस संबंध में बताया तो पुलिस ने पति समेत सब आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

# लाल दयाल स्कूल 1 जुलाई से नए सत्र के साथ होगा पुन: आरंभ

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। लाल दयाल पब्लिक स्कूल 1 जुलाई से एक बार फिर विद्यार्थियों के लिए अपने द्वार खोलेगा। सोमवार को स्कूल के संस्थापक और नए प्रिंसिपल राकेश सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए सत्र की शुरुआत पूरी तरह नए स्टाफ और आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ की जाएगी।

प्रिंसिपल राकेश सिन्हा, जिन्हें शिक्षा क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव है, ने भरोसा दिलाया कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने खासतौर पर मोबाइल की लत को बच्चों की पढ़ाई में सबसे बड़ी बाधा बताया और कहा कि बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों और सीमित उपयोग के लाभों की जानकारी दी जाएगी। प्रेस वार्ता में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूल में सुरक्षा और अनुशासन को प्राथमिकता दी जाएगी। अभिभावकों की चिंताओं को दूर करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों के भविष्य और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि 19 मई को स्कूल घोटाले के विवाद को लेकर स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा पर स्कूल स्टाफ द्वारा जानलेवा हमला किया गया था, जिसके बाद स्कूल की स्थिति को लेकर अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी।

इसी स्थिति को स्पष्ट करने और भ्रम दूर करने के लिए प्रेस वार्ता आयोजित की गई। अंत में प्रिंसिपल सिन्हा ने कहा कि आने वाला शैक्षणिक सत्र छात्रों के लिए एक नई दिशा और बेहतर भविष्य की ओर कदम होगा।



उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ स्पोर्ट पर भी ध्यान दिया जाएगा जिसके लिए पीटीआई के रूप में संजीव कुमार को तैनात किया जाएगा जो कि बच्चों के लिए नए आधु. निक गेम खिलाये जाएंगे, यही नही नए सत्र की शुरुवात के साथ लाल दयाल पब्लिक स्कूल में 10 मीटर तक कि शूटिंग रेंज क्लास भी शुरू की जाएगी। प्रेस वार्ता में स्कूल संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा, प्रिंसिपल राकेश सिन्हा, योगेंद्र धीमान लैब इंचार्ज, फिजिकल टीचर संजीव कुमार, विकास मोतला आदि मौजूद रहे।

# सरकार की गाइडलाइन का ख्याल कर मनाएं ईद

**बुढ़ाना।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद तहसील बुढाना की एक बैठक मस्जिद हमजा कर्बला रोड बुढ़ाना पर हुई। जिसकी अध्यक्षता हाफिज शेरदीन व नेतृत्व मुफ्ती आजाद ने किया। कारी मुहम्मद अकील ने नात नबी व मुहम्मद साद ने तिलावत की।

बैठक में हाफिज शेरदीन ने बताया कि जमीयत उलेमा-ए-हिन्द तहसील बुढ़ाना आप हजरात को ईद उल अज़्हा की मुबारकबाद पेश करती है और आपसे खास अपील करती है कि 7 जून को ईद उल अज़्हा का त्यौहार है। जिसमे 9 जून तक कुरबानी का अमल होगा। हम सबको कुरबानी के अमल को बडी अहतियात से करना है। प्रति. बंधित जानवरों की कुर्बानी नही करनी है। जानवरों को कुर्बानी करते समय पर्दे मे रक्खें। जानवरों की कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर न डालें। साफ सफाई का पूरा ख्याल रक्खें। गन्दगी न होने दें। कुर्बानी के बाद बचे पार्ट जमीन मे दबा दें।

मीट को गरीब यतीम बेवाओं को बांटते वक्त पर्दे मे लेकर जायें। सरकार की गाईडलाइन का ख्याल रखकर प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में हाफिज शेरदीन सदर जमीयत तहसील बुढ़ाना, मुफ्ती जाहिद हबीबपुर सीकरी नायब सदर तहसील, मौलाना मुहम्मद उस्मान विज्ञाना सचिव तहसील, मौलाना सनोबर जोगियाखेडा कोषाध्यक्ष तहसील, हाजी हसीन आढती मैम्बर, मुफ्ती मुहम्मद आजाद जौला महासचिव तहसील, मुफ्ती निशात दभेडी सचिव तहसील, मौलाना मुहम्मद खालिद नायब सदर तहसील व कारी अहमद परासौली नायब सदर जमीयत तहसील आदि सदस्य पदा. धिकारी मौजूद रहे।

# छात्रों के दो गुटों मे जमकर मारपीट

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे बिजनौर बस स्टेण्ड पर मंगलवार की दोपहर आधा दर्जन छात्र कहासुनी के बाद आपस मे भिड़ गये। दोनो ओर से लात घूंसे व पेंट की बेल्ट चलने लगी। एक गुट मे तीन युवक व दूसरे गुट मे दो युवक मारपीट करते कैमरे मे कैद हो गये। मारपीट के दौरान सेंकड़ो राहगीरों की भीड़ मौके पर इकठा हो गयी। मारपीट मे एक युवक गौरव कुमार निवासी गांव अथाई लहूलुहान हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस को देख कुछ युवक फरार हो गये।थाने पहुंचे गौरव को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गौरव ने बताया की वह पेट्रोल पम्प के पास मार्केट मे स्थित कोचिंग सेंटर पर कोो. चंग लेता है जहां अन्य युवक भी क्लास मे आते हैँ। मामूली कहासुनी के बाद ककरौली व करहेड़ा निवासी युवक ने उसको मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस घटना की जांच मे जुट गयी है।

# गेट मुद्दे पर पालिका की आलोचना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्पफरनगर।** एकता विहार कॉलोनी मैं बन रहा अवैध गेट के समर्थन में आई भाजपा प्रत्याशी मौजूदा अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप माननीय बाबा योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में अवैध अतिक्रमणों को हटाया जा रहा है और जनपद मुजफ्फरनगर में भाजपा सरकार की नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा अवैध अतिक्रमणों को बढ़ावा दिया जा रहा है, यह कुछ प्रत्याशी भाजपा सरकार को वह माननीय योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री जी को बदनाम करने का खुलेआम , खुले मन से काम कर रहे हैं जिससे भाजपा सरकार की छवी धूमिल हो रही है इसको लेकर एकता विहार कॉलोनी वासियों में भारी नाराजगी है एकता विहार कॉलोनी वासियों ने भाकियु तोमर के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर से मदद की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की जिसको लेकर एकता विहार की अधिक से अधिक कॉलोनी वासियों की गुजारिश के बाद युवा प्रदेश अंकित गुर्जर ने भाजपा विरोधी अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के यहां दिनांक 4 जून 2025 को उनके आवास पर टेंट लगाकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करने की योजना बनाई और जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक मौजूदा अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के नई मंडी आवास पर शांतिप्रिय धरना चलता रहेग।

# आचार्य प्रसन्न सागर का शाहपुर में भव्य स्वागत

**शाहपुर।** जैनाचार्य अन्तर्मना श्री प्रसन्न सागर महाराज का ससंघ कस्बे मे बैंड बाजो से भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य श्री की जगह जगह मंगल आरती व पाद प्रक्षालन कर स्वागत किया। मुनि जी सोहंजनी गांव स्थित राखी पब्लिक स्कूल से पद विहार कर कस्बे के मंगलापुरी मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला मे भव्य मंगल प्रवेश किया। इस दौरान कस्बे के सर्व समाज के लोग मौजूद रहे। आचार्य श्री ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम 28 वर्ष पूर्व इस कस्बे मे आए थे परन्तु आज 28 वर्ष बाद फिर से शाहपुर मे आने का संयोग बना। उन्होंने कहा कि शाहपुर वासियों की भक्ति का रूप देख कर आज मन हर्षित हो गया। हर वर्ग हर समाज का व्यक्ति हमारे विहार मे कदम से कदम मिलाकर चल रहा था। उन्होंने कहा कि हम समाज को यही संदेश देना चाहते है कि हमेशा हमे साथ मिलकर चलना है। एक दूसरे का सहयोग करे। संतो का हमेशा समाज को दशा और दिशा देने का काम होता है समाज के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान संत अपने ज्ञान के द्वारा करते हैं उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढघ नशे की ओर अग्रसर हो रही है।यह समाज के लिए दुर्भाग्य की बात है उन्होंने कहा कि आजकल बाजार में फास्ट फूड बहुत ज्यादा बिक रहा है अच्छे परिवारों को इस फास्ट फूड से बचना चाहिए। यह फास्ट फूड केवल और केवल शरीर को बीमार करता है उन्होंने कहा कि संतो के आगमन पर जिस प्रकार समाज एकत्र होता है ठीक इसी प्रकार समाज से बिखराव दुर कर समाज को एक सूत्र में बंध कर रहना चाहिए। धर्म सभा में समाज के बडÞे बुजुर्ग युवा स्त्री पुरुष सभी धर्म प्रेमी मौजूद रहे। संतो के नगर आगमन के दौरान पुलिस व्यवस्था के साथ-साथ नगर पंचायत द्वारा नगर को कली चूना डालकर एवं रंगोली बनाकर सजाया गया।



# मुस्लिम वार्डों की उपेक्षा पर पालिका में धरना

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय नौजवान जनता दल के कार्यकर्ताओं ने मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष विनोद टांगरी के नेतृत्व मे नगर पालि. का मुज़फ्फरनगर में शांतिपूर्ण धरना दिया और केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान से मुलाकात भी की

सुमित खेड़ा ने बताया की चुनाव शुरू होने से पहले चुनाव लड़ने वाले जनता का बेवकूफ बनाते हैं और शहर को पेरिस बनाने की बात करते हैं लेकिन अफसोस की चुनाव जीते ही यह सब कुछ भूल जाते हैं और ए सी में बैठ जाते हैं सारे शहर में गंदगी भरी पड़ी है बिना बारिश के नालों में से पानी बाहर आ रहा है आखिर इतने टैक्स वसूलने के बाद भी नगर पालिका शहर को साफ क्यों नहीं रख पा रहीधरने के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अनूप सिंह से पूरे शहर की कूड़े से भारी जगह का जिक्र किया उन्होंने बताया कि कई वार्ड ऐसे हैं जहां कर्मचारी होते हुए भी झाड़ू भी नहीं लगती



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ साजिद अली ने भी नगर पालिका पर सवालिया निशान उठाए उन्होंने कहा कि आगे ईद आने वाली है तो कम से कम मुस्लिम इलाकों में भी सफाई होनी चाहिए उन साफ शब्दों में नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनूप सिंह से कहा कि वे शांतिपूर्ण और सांकेतिक धरना देने के लिए आए हैं लेकिन अगर अब हमारे दल के कार्यकर्ताओं की बात ना सुनी गई तो हम भूख हड़ताल भी करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित खेड़ा को भाजपा नेता संजीव बालियान नें आश्वासन दिया है कि वे जल्दी इस मामले में चेयरपर्सन को हमारी शिकायत के बारे में कहेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशिकांत शर्मा आयुष कुमार विनोद टांगरी दुर्गेश कुमार शाह गुरप्रीत सिंह नीरज खेड़ा विजय टांगरी शुभम अरोड़ा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में होमगार्ड की दर्दनाक मौत

**मोरना।** गंगा स्नान मेले मे ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भोपा थाना क्षेत्र के गांव गड़वाड़ा निवासी 55 वर्षीय सोनवीर के रूप में हुई है। हादसा उस समय हुआ जब वह बाइक द्वारा शुक्रताल की ओर जा रहे थे।सूत्रों के अनुसार, जैसे ही सोनवीर भोकरहेडी के पास रा जवाहे के नजदीक पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह और सी ओ डॉ. रविशंकर मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जानकारी जुटाई।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे की दयाल पुरम कॉलोनी में विद्युत विभाग की भारी लापरवाही सामने आई है। विभाग की ओर से लगाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक बिजली मीटरों की प्रक्रिया में न केवल उपभोक्ताओं की पुरानी वायरिंग को छेड़ा गया, बल्कि केबिलों को अधूरा छोड़ सड़क पर फेंक दिया गया है। इससे जहां एक ओर स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा की भावना है, वहीं विभाग की कार्यशैली को लेकर गहरा रोष भी है।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि मीटर लगाने आए विभागीय कर्मचारी केबिलों को काटकर अधूरा छोड़ देते हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित होने का खतरा तो बना ही रहता है, साथ ही लोगों में डर है कि कहीं विभाग इस लापरवाही का दोष उन्हीं पर न मढ़ दे और उन्हें बिजली चोरी का आरोपी न बना दे। मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष परवीन ठकराल और राजू ने इस लापरवाही की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इससे कॉलोनीवासियों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी और ज्यादा बढ़ गई है। स्थानीय निवासी राजू ने बताया, षबिजली मीटर बदलने के नाम पर विभाग ने हमारे केबिलों को इस तरह काटा है कि घरों की आपूर्ति बाधित हो रही है। सड़क पर तार बिखरे पड़े हैं, जिससे हादसे का भी डर बना हुआ है।ष उन्होंने कहा, ष्हमने कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। हमें डर है कि कोई हादसा हो गया या विभाग ने कोई झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया तो हम क्या करेंगे?ष इस पूरे मामले को लेकर कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस लापरवाही को सुधारा नहीं गया तो वे विद्युत विभाग के खिलाफ धरना- प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोवंश संरक्षण की शिकायत को पहुंचे लोगों ने दिया धरना

**एसडीएम द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर धरने पर बैठकर जमकर की नारेबाजी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना/झिंझाना।** संयुक्त विकास शोषित कल्याण संघ व हिंदुत्व सुरक्षा सेना के दर्जनों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष वंश शर्मा उर्फ वीशू व अनमोल मित्तल के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित दो ज्ञापन-पत्र नवनियुक्त एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को सौंपे। आरोप है कि एसडीएम कोई संतुष्टिजनक जवाब दिए बगैर वापस अपने कार्यालय में चली गई। इससे लोग क्षुब्ध होकर तहसील मुख्यालय पर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ता जय राम, गौमाता राष्ट्रमाता के नारे लगा रहे थे। तहसीलदार अर्जुन चौहान ने नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं के पास पहुंचकर उनसे बात करने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के समक्ष एसडीएम के व्यवहार पर आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद एसडीएम फिर से अपने कार्यालय से बाहर आई तथा धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं से मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया, जिस पर धरनारत कार्यकर्ता शांत हुए। धरने में शामिल कांग्रेस पार्टी के युवा प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा सींगरा ने बताया कि एसडीएम के द्वारा ज्ञापन-पत्र प्राप्त करने के पश्चात गोवंशों की दुर्दशा में सुधार किए जाने के सम्बंध में कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया, जिसके चलते कार्यकर्ताओं को विवश होकर धरने पर बैठना पड़ा। इस दौरान सागर, आर्यन, सचिन, इंतजार, सोनू, रविन, सुमित, राधेश्याम, मनीष, अनुज, अमन, रोहित, मोहित, ओम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम कैराना का कहना है कि कुछ लोग ज्ञापन देने के लिए आए थे। ज्ञापन ले लिया गया है। वह कार्यवाही किए जाने के सम्बंध में समय निर्धारित किए जाने की मांग कर रहे थे। अभी ईद-उल-फितर व अन्य त्योहारों में थोड़ी व्यस्तता है। शीघ्र ही गोवंशों की समस्याओं के निस्तारण का कार्य किया जाएगा।





### भयंकर दुर्दशा के शिकार हो रहे है क्षेत्र के गोवंश

कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कैराना को सीएम योगी आदित्यनाथ को संबोधित दो ज्ञापन-पत्र सौंपे है। कैराना क्षेत्र समेत जनपद शामली में गोवंशों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। गौशालाओं में गोवंशों की जीविका के लिए उचित संसाधनों की कमी है। इस्सोपुर टील व अलीपुर की गोशालाओं में भ्रष्टाचार व्याप्त है। आरोप है कि हाल ही में इस्सोपुर टील की गौशाला ने भारी संख्या में गोवंशों के कंकाल मिले थे, जिनकी सही तरीके से जांच नही हो पाई है। गांव सींगरा व बीबीपुर हटिया की गौशालाओं को बंद कर दिया गया है। ग्राम पंचायत बीबीपुर हटिया में गौचराण कई करीब 185 बीघा भूमि पर भूमाफिया का अवैध कब्जा है, चोटिल गोवंशों के उपचार की समूची व्यवस्था, गौचराण की भूमि को मुक्त व इस्सोपुर टील गौशाला में मिले गोवंशों के कंकालों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठी।



शामली। सत्यनारायण इं. का. में समरकैंप का दृश्य।

## समर कैम्प में लिया मैंगो पार्टी का आनन्द

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैम्प में बच्चों ने मैंगो पार्टी का आनन्द उठाया। कॉलेज समिति के प्रबन्धक राजीव संगल ने समर कैम्प में चल रही गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया एवं अपने महत्वपूर्ण सुझाव व निर्देश भी दिय। समर कैम्प में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों के साथ-साथ मैंगों पार्टी का भी आनन्द उठाया। जिससे बच्चें बहुत खुश नजर आए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि समर कैम्प से बच्चों में नया उत्साह उत्पन्न होगा और वे नई नई चीजें सीखेंगें। इसी क्रम में आज हमने मैंगो पार्टी का भी आयोजन किया। कैम्प संचालक छवि शर्मा ने किया। आज के दिन बच्चों ने सबसे पहले योग के विभिन्न आसन किए इसके बाद उन्होने फुटबॉल और बैडमिन्टन भी खेला। संगीत की कक्षा में बच्चों ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया एवं सभी संगीत सीखने के प्रति उत्सुक दिखे। संगीत की कक्षा में आज बच्चों को संगीत की परिभाषा, स्वर लिपि एवं स्वर गायन का अभ्यास कराया गया। साथ ही संगीत वाद्यों के बारे में भी परिचित कराया गया।

# मांगों को लेकर धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील कार्यालय में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जन्म स्थान सेवा समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा दूसरे दिन धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला अध्यक्ष ने पहुंचकर अपना समर्थन व्यक्त किया। झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग को बनवाने तथा विद्युत विभाग की उत्पीड़न के खिलाफ तहसील कार्यालय में धरना दूसरे दिन भी जारी रहा दूसरे दिन धरने पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष कालेन्द्र मलिक, गठवाला खाप के बाबा श्याम सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे उन्होंने जन उत्थान सेवा समिति द्वारा उठाए गए मांगो का समर्थन करते हुए अपना समर्थन व्यक्त किया तथा तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि ऊन क्षेत्र में अधिकारियों का उत्पीड़न अधिक है क्षेत्र के लोग इकठ्ठा होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लडे जिसमें पूरा सहयोग दिया जाएगा ।बाबा श्याम सिंह ने कहा कि किसानों का लगातार उत्पीड़न जारी है बिजली विभाग व अन्य विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है किसानों को नगद खाद दिया जा रहा है लेकिन नगद भुगतान गन्ने का नहीं हो रहा है ।बता दे कि तहसील कार्यालय पर झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग को बनवाने, बिजली विभाग द्वारा कस्बे में की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई बंद करने, पशु चिकित्सालय में डॉक्टर व फार्मासिस्ट की तैनाती ,ऊन में राजकीय डिग्री कॉलेज बनवाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है धरने प्रदर्शन मे सुखपाल भार्गव, भास्कर चौधरी ,अशोक कुमार ,प्रदीप चौधरी ,सत्यवान, सुभाष, रविंद्र राणा, गुलबीर प्रधान, मास्टर जितेंद्र सिंह चेयरमैन ,मोहर सिंह ,मांगेराम पटनी, सुखपाल राठी, प्रमोद चौधरी ,ऋषिपाल नम्बरदार, जितेंदर , सुभाष प्रधान, नरेश चौहान, डॉ उदयवीर सिंह, ग्यास खान, अफजाल खान ,कवर पाल, लोकेन्द्र फौजी ,सुभम मलिक ,उपेंद्र मलिक, बाबा श्याम आदि रहे।



# दिव्य योग संस्थान ने किया योग शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में नियमित योग शिविर नगर पालिका परिसर में आयोजित किया गया। नगर पालिका ऊपरी मंजिल पर आयोजित योग शिविर में शिक्षकों द्वारा सूक्ष्म क्रियाएं, ताड़ासन, त्रिकोणासन उष्ट्रसन, शशांक आसन, भुजंग आसन, मकरासन, सर्पासन, मरकट आसन, सेतुबंध का अभ्यास कराया गया। उसके उपरांत प्राणायाम ध्यान कराया गया। अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि योग से आप शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिदिन नियमित योग साधना करने से हमारे शारीरिक दोष दूर हो जाते हैं। अवसाद से छुटकारा, शरीर लचीला, मेटाबॉलिज्म का निर्माण, ब्रीदिंग सिस्टम डेवलपमेंट, पाचन तंत्र, स्नायु तंत्र मजबूत बनते हैं। जो रोग हमारे शरीर में आने होते हैं वे रिवर्स हो जाते हैं। इस अवसर पर ऋषि पाल गोयल, अजय शर्मा, सुरेश पाल शर्मा, राजीव शर्मा, सरवन संगल, रणकुमार शर्मा, जयपाल इंसा, अरविंद मलिक, राजेश गुलाटी, साक्षी गुलाटी, शिक्षा शर्मा, परी शर्मा, मनीष गौरव, सुभाष चंद्र शर्मा, प्रदीप, अरविंद मलिक, रामकुमार आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### एडीएम का फूल मालाओं से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ द्वारा नगर पालिका सभागार में नवनियुक्त एडीएम सत्येन्द्र सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होने एमडीएम के समक्ष सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को भी रखा। शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि व महासचिव अश्वनी तेश्वर ने एडीएम सत्एंद्र सिंह का नगर पालिका के सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में आए अध्यक्ष अरविंद संगल, अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, सफाई खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल ने एडीएम को प्रतीक चिन्ह सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी समस्या को भी रखा। जिसमें उन्होने सफाई कर्मियों की भर्ती कराने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप टांक मायूस ने किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर धर्मेंद्र झंझोट, राजन पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, अनुज चावला, सचिन तेश्वर, मनीष गहलोत, दीपक बिडला, प्रदीप चावला, दीपक चंद्रा, संदीप सोदाई, अश्वनी पारचा, जाकिर हुसैन, सुनील बंसल, गजेंद्र बाबू, आजम खान, अमित कुमार, अरविंद कुमार, हर्षित गर्ग, अमरपाल, विजय कुमार पाहिवाल, विनोद कुमार कंडेरा ,वसीम मलिक आदि मौजूद रहे।

### नई कार्यकारिणी पर विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को आर्य जाट महासभा की एक बैठक चुनाव अधिकारी सुनील निर्वाल की अध्यक्षता में शहर के माजरा रोड स्थित आवास पर आयोजित की गई। बैठक में महासभा की नई कार्यकारणी के गठन पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव अधिकारी सुनील निर्वाल ने कहा कि वर्ष 2010 के आधार पर सदस्या द्वारा चुनाव कराया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि महासभा के सक्रिय एवं साधारण सदस्यों की एक बैठक आगामी 8 जून को होगी। जिसमें चुनाव तिथि की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर नरेश मलिक, डा। ओमपाल सिंह, दिव्य प्रभाकर, राजकुमार बालियान, सुधीर कुमार राणा, बाबूराम पंवार, रामपाल सिंह, ओमपाल सिंह निर्वाल, कंवरपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह सरोहा, डा। शशिकांत, कुंवरवीर सिंह, अनिरूद्ध मलिक, विनोद बनत, रतन मुंडेट आदि मौजूद रहे।

### यमुना घाट पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आगामी पांच जून को यमुना पर होने जा रहे दशहरा स्नान को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। स्नान के मद्देनजर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने यमुना घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना घाट पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने आगामी पांच जून गुरुवार को यमुना पर आयोजित होने जा रहे दशहरा स्नान के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यमुना ब्रिज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राहुल देशवाल से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गहन चर्चा की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दशहरे पर आयोजित होने वाले यमुना स्नान के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया है। स्नान के दौरान एक प्लाटून पीएसी व आधा दर्जन प्राइवेट गोताखोर तैनात रहेंगे। किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए मोटर बोट की व्यवस्था कराई गई है। यमुना पर स्नान के लिए करीब 20-25 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### तीन मामलों में न्यायालय ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 1. वर्ष 2023 में अभियुक्त नफीस पुत्र नूरदीन निवासी ग्राम कसेरवा थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए 5,00/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 2. वर्ष 2015 में अभियुक्त नीरज सैनी पुत्र कली राम सैनी निवासी मौहल्ला रायजादगान थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय एड़ीजे-7 मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 2500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 3. वर्ष 2006 में अभियुक्त अमित पुत्र कृष्णपाल निवासी ग्राम भौरा खुर्द थाना भौरा कलां जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय एडीजे-4 मुजफ्फरनगर द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए उपरोक्त धाराओं में 1 वर्ष के कारावास के दण्डित किया गया है।

### शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने की अपील

**कैराना।** मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह खादर क्षेत्र के गांव मण्डावर में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गांव में स्थित सरकारी स्कूल के प्रांगण में ग्रामीणों के साथ में बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों के साथ में संवाद करते हुए शांति-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि असामाजिक तत्व समाज में वैमनस्यता पैदा करने का कार्य करते है। ऐसे लोगो का सामाजिक स्तर पर बहिष्कार होना चाहिए। उन्होंने आगामी दिनों में होने जा रहे ईद-उल-अजहा के त्योहार को कानून के दायरे में रखकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया। साथ ही, माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती के साथ निपटने की चेतावनी दी है। उन्होंने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की है। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# तेज धूप के बाद गर्मी बढ़ने से नागरिक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले कई दिनों से लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। कई दिन पूर्व सवेरे मूशलाधार बारिश के बाद लोगों को उसम भरी गर्मी से निजात मिल सकी थी। मंगलवार सवेरे भी आसमान में काले बादल छाए रहे, लेकिन अचानक आसमान पूरी तरह से साफ हो गया। जिसके बाद तेज धूप के कारण लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पडा। सवेरे सूरज निकलने के साथ ही गर्मी का अहसास होना शुरू हो गया था। मौमस विभाग ने अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तेज धूप से बचाव को लोग सिर पर कपडा लपेटकर निकले। मौसम से हो रहे बदलाव के कारण चिकित्सकों ने लोगों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल रखने की सलाह दी है। तेज धूप को देखते शहर के माजरा रोड, धीमानपुरा, बडा बाजार, नेहरू मार्किट, भिक्की मोड पर लोगों की आवाजाही कम देखने को मिली है।



# बरसात से पूर्व शुरू किया महा सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था को कायम रखने के लिए नगर पालिका ने शहर के मुख्य लिंक नाले का महासफाई अभियान शुरू किया है। चेयरमैन अरविंद संगल ने ग्राम मुण्डेट से शुरू होकर शहर के मध्य से होते हुए खेडीकरमू तक बहते नाले की सफाई का औचक निरीक्षण किया।

आगामी बरसात के दिनों में शहर में जाने वाले जलनभराव की समस्या से जनता को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने शहर के नालों का महा सफाई अभियान शुरू कर दिया है। बता दे कि उक्त नाला गाद, मिट्टी और मालबो से भर जाता है और आगामी माह में मानसून आने वाला है, बारिश होने पर छोटे-बड़े नालों में पानी का दबाव ज्यादा होने के कारण शहर का मुख्य नाला व अन्य नालें, गाद और मालबो से अटा होने पर नाला ओवरफ्लो होने का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए युद्धस्तर पर नाला सफाई कार्य कराया जा रहा है, जो मानसून में तेज बारिश होने पर नाले ओवरफ्लो ना हो सकें। नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए शहर के समस्त नालों की सफाई कार्य कराई जा रही है। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि दयानन्दनगर में नालें पर जेसीबी द्वारा नाला सफाई कराने का कार्य निरन्तर चल रहा है। शहर के मध्य बहने वाले नाले पर कमला मार्किट के पास पालिका के नाला सफाई गैंग की टीम द्वारा मैनुअल सफाई कार्य कराया जा रहा है। इस सफाई अभियान में पालिका द्वारा 37 सफाई मित्रों की 5 टीमों द्वारा व दो-दो जेसीबी व 15 ट्रेक्टर-ट्रालियों व पालिका के अन्य संसाधनां द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश सैनी के नेतृत्व में सफाई महाअभियान को संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सभासद आशीष गुप्ता, सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी, शशिकांत पालीवाल, दीपक चंद्र आदि मौजूद रहे।



शामली। सफाई कराते नगरपालिका अधिकारी।

# कैडेट्स को पीटी तथा योगाभ्यास कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 85 यूपी बटालियन शामली के तत्वाधान में शहर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में चल रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटी सी-125 के दूसरे दिन सवेरे सूबेदार मेजर के नेतृत्व में कैडेट्स को पीटी तथा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से ताडासन, शलभासन, सिंहासन, व्रजासन, मयूरासन, कपाल भांति तथा अनुलोम विलोम तथा भ्रामरी आसनों का अभ्यास कराया गया तथा इन आसनों से होने वाले लाभों को भी विस्तार से बताया गया। छात्र जीवन में एकाग्रता तथा स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए इन आसनों का महत्व बताया गया। इसके पश्चात ओपनिंग एड्रेस में कैडेट्स को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल मनीष सिन्हा ने बताया कि इस कैंप के दौराम ड्रिल, मेप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट तथा बैटल क्राफ्ट के साथ साथ वैपन ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इन सभी विधाओं में बेस्ट कैडेट्स का सिलेक्शन थल सेना कैंप तथा रिपब्लिक डे कैंप के लिए भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंप का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स के अंदर परिस्थिति तथा परिवेश के सामंजस्य स्थापित करना सिखाने के साथ एक टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता और टीम भावना उत्पन्न करना भी होता है।

उन्होंने आगे कहा कि सभी कैडेट्स पूर्ण एकाग्रचित होकर संपूर्ण मनोयोग के साथ इन 10 दिनों में दी जाने वाली सिखलाई को सीखने का कार्य करे और विभिन्न सिलेक्शन और प्रतियोगिताओं में अपना शत प्रतिशत देने का कार्य करे क्योंकि एनसीसी एक ऐसा ऑर्गेनाइजेशन है जो समर्पित कैडेट्स का भविष्य निखारने का कार्य करती है और देश को श्रेष्ठ नागरिक देने का कार्य करती है जो समय आने पर समाज एवं राष्ट्र का नेतृत्व करने का जज्बा पैदा करती है।



शामली। कैडेट्स को संबोधित करते कोच। छाया शाह टाइम्स

# एसडीएम कार्यालय पर पहुंची महिला हुई बेहोश

**भयंकर आर्थिक तंगी से गुजर रही विधवा महिला, बच्चों को दो दिन से नहीं मिला खाना, भाई के शव के अंतिम संस्कार के लिए नही है व्यवस्था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मंगलवार को कस्बे के मोहल्ला आलकलां निकट केनरा बैंक निवासी विधवा महिला रीता प्रार्थना-पत्र देने के लिए तहसील मुख्यालय पर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंची। बताया जा रहा है कि इसी दौरान महिला अचानक से बेहोश होकर गिर गई। महिला के अचानक बेहोश होकर गिरने से वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। एसडीएम कार्यालय पर मौजूद सुरक्षाकर्मी व अन्य लोग आनन-फानन में महिला के पास पहुंचे तथा उसे पानी आदि पिलाया। महिला ने बताया कि उसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। उसके पति की भी करीब 15 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। उसका भाई जयप्रकाश ड्राइविंग करता है, जिसकी हरियाणा के रोहतक में अचानक मौत हो गई है। भाई के शव के अंतिम संस्कार के प्रबंध तथा वहां पहुंचने के लिए उसके पास पैसे की व्यवस्था नही है। पत्र में बताया कि उसके तीन नाबालिग बच्चे है। घर में कोई कमाने वाला नही है, जिसके चलते उन्हें भयंकर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। घर में राशन का सामान नही है, जिस कारण उसके तीनों बच्चे दो दिन से भूखे है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी से दो हजार रूपए की आर्थिक सहायता कराए जाने की गुहार लगाई है।



# दथेडा में चोरी करने को घर में घुसे बदमाश आहट होने पर भागे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेडा मे बीती रात्रि बदमाशों ने घर मे घूसकर एक ग्रामीण के घर मे चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों की आहट होने पर पीडित परिवार जाग गया और शोर मचा दिया। जिससे बदमाश दीवार फांदकर फरार हो गए। पीडित का आरोप है कि बदमाश एक मोबाईल ही चोरी कर सके। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और बदमाशों की तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नही लगा।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव दथेडा मे तीसरे दिन भी बदमाशों की दस्तक से ग्रामीण भयभीत रहे। दरअसल जसवीर सोमवार की रात्रि मे अपने परिवार के साथ सो रहा था। तभी रात्रि करीब साढे ग्यारह बजे बदमाश घर मे घूसे ओर मोबाईल को चोरी कर लिया। पीडित का कहना है कि जैसे ही बदमाशों ने पत्नी के कुंडल पर हाथ डालने का प्रयास किया तो आहट से उनकी आंखे खुल गई। पीडित परिवार ने शोर मचाया तो बदमाश घर की दीवार फांदकर भाग निकले। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई और पुलिस को सूचना देकर बदमाशों की तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नही मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार घटनाएं बढ रही है। वही मंगलवार की सुबह पीडित पुलिस चौकी शिकायत करने पहुँचा तो पुलिस ने घटना को दबाने की नियत से चोरी की तहरीर को मोबाईल गुम होने पर तहरीर को बदलवा दिया। घटना क्षैत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है।

# प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को उपलब्ध कराएं रॉ मैटीरियल

**किसान बंधुओं से की गई अपील, अधिक से अधिक लाभ उठाने के दिए गए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा समस्त सम्मानित प्रगतिशील कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद-शामली के 02 विकासखण्ड थानाभवन (06 कलस्टर प्रति 50 हे0) एवं ऊन में (06 कलस्टर प्रति कलस्टर 50 हे.) कुल 12 कलस्टर हेतु कृषि निदेशक, उ.प्र, कृषि भवन, लखनऊ के पत्र दिनॉक 29 मई, 2025 के द्वारा नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजना की गाईडलाईन प्राप्त हुई है, जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों को जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र एवं बीजामृत आदि को उपलब्ध कराने हेतु बायो इनपुट रिसोर्स सेन्टर सेन्टर की स्थापना की जानी है, जिनको कृषि विभाग द्वारा सब्सिडी के रूप में 1।00 लाख अनुदान 02 किस्तों में प्रथम किस्त- 50000 एवं द्वितीय किस्त- 50000 के रूप में देय होगा। उक्त के क्रम में सम्मानित प्रगतिशील कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि जो कृषक बन्धु पहले से स्वयं जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र एवं बीजामृत आदि तैयार कर प्राकृतिक खेती करता हो, और वह कृषक संबंधित विकासखण्डों में प्राकृतिक खेती करने वाले 1500 कृषकों को जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र एवं बीजामृत आदि न्यूनतम बाजार दर पर उपलब्ध करा सकता है, वह कृषक बन्धु पात्र शर्तों के अनुसार अपना आवेदन कृषि विभाग में 8.6.2025 तक कर सकता हैं, जिसके उपरान्त नियमानुसार उस कृषक बन्धु का चयन किया जा सके। संबंधित प्रारूप उप कृषि निदेशक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**Ch. Atar Singh Degree College**
Thanabhawan, District Shamli-247777
**"REQUIREMENT"**
Post- Principal (1), Assistant Professor (1 for each subject: Hindi, English, Political Science, Home Science, Education, Economics, History, Sociology). Eligibility & Pay as per norms and experience. Send C.V. and necessary documents by hand or email ch.atarsinghtbn@gmail.com last date 10 June 2025.
**Secretary**
+91 9720469096.

# हाईवे पर गिरे तीन पेड़, घंटों जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहण्ड के जंगल में खुजनावर गेट के समीप दो अलग-अलग जगहों पर तेज हवा चलने से तीन हरे पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए। जिसकी वजह से करीब दो घंटे तक वाहनों का आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलते ही मोहण्ड पुलिस चौकी स्टाफ वन विभाग के कर्मचारियों को साथ लेकर तुरंत मौके पर पहुंचा और सड़क पर गिरे हुए तीनों पेड़ों को काटकर आवागमन शुरू कराया।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगी इस दौरान मोहण्ड के समीप सड़क पर दो जगह तीन भारी भरकम पेड़ उखड़ कर गिर जाने से ट्रैफिक व्यवस्था जहां की तहां रूक गई। सूचना मिलते ही तुरन्त मोहण्ड पुलिस चौकी से दो तीन पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और वनविभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी देते हुए सड़क पर गिरे हुए पेड़ कटवाने का आग्रह किया, वनकर्मी पेड़ काटने वाले मजदूरों को साथ लेकर उसी वक्त खुजनावर गेट के समीप पहुंचे और सडक पर उखड़कर गिरे हुए तीनों पेड़ काटकर ट्रैफिक व्यवस्था बहाल की।



बरसात के दिनों में दून हाईवे पर हवा में उखड़ कर पेड़ों का गिरना तथा शिवालिक की पहाड़ियों से बारिश के दौरान मलबा खिसक कर सड़क पर आ जाना आम बात है, जिसकी वजह से आवागमन बाधित हो जाता है, राहगीरों की मांग है कि एलीवेटेड रोड जल्दी से जल्दी शुरू कर दिया जाए जिससे लोगों को किसी ना किसी बहाने रोज-रोज लगने वाले जाम के झाम से मुक्ति मिल सके।

# पुलिस ने हत्या के मुकदमे में नामजद तीन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर निवासी एक महिला द्वारा सन्दिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान गंवा देने के मामले में पुलिस ने मृतका के ससुर, पति एवं देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद इन तीनों फरार आरोपियों को पुलिस टीम ने आज गिरफ्तार कर लिया है, जिनको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

ज्ञात हो कि रविवार को देर रात्रि के समय सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में निशा पत्नी अजय का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ मिला था। सोमवार को सुबह के समय थाना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने ससुरालजनों द्वारा उनकी बेटी से दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उसकी हत्या किये जाने की आशंका जताई थी। पुलिस द्वारा मृतका के पिता पीड़ित कालूराम पुत्र विशम्बर निवासी ग्राम दिनारपुर थाना गागलहेड़ी की लिखित तहरीर पर मृतका के पति अजय, देवर विजय व ससुर बब्बल पुत्र मामचंद के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

आज मंगलवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के तीनों फरार आरोपियों बब्बल, अजय व विजय को नगर के बाईपास तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी, एसआई श्याम सिंह, हैड कांस्टेबल अरविन्द कुमार व कांस्टेबल सावन कुमार शामिल रहे।

# भगवान की महिमा व भक्ति पर डाला प्रकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में मंगलवार को कथा व्यास मीरा प्रियदर्शिनी ने भगवान की महिमा, भक्ति और प्रेम के बारे में चर्चा की।

उन्होंने बालक ध्रुव के चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने मात्र पांच वर्ष की आयु में अपनी भक्ति के द्वारा भगवान के साक्षात दर्शन किये। मीरा प्रियदर्शिनी ने कहा कि भगवान की भक्ति की कोई आयु निर्धारित नही है बच्चों में बाल्यावस्था से ही भक्ति के संस्कार प्रेरित करे।

उन्होंने 28 प्रकार के नरकों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए समझाया कि पुण्य कर्म ही हमें स्वर्ग के रास्ते पर ले जा सकते है। भगवान की भक्ति और प्रेम के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा, कि कैसे भक्ति और प्रेम के माध्यम से मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से भगवान से जुड़ने और जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, कि हमें भागवत पुराण में वर्णित कथाओं और दृष्टांतों को आत्मसात करना होगा, तभी हम भगवान की भक्ति और प्रेम का महत्व समझ सकते है। इस अवसर प्रधान शेखर राणा, प्रेमसिंह कश्यप, पंडित कृष्णकांत शर्मा, हरपाल सिंह, रजनीश कुमार, सतीश, रोशनलाल, प्रेम सिंह राणा की उपस्थिति रही।

# नमाज के लिए ईदगाह का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आगामी त्यौहार ईद उल अजहा (बकरा ईद) की नमाज को लेकर बेहट नजर पंचायत अब्दुर रहमान उर्फ शालू कर्मचारियों को साथ लेकर नगर की ईदगाह का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए है।

मंगलवार को बेहट नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैया कस्बे की ईदगाह में पहुंचे और वहां ईदुल अजहा की नमाज पढ़ने को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई नायक राकेश बिरला को आदेश दिया कि ईद की नमाज से पहले पूरी ईदगाह में विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जाए साथ ही ईद के दिन ईदगाह में पेयजल और वजू के लिए पानी के टैंकर भी खड़े कराए जाए। उन्होंने कस्बेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बेहट उनका अपना कस्बा है, ईद उल अजहा का त्योहार भी है, ऐसे में कुर्बानी के बाद अपने आस पास सफाई पे विशेष ध्यान रखे। दूसरे धर्मों के भाइयों की भावनाओं का ख्याल रखें और कुर्बानी के मास को कपड़े आदि से ढक्कर ही लाए और कुर्बानी की वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर ना डाले साथ ही सरकार और कानून के मुताबिक प्रति. बंधित जानवरों की कुर्बानी ना करे। इस दौरान नगर पंचायत के लिपिक हिदायत चौधरी, मुराद राव, अजीम शेख, शोएब राव, तमजीद अली, नादिर आदि मौजूद रहे।

# चोरी के सामान के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर एक चोर को चोरी किए हुए सामने के साथ पकड़ा है।

कुछ दिन पहले विजय कुमार पुत्र सुरेशपाल निवासी उच्च प्राथमिक विद्यालय चाऊपुरा थाना गंगोह द्वारा विद्यालय से सोलर प्लेट, इंवर्टर, बैटरा तथा सिलेंडर चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली मे दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक गंगोह पीयूष दीक्षित के नेतृत्व मे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वसीम उर्फ बोड़ा निवासी ग्राम नया कुंडा को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी हुए 4 सोलर प्लेट, 2 बैटरे बरामद कर लिए हैं। बरामदगी के आधार पर धारा 317 (2) बीएनएस की बढोतरी की गई है।

# अभियान हर गांव हर व्यक्ति तक पहुंचे: राधेश्याम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आज अमर दीप कॉलोनी में स्थित कैंप कार्यालय पर जिला महामंत्री एवं एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के समन्वय संयोजक राधेश्याम शर्मा ने अभियान की समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार सभी जिलों, मंडलों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं और गांवों में एक राष्ट्र, एक चुनाव का स्लोगन दीवारों पर लिखा जाएगा, ताकि यह अभियान हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंचे। इससे समाज में जागरूकता बढ़ेगी।

मंडल अध्यक्ष अमित सेन और अभियान के मंडल संयोजक बिजेंद्र शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से बार-बार होने वाले अल्पकालिक चुनाव समाप्त होंगे,




जिससे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ कम होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है, जिससे चुनावी खर्च में कमी आएगी, प्रशास. निक कार्यों में व्यवधान नहीं होगा और नीति-निर्माण में निरंतरता बनी रहेगी।

बैठक में भाजपा नगर प्रभारी मंजू शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी नीरज जैन, अभियान के मंडल संयोजक बिजेंद्र शर्मा, तेजपाल सेन, डॉ. अशोक कुमार, सागर सैनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के एडीबी बैंक के सामने मंगलवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर जुडड़ी गांव निवासी 65 वर्षीय सुरेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल फैल गया।

मृतक सुरेंद्र, पुत्र स्व. मामचंद सिंचाई विभाग से नलकूप ऑपरेटर पद से सेवानिवृत्त थे। वह अपने गांव जुडड़ी में पारिवारिक जीवन बिता रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार वह पहले ही एक पुत्र की मृत्यु के बाद गहरे मान. सिक आघात से जूझ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली गंगोह की दिशा में तेज गति से जा रही थी।

एडीबी बैंक के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया। जिससे सड़क पार कर रहे सुरेंद्र उसकी चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

अधिकारियों के अनुसार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। लोगों का कहना है कि एडीबी बैंके, बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से अव्य वस्थित यातायात और तेज रफ्तार वाहन कई हादसों का कारण बन चुके हैं। पुलिस ने अब तक यातायात नियंत्रण के लिए कोई ठोस उपाय नहीं उठाए हैं।

# भावनाओं का ध्यान रख शांतिपूर्वक मनाएं त्यौहार: संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संजय चौहान ने कहा कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए शांतिपूर्वक त्यौहार मनाएँ। ऐसा कोई कार्य न किया जाए कि पुलिस प्रशासन को कार्रवाही करनी पड़े।

ईद उल अजहा पर कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार संजय चौहान ने कहा दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाएँ।शासन की गाइडलाइन का पालन करें।ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था में व्यवधान आए।

कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र नागर ने कहा कि कुर्बानी शासन की गाइडलाइन के अनुसार करें।खुले स्थान पर कोई कुर्बानी नही की जाए। मीट को ढककर ले जाया जाए।अवशेष इधर उधर न फेंके जाएं।



खून नालियों में न बहाया जाए।किसी सूरत प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं की जाए। सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाए। कुर्बानी के फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें जाएं।कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य न करे जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शहर काजी नदीमुल हक ने कहा कि कुर्बानी हमेशा की तरह पर्दे में और एहतियात के साथ ही की जाएगी।उन्होंने कहा इसके लिए शरीयत में पहले ही बता दिया गया है।

पूर्व चेयरपर्सन प्रदीप चौधरी ने कहा यहाँ से हमेशा अमन और एकता का पैगाम दुनिया भर में जाता है।यहाँ सब मिलजुल. कर रहते हैं।हजरत मुफ्ती आरिफ व मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि अगर कोई छोटी मोटी बात हो तो उसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए बल्कि पहल करते हुए उसे हल कर लेना चाहिए।

बैठक में सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति व नगर पंचायत द्वारा अवशेष निपटारे संबंधी सुझाव भी दिए गए।

इस दौरान शहर काजी अदील फारूकी, हाजी मोहम्मद अय्यूब, रविंद्र चौधरी, प्रदीप बालियान, सभासद नफीस सैफी, जानी सभासद, आफताब मलिक, हाजी मंसूर, आफताब लाला, खलील अहमद, तौफीक उमर, बाबर सिद्दीकी, हाजी मंसूर, नसीम भारती आदि सहित नगर पंचायत व विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## रास्ता खुलवाने की मांग

**अंबेहटा।** मंगलवार को चेयरमैन प्रत्याशी शादाब दिलशाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने ईदगाह पहुंचा और ईदगाह पर जाने वाली सभी सड़को का निरीक्षण करते हुए नगर पंचायत द्वारा तालाब में की जा रही सफाई से निकलने वाले गंदगी से ईदगाह पर जाने वाले रास्ते बंद किए हुए लेकिन ईदु उल अजहा के कुछ दिन शेष बचे है। शादाब दिलशाद , सभासद शमीम अंसारी, सभासद दानिश शफीक, शाह हुसैन, अकरम कुरैशी ने अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर को ज्ञापन सौंपकर सफाई कराने रास्ते खुलवाने की मांग की।

**सूचना**

हमने अपने पुत्र आयुष व उसकी पत्नि गुंजन तथा उनकी बेटी आरवी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो के हम व हमाारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नरेन्द्र कुमार काम्बोज व बबलेश काम्बोज निवासीगण निकट शिव मन्दिर, उत्तम विहार, थाना कोतवाली देहात, सहारनुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र वाहिद खान व उसकी पत्नि रेशमा खान को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**शहजादी पत्नि जाहिद हसन निवासी राजो का कब्रिस्तान, मंसूर कालोनी, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

## एक नजर

### चोरों ने सीमेंट की दुकान को बनाया निशाना

**नागल।** सोमवार रात सीडकी पुलिस चौकी के सामने एक सीमेंट व्यापारी की दुकान को चोरों में निशाना बनाते हुए हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया है और जाते-जाते चोरों ने दुकान के पीछे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर गये है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव बोहड़ूपुर निवासी सुरेश सैनी की सीडकी चौराहा स्थित सीमेंट, सरिया बेचने की दुकान है। मंगलवार सुबह जब वह अपनी दुकान पर आया तो देखा कि चोरों ने दुकान परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार कार्ड पर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया है । अंदर खड़े दो ट्रैक्टरों की तेल की टंकी का लॉक तोड़कर उनमें से करीब 35 लीटर तेल चोरी कर लिया है ।पीड़ित व्यापारी का कहना है कि करीब तीन माह पहले भी चोरों ने उसकी दुकान को निशाना बनाते हुए वहां से हजारों रुपए का सरिया तथा ट्रैक्टरों से तेल निकालने की घटना को अंजाम दिया था। अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस चौकी के सामने सीमेंट व्यापारी की दुकान में हुई चोरी से व्यापार में रोष व्याप्त है उन्होने चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की है।

### वृक्षारोपण का निरीक्षण

**बेहट।** विकास खंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत जयंतीपुर मे जिला कॉर्डिनेटर मनरेगा इंद्रपाल सिंह तथा बीडीओ ने अधीनस्थ अधिकारियों को साथ लेकर ग्राम समाज की भूमि पर वृक्षा रोपण का निरीक्षण किया गया।

गौरतलब है कि विकास खंड मुजफ्फराबाद की ग्रामपंचायत जयंतीपुर मे वृक्षारोपण किए जाने को लेकर गड्ढा खुदाई का कार्य किया जा रहा है खुदाई के कार्य के निरीक्षण करने के लिय जिला कॉर्डिनेटर मनरेगा इंद्रपाल सिंह , बीडीओ नीरू मलिक ने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ लेकर वृक्षा रोपण के लिए खोदे जा रहे गांव जयंती पर मे गड्ढों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया और उन्होंने पौधा रोपण किया इस अवसर पर पौधा रोपण करते हुए कहा कि हमारे जीवन मे वृक्षों का बहुत रखते है। कार्यक्रम सहायक खंड विकास (पंचायत) प्रमोद कुमार, ए डी ओ (समाज कल्याण) त्रिलोक चंद अधिकारी सचिव संजय कुमार ग्राम प्रधानपति विनोद सैनी, अमित कुमार, प्रवीता, चरण सिंह, क्रम सिंह, शर्मा सिंह, सचिन, प्रदीप, उमेश, सुलेख चंद, रुट्ठल व सुशील आदि मौजूद रहे।

### भागवत पुराण की कथा का सार बताया

**नकुड।** आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने भागवत पुराण की कथा का सार बताते हुए कहा की भागवत पुराण एक ऐसा ग्रंथ है जिसमें भगवान श्री कृष्ण की संपूर्ण कथा का सार मिलता है और भागवत पुराण अठारह हजार श्लोक में लिखा गया है।

श्री राधे गोविंद सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन नगर के शिवालय महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने भागवत पुराण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया की मानव शरीर किसी कर्म का फल नहीं होता है यह तो 84 योनियों को भोगने के बाद मानव जन्म मिलता है। कथा के अवसर पर राधे गोविंद सेवा समिति के मनोज गोयल, आलोक जैन, हरीश गर्ग, विजय त्यागी, पंकज जैन,राजेश जैन राजू, मनोज धीमान, दीपक गोयल, राजन शर्मा, नरेश गोयल, विनीत शर्मा, नवदीप मित्तल, सचिन शर्मा, सन्नीशर्मा, ऋषि पाल शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# फायरिंग व गाली गलौच में नामजद कर दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थानाक्षेत्र के एक गांव में बीती देर रात एक निर्माणाधीन मकान पर छह राउंड गोली चलाने की घटना हुई है। घटना के बाद पीड़ित युवक के चाचा ने पुरानी रंजिश के तहत गोली चलाने का आरोप लगाते हुए कुछ युवकों को नामजद करते हुए तहरीर दी है।

बीती देर रात 11.30 बजे थानाक्षेत्र के गांव सहजवा निवासी गौरव पुत्र सोमपाल के निर्माणाधीन मकान पर कुछ युवक बाइक पर आये और आते ही उन्होंने फायरिंग व गाली गलौच शुरू कर दी। फायरिंग से डरकर गौरव के घर से कोई बाहर नहीं निकाला। फायरिंग के बाद आस-पड़ोस में जाग होने पर फायरिंग करने वाले सभी भाग गए।

गौरव के चाचा राजबल पुत्र विशम्बर द्वारा दी गई तहरीर में दो युवकों दीपक व प्रद्युम्न को नामजद किया गया है और नामजद युवकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गयी है।

घटना के सम्बन्ध में गौरव के पिता सोमपाल ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गांव के ही एक युवक से गौरव की लड़ाई देहरादून में हो गयी थी। उसके बाद से उसने गौरव को जान से मारने की धमकी दी थी। रात की घटना उसी का परिणाम है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से उनकी जान-माल की सुरक्षा करने की भी मांग की है। उधर घटना के सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र नागर का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।उसके बाद आगे की कार्रवाही की जाएगी।

# सामान लेने गए ग्रामीण की बस स्टैण्ड से बाइक चोरी

**नागल।** स्थानीय बस स्टैंड पर बाइक खडी कर एक दुकान पर सामान लेने गए एक ग्रामीण की बाइक अज्ञात चोर ने चोरी कर ली।

मिली जानकरी के मुताबिक गांव दगडौली निवासी रामअवतार पुत्र सूरजन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है कि मंगलवार को करीब तीन बजे वह अपनी बाइक खडी कर बस स्टैंड के हाइवे स्थित एक स्वीट शॉप पर सामान लेने गया था। कुछ देर बाद आकर देखा तो उसका बाइक गायब थी। आसपास खोजने पर भी पता नही चल पाया।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, सहारनपुर**

ई-निविदा सूचना दिनांक 02.06.2025

अल्पकालीन निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. नि.सं.- 01/कार्य/2025-26 वि.न.वि.ख.-घंटाघर के क्षेत्र में टेललेस यूनिट का कार्य-204 नग, प्रपत्र शुल्क रू. 3540, धरोहर राशि-रू. 46255.00
2. नि.सं.- 02/कार्य / 2025-26 वि.न.वि.ख.-जनकनगर के क्षेत्र में टेललेस यूनिट का कार्य-228 नग प्रपत्र शुल्क रू. 3540, धरोहर राशि-रू. 61614.00

ई- निविदा की अंतिम तिथि: 18, जून, 2025, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल द्वितीय, सहारनपुर**

ई-निविदा सूचना

निविदा संक एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 08, 09, 10/डब्लू/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड बलियाखेडी के अन्तर्गत 33 के.वी. व 11 के.वी. एक्सएल.पी.ई. केबिल, गेजर ब्रेकडाउन एवं पोलो एंगल लगाकर वैल्डिग का कार्य।
2. 11, 12/डब्लू/2025-26, विद्युत वितरण उपखण्ड कैलाशपुर के अन्तर्गत आंधी तुफान देवीय आपदा का कार्य।
3. 13/डब्लू/2025-26:- विद्युत वितरण उपखण्ड-आई.टी.आई. के अन्तर्गत आंधी तूफान देवीय आपदा का कार्य।

अल्पकालीन ई-निविदा 08, 09, 10, 11, 12 एंव 13/डब्लू/2025-26 की अंतिम तिथि: 17.06.2025 समय 13:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# सभी त्यौहार आपसी सौहार्द व मिलजुलकर मनाएं: मुनीश

**बेहट।** ईदुल अजहा त्यौहार को शान्ति पूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर थाना कोतवाली बेहट में शांति समिति की मीटिंग सीओ मुनीश चन्द एवं नायाब तहसीलदार की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

इस बैठक में जिम्मेदार लोगों के अलावा ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्यों और इलाके के सामाजिक एवं राजनी. तिक प्रमुख लोगो ने भाग लिया। मीटिंग के दौरान आगामी ईद उल-जुहा की तैयारियों को लेकर प्रशासन और जिम्मेदार लोगो के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रशासन द्वारा किए जाने वाले इंतजामों को लेकर धर्मगुरुओं से सुझाव लिए गए और आश्वासन दिया गया कि सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी। मीटिंग में बोलते हुए सीओ मुनीश चन्द ने कहा कि हमें



सभी त्यौहारों को आपस मे मिलजुल. कर मनाने चाहिए उन्होंने कहा कि रमजान के दूसरे जुमा की नमाज मुस्लिम भाइयों ने शांति से पढ़ी वही दूसरी ओर उसी दिन होली का त्यौहार भी आपसी भाई चारे और शांति पूर्वक मनाकर समाज के अन्दर भाईचारे की मिसाल पेश कर पुलिस प्रशाशन का सहयोग किया है। इस के साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क पर नमाज न पढ़े और सरकारी गाइडलाइन के अनुसार ईद की नमाज अदा करने की अपील की गई।

नायाब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नगर मे जिन मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ने की अनुमति दी हुई है उन्हीं मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ाई जायेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने कहा कि हमारा इलाका शांति का इलाका है यहां की गंगा जमुना की तहजीब को मानने वाले है त्यौहार कोई भी हो हमे हमें सभी त्यौहारों को आपस में मिलकर भाईचारे के साथ मनाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की ओर से ईदुल अजहा के अवसर पर पर्याप्त साफ सफाई और पानी की व्यवस्थाएं कराई जाएगी। मीटिंग में बोलते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, ने कहा कि जानवर की कुर्बानी पर्दे में करे खुले में कोई भी कुर्बानी न करे और नालियों में ब्लड न बहाया जाये। मीटिंग को भाजपा के वरिष्ठ नेता बॉबी कर्णवाल, राकेश गाबा, सभासद मास्टर जमील अहमद, अब्दुल मालिक आदि ने भी संबोधित किया।

मीटिंग में प्रधान प्रदीप गुप्ता, चौधरी इंतजार इसरार अहमद, प्रधान फुरकान अहमद, नसीम अहमद आजम प्रधान प्रतिनिधि, सभासद मुर्तजा राही रिहान हुसैन, सत्यप्रकाश रोहिला, नवीन चौधरी, रजत त्यागी प्रदीप चौधरी एडवोकेट इंतजार अली मोहम्मद अहमद, चौधरी कय्यूम सहित इलाके के ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्यों, के अलावा राजनैतिक दलों के नेतागण मौजूद रहे।

## स्लैब हटाए

**सहारनपुर।** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने आज बेहट रोड पर जेसीबी की मदद से एक अभियान चलाते हुए नाला सफाई में बाधक बन रहे नालों पर डाले गए स्लैब हटाए। इसके अलावा अनेक दुकानों के बाहर डाले गए टीन शेड भी हटाए गए। निगम की कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा।

नगरायुक्त शिपू गिरी के निर्देश पर बरसात से पूर्व पूरे शहर में नाला सफाई अभियान चलाया गया। लेकिन कुछ स्थानों पर दुकानदारों द्वारा नालों पर डाले गए स्लैब नाला सफाई में बांधक बने रहे और नालों की सफाई नहीं हो पायी। बेहट रोड पर भी नाले का कुछ एरिया स्लैब के कारण साफ नहीं हो पाया। नगरायुक्त के निर्देश पर आज नगर निगम के प्रवर्तन दल ने जेसीबी लगाकर एक दर्जन से अधिक दुकानों के सामने से स्लैब हटवाकर नालों की सफाई करायी।

### पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापेमारी कर

# जुआरियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेल रहे जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी एवं ताश के पत्ते बरामद किये। हालांकि इस दौरान जुआरियों को छुड़ाने के लिए कुछ सफेदपोश नेता भी कोतवाली में देखे गए। लेकिन पुलिस ने सभी जुआरियों का चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने जानकरी देतु हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बीबीपुर रोड स्थित जुआरियों के अड्डे पर छापेमारी की। जहां जुआं खेल रहे नसीम, शमीम, मुराद, अहसान, मजा. हिर हसन, शोएब, आजम, शुऐब को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन हजार 960 रुपये एवं ताश के पत्ते



बरामद किये। हालांकि बताया जा रहा है कि आरोपियों के पास खासी रकम बरामद हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# युवकों ने लाइब्रेरी संचालक पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे परीक्षा की तैयारी करने लाइब्रेरी गये युवकों ने लाइब्रेरी संचालक पर मारपीट करने का आरा.ेप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बाहद.रपुर निवासी अंकित कुमार एवं नूरपुर शुगर मिल निवासी अनुज कुमार सोमवार शाम पांच बजे के बाद रेलवे की परीक्षा की तैयारी के लिए लाइब्रेरी गए थे। इस दौरान लाइब्रेरी संचालक ने उनके साथ अभद्रता करना प्रारंभ कर दिया। जब दोनों युवकों ने विरोध जताया तो लाइब्रेरी संचालक ने अपने साथियों को बुलाकर उन पर लाठी-डंडो से हमला



कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित युवकों ने कोतवाली पहुंच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की तहरीर दी। पुलिस ने घायलो का मेडिकल परीक्षण के लिए सरक.ारी अस्पताल भेज दिया।

# बाइक सड़क पर पलटने से युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सड़क में गहरे गड्ढ़े होने के कारण बाईक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई जिससे बाईक सवार युवक घायल हो गया। घायल को रहागिरो ने उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

कोहला बस्ती निवासी रहमान जामिया तिब्बिया कॉलेज से वापस अपने घर जा रहा था। जब वह कासिमपुरा मार्ग पर रेलवे अंडरपास के पास पहुंचा तो बाइक का अगला पहिया सड़क में गहरे गड्ढ़े में गिर गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी इसमें रहमान घायल हो गया। राहगीरों ने उसे निजी चिकित्सक के भर्ती कराया।

# शरीयत में कुर्बानी का नहीं कोई विकल्प: गोरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्यौहार पर होने वाली कुर्बानी को लेकर सवाल उठाने वाले लोगों को जवाब देते हुए जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि शरीयत में कुर्बानी का कोई ओर विकल्प नहीं है।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा कि जो लोग केक काटने या अन्य तरीकों की बात कर रहे हैं वह शरीयत की भावना को समझ ही नहीं सकते।दूसरों के मजहबी मामलों पर सवाल उठाने वाले सबसे पहले अपनी नीयत और किरदार का जायजा लें।मौलाना इस्हाक ने कहा इस्लाम में कुरबानी कोई रस्म नहीं है बल्कि एक अहम इबादत है। जिसे अल्लाह तआला की रजा (खुशी) के लिए अदा किया जाता है। जिसका कोई विकल्प नहीं है। कुर्बानी पर ज्ञान



बांटने वाले यह जान लें कि यह अल्लाह के लिए होती है, इंसानों को दिखाने के लिए नहीं। इसे किसी पाखंड, तर्क या किसी की सहूलियत से नहीं तोला जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की है बकरीद पर साफ सफाई के विशेष ध्यान रखें, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें, जानवरों केअवशेष इधर-उधर न फेंके, कुर्बानी की वीडियो या फोटो सोशल मीडिया पर न डालें।

# धागा व्यापारी के कैशियर से 29 लाख की लूट से हड़कंप

## भारत सरकार लिखी बोलेरो कार में सवार थे बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में फिल्मी अंदाज में एक सनसनीखेज वारदात में हाईवे पर बदमाशों ने धागा व्यापारी के कैशियर से 29 लाख रुपए की नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश 'भारत सरकार' लिखी बोलेरो कार में सवार थे, जिससे उन्होंने सरकारी गाड़ी का भ्रम पैदा कर कैशियर को रोक लिया। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

हरियाणा राज्य के पानीपत के नूहवाला निवासी धागा व्यापारी ललित कुमार का कई राज्यों में



कारोबार है। मंगलवार की सुबह को व्यापारी का मैनेजर अनिल और चालक सतनाम सिंह क्रेटा गाड़ी में मेरठ के एक व्यापारी से पेयरमेंट लेने के लिए रवाना हुए थे। देर शाम करीब आठ बजे जैसे ही मैनेजर अनिल व चालक सतनाम अपनी गाड़ी से शामली कोतवाली क्षेत्र में सिंभालका बायपास फ्लाइओवर के निकट पहुंचे तो पीछे से आई बोलेरो गाडी ने ओवरटेकर कर उन्हें रोक लिया। बोलेरो गाडी से निकले चार-पांच युवकों ने हथियारों के बल पर मैनेजर और चालक को गन प्वाइंट पर ले लिया।

बदमाशों ने मैनेजर अनिल से रुपयों से बैग लूट लिया। रुपयों से भरा बैग लूटकर बदमाश अपनी बोलेरो गाडी में सवार होकर वहां से फरार हो गए। मैनेजर ने बताया कि बैग में 29 लाख रुपए थे। वहीं पीड़ित ने 29 लाख रुपए लूट की घटना की जानक.ारी शामली पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस विवाग में हड़कंप मच गया। एसपी रामसेवक गौतम, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, शामली और आदर्श मंडी पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीमें घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ितों से लूट की घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

# चार्ज संभालते ही एक्शन मूड में आए एक्सईएन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत निगम के नए एक्सईएन मृत्युंजय शाही चार्ज संभालते ही एक्शन मूड में आ गए हैं। अधिनस्थों के साथ बैठक में उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि उपभोक्ता पर यदि बकाया है तो उसका कनेक्शन नहीं चलेगा। साथ ही हर हाल में राजस्व वसूली करने को भी आदेशित किया।

रेलवे रोड स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में निगम के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही ने सर्किल रिपोर्ट लेते हुए अधिनस्थों को राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाने और बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के यहां बिजली न चलने देने के लिए अधिनस्थों को कड़े दिशा निर्देश दिए। साफ कहा कि जिस उपभोक्ता पर बिल बकाया होगा उसका कनेक्शन किसी कीमत पर नहीं चलेगा। बकाया जमा करने के बाद ही उसकी बिजली चालू होगी। इस मौके पर उप खंड अधिकारी अनिल कुमार चौरसिया, गुलशन झा, विजय शर्मा, टीजीटू मोहम्मद जीशान, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# ईदगाह एवं मस्जिदों में ही अदा करें ईद-उल-अजहा की नमाज़: अनवर

**देवबन्द।** ईदगाह वक्फ कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी गाइडलाइन का पालन करें और खुले में कुरबानी न करें। इसके साथ ही उन्होंने सड़कों के बजाए ईदगाह और मस्जिदों के भीतर ही नमाज अदा करने का आह्वान किया।



ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार के मद्देनजर रविवार को जारी बयान में डॉ. अनवर सईद ने कहा कि कुरबानी करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि जो अमल हम कर रहे हैं उससे किसी की भावनाएं आहत न हों। इसलिए जरुरी है कि शासन की गाइडलाइन का सख्ती के साथ पालन करें। खुले में कुरबानी न करें और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। सड़क से गुजरने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए जानवरों के अघ्वशेष इधर-उधर न फेंक बल्कि उसे गड्ढ़ा खोदकर इस तरह दफनाए ताकि उससे दुर्गंध भी न आए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का सहयोग करते हुए सड़कों पर नमाज अदा न करें। बल्कि ईदगाह और मस्जिदों के भीतर ही नमाज पढ़ें। हमे एक अच्छे नागरिक होना का परिचय देना चाहिए। इस्लाम यही संदेश देता है।

# ई रिक्शा चालकों का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : सुरेश वर्मा

**झालू।** नगर में ई-रिक्शा मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नदीम अहमद आजाद और संचालन शोएब अख्तर ने किया। इस बैठक में ई रिक्शा चालकों को बिजनौर में प्रवेश ना करने देने व हाईवे पर ई रिक्शा चलाने से रोकने को लेकर निंदा की गई। साथ ही इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता करने पर विचार विमर्श किया गया। नगर के मोहल्ला कानून गोयान स्थित यूनियन अध्यक्ष के आवास पर ई रिक्शा मजदूर यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें ई रिक्शा चालकों ने बिजनौर शहर में रिक्शा के प्रवेश को वर्जित करने एवं हाईवे पर रिक्शा चलाने से रोकने पर पाबंदी लगाए जाने को पूरी तरीके से गलत ठहराया। यूनियन संरक्षक व भाजपा नेता सुरेश वर्मा ने कहा कि रिक्शा चालकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके हकों की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा। यूनियन अध्यक्ष नदीम अहमद आजाद ने सभी ई रिक्शा चालकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने जरूरी दस्तावेज पूरे कराकर रखे। साथ ही क्षेत्र में चल रही ई-रिक्शाओं की सूची पुलिस प्रशासन को सौंप दे। जहां तक ई रिक्शा चालको को हाईवे पर रोकने का सवाल है।

इसके लिए आला अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस बैठक सफल बनाने में यूनियन उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद उर्फ बबलू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद बिलाल, अनीस अहमद, सुल्तान, फैयाजुद्दीन, मोहसिन, इकबाल, बाबू खान, नफीस अहमद, हसीनुद्दीन, शाहनवाज, फरियाद, आकाश



कुमार, सलीम अहमद, इंतजार अहमद, महबूब, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद अनीस, पतराम सिंह, मोहम्मद फुरकान, जुल्फिकार, इशरत, जहीर अहमद, मोहम्मद जावेद, फरमान, हारून, इरशाद, सलीम, विकास, गफ्फार व रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

## बाघ ने सप्ताहभर में पांच पशुओं का किया शिकार

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे ग्रमीण इलाकों में लगातार टाइगर के हमले में पांच पशुओं को निवाला बनाया गया। शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा ने प्रशासन से पिंजरा लगाने की मांग की। कार्बेट टाइगर रिजर्व सीमा से लगे ग्रामीण इलाके कालागढ़, हेड़ी बस्ती, नई बस्ती आदि क्षेत्र में लगातार टाइगर का अटैक दिखाई दे रहा है। टाइगर ने लगातार पांच दिनों में छोटी देवी पत्नी गजराज सिंह, सुमन देवी पत्नी जगदीश, सीता देवी पत्नी राजेंद्र सिंह, होशियारी देवी पत्नी रमेश सिंह आदि के पशुओं को एक सप्ताह के भीतर मारकर अपना निवाला बना लिया। शिवसेना जिला अध्यक्ष चौधरी संजय राणा ने प्रशासन से टाइगर की रोकथाम के लिए सीमा पर तारबाड़ एवं क्षेत्र में पिंजरे लगाने की प्रशासन से मांग की।

# सीएम के आदेश पर भू-माफियों से मुक्त कराई किसान भूमि

**झिंझाना।** जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग एवं पुलिस फोर्स द्वारा किसान को भूमि को दबंगों से कब्जा मुक्त कराकर किसान को भूमि पर कब्जा दिलाया। पिछले काफी समय से किसान की लगभग 54 बीघा भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर रखा था।जिसकी शिकायत पीड़ित किसान द्वारा मुख्यमंत्री दरबार में की गई थी।

मंगलवार को कस्बा निवासी किसान एवं व्यापारी सतपाल बंसल की लगभग 54 बीघा भूमि को जिला.धिकारी अरविंद चौहान के आद.ेशानुसार एसडीएम ऊन एवं राजस्व टीम द्वारा पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र के गांव चौतरा फतहपुर के भऊ माजरा में दबंगों से कब्जा मुक्त कराया गया है। पीड़ित किसान सतपाल बंसल की भूमि चौतरा भऊ माजरा में खसरा नंबर 77,78,79,80,81 पर पिछले काफी समय लगभग चार वर्षों से दबंगों द्वारा कब्जा कर रखा था। जिसको कब्जा मुक्त कराने के लिए किसान द्वारा शासन प्रशासन के चक्कर काट रहा था। जिसके बाद पीड़ित किसान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में अर्जी लगाई जिस पर तुरंत एक्शन लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी को किसान की भूमि कब्जा मुक्त कराने के आदेश दिए थे। जिसके बाद





मंगलवार को जिलाधिकारी अरविंद चौहान के आदेशानुसार एसडीएम ऊन ओर राजस्व टीम द्वारा कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा पुलिस फोर्स के साथ भूमि को दबंगों से कब्जा मुक्त कराकर पीड़ित किसान सतपाल बंसल को कब्जा दिला दिया है।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**मुजफ्फरनगर।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बी. एस.सी. जीव विज्ञान पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर इन सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्ष डा. मोनिका रूहेला द्वारा बी.एस.सी. विज्ञान पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व समस्त अध्यापकों को दिया। बी.एस.सी. जीवविज्ञान समूह से रिया त्यागी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर तरूणा सोलंकी ने



78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व अग्रता चौधरी व रचना ने संयुक्त रूप से 76 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.एस.सी. (गणित समूह) से अनामिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर प्रियांशी चौधरी ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा राहुल कुमार ने 71 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. मोनिका रूहेला व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी विद्यार्थियों को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है ऐसा अवसर हमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है और भविष्य में भी सभी छात्र- छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय से डा. महेन्द्र सिंह, डा. सौरभ जैन, डा. नीरज कुमार, डा. ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, मोनिका पंवार, रजत धारीवाल, ओमकार सिंह, शेखर सिंह, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, राखी धीमान, मुसन्निफ आदि मौजूद रहे।

# दस जून से चलेगा दिव्यांगों के लिए विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासनादेश के अनुपालन में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु प्रत्एक जनपद में विकास खण्ड स्तर पर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु 10 जून, 2025 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया इस अभियान में सभी विकास खण्ड परिसरों में निम्न तिथियों को चिन्हांकन शिविर का आयोजन पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 4 बजे तक किया जाएगा। जिसमें विकास खण्ड प्रांगण शामली में 10 जून, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण थानाभवन में दिनांक 11.6. 2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण ऊन में 12.6.2025, इसके अलावा विकास खण्ड प्रांगण कांधला में 13.6.2025, व विकास खण्ड प्रांगण कैराना में 19.6.2025 को शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी विकास खण्डों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन निर्धारित तिथियों में शिविर में तैनात किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों व नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्वाहन 10:30 बजे से अपरान्हन 4 बजे तक किया जाएगा। चिन्हांकन शिविर में मुख्यचिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सकीय दल का गठन कर दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा।दिव्यांग मेडिकल बोर्ड द्वारा उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र व यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गत किए जाएंगे। दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा उनकी आवश्यकता के अनुरूप उन्हें सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, एम. आर. किट, लेप्रोसी किट, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, बैसाखी इत्यादि एवं कृत्रिम अंग जैसे-बनावटी हाथ-पैर, कैलिपर हेतु चिन्हित कर लाभान्वित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं जैसे-कॉक्लियर इम्प्लाण्ट, स्पॉन्सरशिप योजना आदि में पात्र दिव्यांग बच्चों के आवेदन कराए जाएंगे। शिविर में पंजीकरण कराने हेतु दिव्यांगजनों को आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र यू.डी.आई.डी. कार्ड, शैक्षिक अभिलेख की छाया प्रति एवं दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुए 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में जिला.धिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिका.रियों को निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले चिन्हांकन शि.विर में सभी व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कराने हेतु कडे निर्देश दिए गए है।

## भारतीय संस्कृति संरक्षण संवर्धन शिविर सम्पन्न

**धामपुर।** अनन्त नियति वर्ल्डपीस चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर चल रहे दस दिवसीय भारतीय संस्कृति संरक्षण संवर्धन शिविर आज सम्पन्न हुआ। आचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने बताया कि आश्रम पर सायं सात बजे से आठ बजे तक यह प्रशिक्षण नियमित दिया जाएगा। नित्य श्लोक पाठ, स्तुति, ज्ञान वर्धक कहानियां सुनाई।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई शख्सियतों को सम्मानित भी किया गया।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अफजलगढ़-कालागढ़ रोड अगवानपुर स्थित खालसा पिज्जा हट पर आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

किसान नेता सरदार ज्ञान सिंह की अध्यक्षता एवं आदर्श प्रेस क्लब अफजलगढ़ के अध्यक्ष एसएम असलम के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मीरी-पीरी खालसा एकेडमी के प्रधानाचार्य सरदार मनप्रीत सिंह संधू व नैनीताल कान्वेंट स्कूल के एमडी ठाकुर सूर्यकांत सिंह बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर व्यापार मंडल अफजलगढ़ के नगर अध्यक्ष नीरव रस्तोगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं बीबीसी हिंदी के वरिष्ठ



पत्रकार शहबाज अनवर मुख्य वक्ता की हैसियत से मंचासीन रहे। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम सहित पत्रकार साथियों सुभाष तोमर, फिरोज बेग, शाहिद अली एड., राजेंद्र चौहान, वेदपाल सिंह, आशीष धानिया, सरदार विक्रम सिंह, आदित्य शर्मा व गौरव गुप्ता आदि ने उपस्थित अतिथियों का बैज लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर जहां एक ओर बार एसोसिएशन धामपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहिद अली एड. एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए शहबाज अनवर को शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड भेटकर सम्मानित किया गया। वहीं क्लब के शाहिद अली एडवोकेट को बार एसोसिएशन धामपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने पर क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम सहित पत्रकार साथियों व अतिथियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं शील्ड भेंटकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर कार्यक्रम की सफलता में सहयोग हेतू कामिल खान को भी एजाज से नवाजा गया। उपस्थित समस्त पत्रकार बंधुओं, गणमान्य व्यक्तियों एवं मंचासीन अतिथियों ने क्लब के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एसएम असलम को भी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पत्रकारों से जनहित, देश एवं समाज हित में निष्पक्ष पत्रकारिता करने का आह्वान किया। वहीं अपने संबोधन में पत्रकारों ने मिशनरी पत्रकारिता का संकल्प दोहराते हुए पत्रकारिता का धर्म निभाने का यकीन दिलाया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र जोगेंद्र को उसके गलत आचरण के कारण उससे अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इसका मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

शेर सिंह पुत्र पणवा
निवासी ग्राम अमरपुर नैन
तहसील देवबंद जिला सहारनपुर

## आईपीएल-2025 फाइनल मुकाबला

# बेंगलुरु ने पंजाब को 191 का लक्ष्य दिया

- विराट कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाए, अर्शदीप ने आखिरी ओवर में तीन विकेट लिए
- फाइनल देखने पहुंची अनुष्का शर्मा, टीमों ने लीग स्टेज में 9-9 मैच जीते, भारी संख्या में पहुंचे दर्शक



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल फाइनल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 191 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में बेंगलुरु की ओर से विराट को. हली ने 35 गेंदों पर 43 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। हालांकि, जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए।

पंजाब की ओर से काइल जेमिसन ने 3 और अर्शदीप ने 3 विकेट लिए। अर्शदीप को तीनों विकेट आखिरी ओवर में मिले। आईपीएल का 18वां सीजन खेल रही इन दोनों टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी पहला फाइनल खेल रही है। उधर, पंजाब भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार, क्रुणाल पांड्या और रोमारियो शेफर्ड को पवेलियन की राह दिखाई है। उन्होंने महज 3 रन दिए। 18वें ओवर की चौथी बाल पर विजयकुमार वैशाख ने जितेश शर्मा को 24 रन पर बोल्ड कर दिया। वैशाख ने 134 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से सीम-अप लेंथ बाल चौथे स्टंप लाइन पर फेंकी। जितेश ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले से लगकर पिछले पैर पर गई और फिर स्टंप्स को हल्का सा छू गई। बेल्स गिर गईं। व्यासक ने जश्न मनाने के लिए हाथ उठाया लेकिन फिर खुद को रोक लिया। इसी ओवर में प्रवीण दुबे से रोमारियो शेफर्ड का कैच ड्राप हुआ। 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने काइल जैमिसन की बाल पर 3 छक्के मारे। इसी ओवर की 5वीं बाल पर लियम लिविंगस्टन पगबाधा हो गए। उन्होने 25 रन बनाए। 17वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। काइल जैमिसन के ओवर की पहली बाल पर जितेश शर्मा ने छक्का लगाकर टीम को 150 पार पहुंचाया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने चौथा विकेट गंवाया। यहां विराट कोहली 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजई ने अपनी ही बाल पर कैच किया। 12वें ओवर में बेंगलुरु ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कोहली ने चहल की 5वीं बाल पर दो रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 11वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान रजत पाटीदार 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जैमिसन स्ठॅ किया। उन्होंने फिल साल्ट द्ध16 रनऋ को पावरप्ले में कैच कराया था। बेंगलुरु ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। यहां युजवेंद्र चहल ने मयंक अग्रवाल को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच आउट कराया। चहल ने मयंक को आईपीएल में 8वीं बार आउट किया है। चहल ने अपने पहले ओवर में विकेट हासिल किया है। फाइनल में आरसीबी की शुरुआत खास नहीं रही। टीम ने अपना पहला विकेट फिल साल्ट के रूप में 18 रन पर गंवा दिया। साल्ट 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें काइल जेमिसन ने पवेलियन भेजा। इसके बाद कोहली और अग्रवाल ने मिलकर पारी संभाली। आरसीबी ने दूसरे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल काइल जैमिसन ने गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पोजिशन पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच हो गए। साल्ट ने 9 गेंद पर 16 रन बनाए। पंजाब किंग्स से अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। उन्होंने वाइड से शुरुआत की। फिल साल्ट ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर चौका लगाया। ओवर से 13 रन बने। 18 सीजन में आरसीबी चौथा ही फाइनल खेल रही है। टीम ने इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में भी खिताबी मुकाबले खेले। हर बार टीम ने बाद में बैटिंग की, उन्हें अब पहली बार फाइनल में पहले बैटिंग करने का मौका मिला। 2025 से पहले टीम ने 2 बार टास हारा था, वहीं 2009 में टॉस जीतकर बालिंग चुनी थी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को 2014 में टॉस हारकर पहले बैटिंग करनी पड़ी थी। टीम ने अब टास जीता और पहले बालिंग चुनी। टॉस के दौरान दोनों कप्तानों के साथ मौजूद रहे कामेंटेटर रवि शास्त्री ने गलती से कह दिया कि पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। जबकि श्रेयस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।







## गुकेश ने हमवतन ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को हराया

**जीत के साथ ही गुकेश के 11.5 अंक हो गए है और वे चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है**

**नोंवे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। यह टूर्नामेंट में गुक. ेश की लगातार दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही गुकेश के 11-5 अंक हो गए हैं और वह चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। अमे. रिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली को चीन की लेई टिंगजी से हार का सामना करना पड़ा।



## जोकोविच ने नोरी को दी मात

- **नोवाक ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के केमरून को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की**



**पेरिस, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जो. कोविच ने फेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है। वहीं कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा। मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि यह बहुत सुंदर संख्या है, लेकिन 101 जीत बेहतर लगती है। मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है। मैं इस खेल में इतिहास रचकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसने मुझे मेरे जीवन में सब कुछ दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। महिला वर्ग में 22 वर्षीय फांसीसी वाइल्डकार्ड लोइस बोइसन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की और 2017 के बाद से रोलांड गैरोस के अंतिम आठ में पहुँचने वाली पहली फांसीसी महिला बन गईं। एक अन्य मैच में अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने रूस की एकटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 6-0, 7-5 से हराया।

### खेल विशेष

## रोड्रिग्स 'मई प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित हुई



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मई महीने के पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन की घोषणा की है। आईसीसी ने महिला वर्ग में पिछले महीने में सफेद गेंद प्रारुप में बेहत. रीन बल्लेबाजी करने वाली भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और दक्षिण अफीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को 'मई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के चयन को लेकर नामित किया हैं। पुरुष वर्ग में स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और अमेरिका के मिलिंद कुमार ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दावेदारी की है।

## इंडिया-ए व इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफियल टेस्ट ड्रा

**कैंटरबरी, वार्ता।** इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रा हो गया। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन शुक्रवार को इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बालिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया। दूसरा मुकाबला 6 जून से खेला जाएगा।



## न्यूजीलैंड क्रिकेट की केन्द्रीय अनुबंध सूची में चार नए चेहरे शामिल

- **विलियमसन, कॉन्वे, फिल, लॉकी ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास, तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स और लेग स्पिनर आदित्य अशोक चार नए चेहरों को इस बार केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनु. बंध में ईश सोढ़ी, एजाज पटेल, टिम साउथी और जोश क्लार्कसन को इस वर्ष अनुबंध की पेशकश नहीं की गई।

इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है। उनके आकस्मिक खेल अनुबंधों पर चर्चा जारी है। नए चेहरों में मिशेल हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवासीय सीरीज के दौरान नाबाद 99 रन बनाए थे और अब्बास ने इसी श्रृंखला के दौरान 24 गेंदों पर सबसे तेज अपना पहला एकदिवसीय में अर्धशतक बनाया था। फॉल्क्स ने दस टी-20 मैच खेले हैं और पिछले वर्ष श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एकदिवसीय में पदार्पण किया था। अशोक ने 2023 में तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ टीम का हिस्सा थे और हाल ही में न्यूजीलैंड ए के बंगलाद. ेश दौरे पर उन्होंने चार दिवसीय मैच में 54 रन देकर पांच विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। न्यूजलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वेनिंक ने नए केन्द्रीय अनुबंध को लेकर कहा कि मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे साथ आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं।

## 'डुबकी किंग'

# परदीप नरवाल ने लिया संन्यास



- **परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, उन्होंने कबड् डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया है**

**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर परदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है। परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा, ह्नसच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं। परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोी. चंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया। वह पीकेएल में 1000 और 1500 रेड प्वाइंट्स पार करने वाले पहले खिलाड़ी बने। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने 2016 कबड्डी वर्ल्ड कप, 2017 एशियन कबड्डी चैंपियनशिप और 2018 दुबई कबड्डी मास्टर्स जीते। परदीप को उनकी खास चाल 'डुबकी' की वजह से प्यार से उन्हें डुबकी किंग कहा जाता है। उन्होंने कुल 190 मैचों में 1801 रेड प्वाइंट्स लेकर प्रो कबड्डी के सबसे सफल रेडर के रूप में संन्यास लिया। पटना पाइरेट्स के अलावा परदीप ने बेंगलुरु बुल्स और यूपी योद्धा के लिए भी खेला है।

## रुद्रांश, संजीव और आमिर की टीम ने डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में जीता रजत पदक

**व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप (डब्लयूएसपीईस) 2025 के चौथे दिन मंगलवार को स्टैंडर्ड एयर पिस्टल स्पर्धा में रुद्रांश खंडेलवाल, संजीव गिरी और आमिर अहमद भट की टीम ने रजत पदक जीता। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश खंडेलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि कल 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते थे।

# डीएम एसएसपी का स्लाटर हाऊस पर निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा गागलहेडी स्थित एएलएम यांत्रिक स्लॉटर हाउस का औचक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का परीक्षण कर सत्यापन किया गया। पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को संतोषप्रद पाया गया। उन्होंने गेट के एंट्री पॉइंट के सीसीटीवी रिकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया।

श्री बंसल ने संबंधित को नियमों का अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई को और बेहतर करने तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया।



इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एमपी सिंह गौर, कउ सदर सुबोध कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रह।

## प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी हराम: राव मुशर्रफ

**सहारनपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राव मुशर्रफ ने कहा कि प्रति. बंधित पशुओं की कुर्बानी हराम है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मेरठ प्रांत संयोजक राव मुशर्रफ अली ने कहा कि देश में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी करना हराम है। उन्होंने इसे इस्लाम धर्म की मूल भावनाओं के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह इस्लाम धर्म में प्रतिबंधित जानवर खाना और शराब पीना हराम है, उसी तरह भारत में जिन पशुओं की कुर्बानी पर प्रतिबंध है, उनकी कुर्बानी देना भी हराम है। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील की कि वे कानून का पालन करें और शांति व सौहार्द बनाए रखें। उनका यह बयान बकरीद से पहले सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# नगर आयुक्त आज जेल चुंगी पर कैंप में सुनेंगे जन समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी कल बुधवार को वार्ड एक में जेल चुंगी पर आयोजित निगम के कैंप में लोगों की पथ प्रकाश, सफाई, सड़क व नाला निर्माण आदि समस्याएं सुनेंगे।

निगम के सभी आला अफसर भी उनके साथ कैंप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वार्ड दो व वार्ड तीन में आयोजित कैंपों में भी निगम के अधिकारी लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान का प्रयास करेंगे। वार्डो में समस्या सुनने का यह अभियान कल 04 जून से शुरु होकर 09 जुलाई तक चलेगा। अधिकारी हर दिन तीन वार्डो में सुबह साढे दस बजे से साढे ग्यारह बजे तक सुनवाई करेंगे।

नगर निगम से जारी रोस्टर के अनुसार वार्ड एक में जेल चुंगी पर अतर सिह फौजी के यहां निगम द्वारा आयोजित कैंप में नगरायुक्त शिपू गिरी समस्याएं सुनेंगे। उनके साथ मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह तथा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता कैंप में शामिल रहेंगे।

इसके अतिरिक्त कल बुधवार को ही वार्ड दो में सुबह साढे दस बजे से साढे ग्यारह बजे तक निगम अधिकारी मल्हीपुर रोड स्थित यमुना एक्शन प्लांट पुलिस चौकी पर समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इस कैंप में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, अधि.अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, अधि. अभियंता जलकल वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति चौधरी उपस्थित रहेंगी।

इसके अलावा वार्ड तीन में ओ. जपुरा में लाल सिह हलवाई के सामने कैंप आयोजित होगा। जिसमें अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार, सहायक अभियंता जलकल ओम प्रकाश, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व कर अधीक्षक सुधीर शर्मा लोगों की समस्याएं सुनेंगे।05 जून को वार्ड तीन, चार व वार्ड छह में कैंप आयोजित किये जायेंगे। जिसमें समस्याएं सुनी जायेगी।

# विश्व साईकिल दिवस पर निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए साइकिल मोटीवेशन ऑफ इण्डिया द्वारा नगर में साइकिल रैली निकाली गयी।

हसनपुर चौक से साइकिल रैली का शुभारंभ राकेशवीर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। साइकिल मोटीवेशन के संस्थापक प्रेम सिंह तोमर ने बताया कि रैली का उद्देश्य क्लीन सिटी ग्रीन सिटी हो हमारा स्मार्ट सिटी, नया सवेरा लाना है स्वच्छता का संदेश फैलाना है, हमारा शहर बनेगा नम्बर वन हम सबके सहयोग से हमारा शहर साफ हो इसमें सबका साथ हो। उन्होने कहा कि साइकिल को हमें अपने दैनिक कार्यो को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि साइकिल चलाने से हमारा स्वास्थ्य सही रहता है दूसरा आज कल की जिन्दगी में हम इस्तेमाल कर रहे वाहनों से प्रदूषण नुकसान को भी बचा सकते है।



इस दौरान राकेश मक्कड, उप क्रीडाधिकारी अरूणा अरोडा, कोच लाल धर्मेन्द्र प्रताप, राकेश सिंह, अरविन्द मलिक, अनुभव, अगम तोमर, शबाना खान, सोनूवीर, अनमोल, खुशी, आकांक्षा, शगुन, रवि, आदर्श, अमित, परितोष कालरा, फनिश तलवार आदि मौजूद रहे।

## रूट डायवर्जन से बढ़ा हादसों का खतरा

**चिलकाना।** सुल्तानपुर, गंदेवड़ मार्ग पर सेतु निर्माण कार्य आरम्भ हो गया है, लेकिन सेतु निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी सम्बंधित विभाग द्वारा रूट डायवर्जन न किये जाना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

बतातें चले कि चिलकाना सुल्तानपुर गंदेवड़ रोड पर किमी.15 मस्कराव नदी के बरसाती नाले पर सेतु निर्माण का कार्य आरम्भ हो चुका है। जिसके चलते सड़क के किनारे बड़े बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं। सेतु निर्माण कार्य कर रही कम्पनी द्वारा अस्थाई पुल के दोनो ओर भारी वाहनों को यहां से आवागमन न करने हेतु बड़े बड़े चेतावनी बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। लेकिन सम्बंधित विभाग द्वारा अभी तक भी रूट डायवर्जन हेतु निर्देश जारी नही किये गए हैं। जिसके चलते हल्के भारी वाहनों का आवागमन ठीक उसी जगह से हो रहा है जहां पर सेतु निर्माण का कार्य आरम्भ हो चुका है।

जबकि उक्त निर्माण के चलते सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों से सड़क तंग होने के साथ साथ कमजोर भी पड़ गई है। जिस कारण यहां किसी भी समय कोई भी भारी वाहन पलटकर खाई में गिर सकता है जिससे कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लेकिन यातायात विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। वहीं उक्त पुल के निर्माण का कार्य सुचारू एवं सुरक्षात्मक रूप से किये जाने हेतु निर्माण कार्य कर रही कम्पनी ठेकेदार द्वारा पत्र लिखकर परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड, सेतु निर्माण इकाई, सहारनपुर से रूट डायवर्जन करवाये जाने की अनुमति मांगी गई है।

# दलित उत्पीड़न के खिलाफ उतरेंगे सड़कों पर: जगपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित उत्पीडन बंद न हुआ तो हमें सडकों पर आना पडेगा।

जगपाल सिंह ने बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती द्वारा एक्स पर की गयी पोस्ट का हवाला देते हुए कहा कि बिहार के जिला मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म व उसे चाकू से गोदकर मारने तथा फिर पटना अस्पताल में इलाज में देरी के कारण हुई मौत राज्य की बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। बिहार सरकार सभी दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर पीडित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति न हो सके। उन्होने बताया कि बहनजी ने सरकार से मांग की है कि दलितों को न्याय दिलाने की हरसंभव मदद की जाये।

उन्होंने सरकार को चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि हम लोग सड़को पर आ गए तो मौजूदा सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेंगे इसके साथ ही बहुजन समाज के युवा कार्यकर्ताओ को निर्देशित करते हुए कहा की युवा वर्ग कोई भी काम जोश में आकर न करें बल्कि कानून के दायरे में रहकर अपने हको की लड़ाई को लड़े साथ ही उन्होंने बिहार की मौजूदा सरकार द्वारा अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देना का काम करने की मांग की।

# पौधा भेंट कर की एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत



**सहारनपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हीपुर के समर कैंप में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.00की शुरुआत विद्यालय को एक पौधा भेंट कर करते हुए की तथा समर कैंप की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका श्रीमती वीणा एवं अन्य अध्यापक अनुदेशक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# त्यौहारों को शांति से कराने को बनाएं कार्ययोजना: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने निगम अधिकारियों को अगले चार दिन के त्यौहारों को निर्विघ्न व शांतिपूर्ण समपन्न कराने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल चार जून को गंगा दशहरा, पांच जून को पर्यावरण दिवस व 7 जून को ईद उल अजहा का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि पथ प्रकश व सफाई आदि की कहीं कोई समस्या है तो उसका समय से निस्तारण करायें। नगरायुक्त ने जनसुनवाई में आयी शिकायतों के संदर्भ में उक्त निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बकरीद को ध्यान में रखते हुए जो संवेदनशील स्थान रहे हैं, उन स्थानों पर खास ध्यान रखें और पूरा प्रयास करें कि किसी भी तरह की पुरानी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



उन्होंने पथ प्रकाश प्रभारी को निर्देश दिए कि एक कर्मचारी रात भर सड़कों पर घूम-घूमकर स्ट्रीट लाइट की जानकारी करें कि कहीं काई लाइट खराब तो नहीं है, यदि किसी क्षेत्र में लाइट खराब की सूचना मिलती है तो उसे समय रहते ठीक कराएं।

जनसुनवाई में आज आयी नौ शिकायतों में से दो शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने गत जनसुनवाई में लंबित शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

वार्ड संख्या 63 राजपूत कॉलोनी के नसीब खान ने मस्जिद वाली गली में साफ सफाई कराने के लिए तथा वार्ड 46 सरदार कॉलोनी के राकेश कुमार ने नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर तत्काल सफाई निरीक्षक व कर्मचारी भेजकर साफ सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 7 के जावेद ने रेंच के पुल से मिगलानी बिल्डिंग तक नाले की पटरी की साफ सफाई कराने, वार्ड 13 नानकपुरा के राजेश ने नानकपुरा के पीछे पडे खाली प्लाट की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

ब्रहमपुरी कॉलोनी के अजय त्यागी एवं अनेक महिलाओं ने प्रार्थना पत्र देकर कॉलोनी में अवैध रुप से सूअर पालन करने की शिकायत करते हुए उसे बंद कराने को कहा। इसके अलावा वार्ड 24 गोविंद नगर की निमता शर्मा ने कॉलोनी में रेलवे लाइन के निकट अवैध रुप से चलायी जा रही पशु डेरी को बंद कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। निगरायुक्त ने दोनों मामलों में पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## वार्षिक उत्सव 4 से शुरू

**गंगोह।** माता वैष्णो देवी धाम के वार्षिक उत्सव बुधवार 4 जून से शुरु होंगे, जो 7 जून तक चलेंगे। महावीर संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई है।

बाबा हरिदास मार्ग स्थित गुफा वाले मंदिर के नाम से विख्यात वैष्णों धाम के 14वें वार्षिक उत्सव पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम का आरंभ दुर्गा पाठ से होगा। माता को वस्त्र व श्रंगार अर्पण होगा और मां के नाम की मेहंदी सजाई जायेगी। मां ज्वाला से लाई गई ज्योति का साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी और सायं को भंडारे का आयोजन होगा। 6 जून को 30वें विशाल भगवती जागरण में मां का भव्य दरबार सजेगा और अतिथि श्री राज सहगल एण्ड पार्टी दिल्ली व श्री मां वैष्णों सेवा मंडल माता महामाई का गुणगान करेंगे। समापन 7 जून की प्रात: माता तारारानी की कथा उपरान्त प्रसाद वितरण से होगा। महावीर संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई है।

# ईद पर मिले समुचित सुविधा: मौलाना फरीद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी ने निरीक्षण पर आये नगर आयुक्त शिपू गिरी का स्वागत करते हुए समुचित व्यवस्थाओं की मांग की। जिस पर नगर आयुक्त ने उन्हे ईद उल अजहा पर पूरी व्यवस्थाओं का भरोसा दिया।

नगर आयुक्त शिपू गिरी आज ईद उल अजहा के दृष्टिगत क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेने जामा मस्जिद क्षेत्र पहुंचे थे जहां उनका जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी ने बुके भेंटकर स्वागत किया और कहा कि निगम की ओर से ईद उल अजहा पर पूरे नगर क्षेत्र व निगम में शामिल 32 गांवों में समुचित व्यवस्थाएं की जाये। नगर आयुक्त ने मौलाना फरीद मजाहिरी से कहा कि नगर निगम त्यौहारों पर नगर वासियों को सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति संकल्पबद्ध है और ईद उल अजहा के मौके पर भी समुचित व्यवस्थाएं रहेगी। इस दौरान पार्षद मन्सूर बदर के अलावा निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# योजना में पूरा करें शत प्रतिशत लक्ष्य: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनांतर्गत संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं वैण्डर्स के साथ आयोजित बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। पीएम सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी एवं प्रचार प्रसार, वेण्डर्स की समस्याओं, नेटमीटर की उपलब्धता व ससमय स्थापना, बिजली बिल का समय से निर्गमन व संशोधन आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। श्री बंसल ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। योजना के अंतर्गत जनपद को आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों को ऑनलाईन पंजीकरण के उपरान्त उन्हे शत-प्रतिशत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि पीएम सूर्यघर योजनांतर्गत नियमानुसार विद्युत बिल जारी किए जाए। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, पीओ नेडा, वैण्डर्स, एलडीएम का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। समस्याओं को रूटीन आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि योजनान्तर्गत विद्युत बिलों में आ रही समस्याओं संबंधी प्रकरणों का एक सप्ताह के अंदर समाधान सुनिश्चित किया जाए अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी।



जिलाधिकारी ने पीओ नेडा को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर होने वाली मासिम बैठक से पहले वैण्डर्स के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं एवं लम्बित प्रकरणों को बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य करने वाली कम्पनी के लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत स्थापित संयत्र के रख-रखाव के बारे में भी लाभार्थियों को जानकारी दी जाए तथा संयत्र स्थापना हेतु लाभार्थियों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जाए। आमजन के मध्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पीएम सूर्य घर योजना मुफ्त बिजली योजना के तहत 1 से 10 किलोवाट तक स्थापित संयंत्रों पर सब्सिडी का लाभ दिए जाएगा। 45 हजार से लेकर करीब 1.08 लाख रुपये का अनुदान मिल सकता है।

इस अवसर पर चीफ इंजीनियर विद्युत राज. ेश कुमार, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, पीओ नेडा आरबी वर्मा आदि मौजूद रहे।

# 15 को सम्मानित होंगे छात्र-छात्राएं व शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी एवं बामियान बुद्ध विहार के संस्थापक दिवंगत ज्ञानचन्द आजाद की आगामी 15 जून को जयन्ती समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

ज्ञानचंद आजाद फाउंडेशन की सचिव इंदु गौतम ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि समा. जसेवी एवं बामियान बुद्ध विहार के संस्थापक दिवंगत ज्ञानचन्द आजाद की जयन्ती का कार्यक्रम 15 जून को धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु ज्ञानचन्द आजाद के महत्वपूर्ण योगदान को दृष्टिगत रखते हुए इस अवसर पर मेधावी छात्रों, शिक्षकों व विशेष उपलब्धि पाने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। सचिव इन्दु गौतम ने बताया कि 10वीं व 12वीं कक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं शहरी क्षेत्र के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। मेधावी छात्र सम्मान हेतु सभी छात्र जे.पी. सिंह देवल से सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर निर्धन कन्याओं का विवाह भी कराया जायेगा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए इन्दु गौतम ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक व प्रेरणादायक कार्यक्रम ज्ञानचन्द आजाद को सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। प्रेसवार्ता में ओम प्रकाश, रामजी लाल, गणेश प्रसाद, नरेश कुमार, सचिन सोनी, वेदप्रक. ाश, शोभारामी, साधुराम, अशोक भारती, सुमित एडवोकेट, संजय बर्मन, एवं शिमला देवी आदि उपस्थित रहे।



## नशा तस्कर दबोचे

**गंगोह।** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस का अपराध नियंत्रण व अवैध नशे की तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चला रही है।

कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान फिर नशा तरस्कर अमजद व उसकी पत्नी मूसर्रत निवासीगण ग्राम बाढी माजरा को पशु पैठ तिराहे के पासे से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 580 ग्राम स्मैक, 310 ग्राम स्मैक मे मिश्रित करने वाला सफेद पाउडर, 33500 की नकदी, एक इलैक्ट्रानिक कांटा, एक बाइक, दो मोबाइल, जेवरात व एक तमंचा, 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 58 लाख रूपये बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह स्मैक सस्ते दाम मे खरीदकर आस पास के क्षेत्रों मे अधिक कीमत मे बेचते हैं। यह स्मैक उन्होंने घाटमपुर निवासी एक व्यक्ति से खरीदी थी।

# विधायक अशरफ के नेतृत्व में डीएम से मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विभिन्न जन समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोक. दल का एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक अशरफ अली खान के नेतृत्व में डीआईजी एवं जिलाधिकारी से मुलाकात की और समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

आज थानाभवन से रालोद विधायक अशरफ अली खान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी अभिषेक सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल से उनके कार्यालय में मिला। विधायक अशरफ अली खान ने दोनों अधिकारियों को कार्यकर्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया जिनका निराकरण तुरंत ही संबंधित विभागों को निर्देश देकर कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव धीरसिंह, जिलाध्यक्ष शाहजमां खान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शामली अरविंद झाल, नगराध्यक्ष नानौता शहजाद मलिक, अनुराग चौधरी उपस्थित रहे।

# संसद सत्र की मांग

मंगलवार को एक बार फिर इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा, इस पर चर्चा व जानने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग प्रधानमंत्री से एक पत्र लिखकर की गई। पत्र लिखने से पूर्व इंडिया समूह की एक बैठक हुई। जिसमें 16 दलों ने हिस्सा लिया। पत्र में 16 दलों के नेताओं के ही हस्ताक्षर हैं। बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुख, शिवसेना उद्धव गुट, राजद, नेशनल कान्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आईयूएमएल, आरएसपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हिस्सा लिया। दिलचस्प बात यह रही कि इसमें आप, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) ने हिस्सा नहीं लिया। विपक्ष पहले ही मांग करता रहा है कि संसद का सत्र बुलाना चाहिए और सरकार को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में हमने किस तरह की उपलब्धि हासिल की है। इन सब नेताओं का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमले की बाद की स्थिति और सांसद के सात प्रतिनिधिमंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानी में भेजकर आतंकवाद पर अपना पक्ष रखने के लिए भेजा जा रहा है। विपक्ष यह भी जानना चाहता है कि यह प्रतिनिधिमंडल कितना सफल रहा, इस पर भी देश को बताना चाहिए। विपक्षी इंडिया समूह के नेताओं की शिकायत है कि सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता। इंडिया समूह के नेताओं का मानना है कि संसद सत्र बुलाना आवश्यक है। ताकि सांसदों और देश को पूरे घटनाचक्र की जानकारी मिल सके। जैसेकि बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा, शिवसेना उद्धव गुट के संजय राउत ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कई सवाल खड़े किए। सपा के रामगोपाल यादव ने यहां तक कहा कि पहलगाम हमले के बाद आतंकी ठिकानों पर हमला और फिर पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई हुई, उसमें कितने सफल हुए। उन्होंने जानना चाहा कि किन देशों ने इस कार्रवाई में हमारा साथ दिया। उन्होंने खुद ही जवाब भी दे डाला। इस कार्रवाई के दौरान एक भी देश भारत के समर्थन में नहीं आया, जबकि पाक का कई देशों ने खुलकर समर्थन किया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि ऑपरेशन सिंदूर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह सफल रहा, लेकिन यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि भारत में इसको लेकर जमकर राजनीति हो रही है और सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही इस पर जमकर राजनीति करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी राजनीति के चलते ही देश में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। यह भ्रम के बादल तभी छंट सकते हैं जब खुले विचारों के साथ इस पर चर्चा हो और चर्चा के लिए संसद से बेहतर स्थान कौन सा हो सकता है। यूं भी सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

## हमें मनाने की जरूरत नहीं है



संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई, हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है, हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी, हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था, अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी, उन्हें मनाना पड़ता, हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते, हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, यही मूल संदेश है।

**-शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# पृथ्वी पर मिली जीवों की नई प्रजातियां

हर वर्ष वैज्ञानिक पृथ्वी की अनछुई, अनदेखी और अनजानी जगहों पर शोध करते हैं, जिनका उद्देश्य प्रकृति की जैव विविधता को समझना और संरक्षित करना होता है। वर्ष 2025 इस .ष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इस वर्ष विभिन्न महाद्वीपों, महासागरों और पर्वतीय इलाकों में वैज्ञानिकों ने कई नई पशु प्रजातियों की खोज की, जिनमें से कुछ अपने व्यवहार, आकार, रंग या जीवनशैली के लिए विलक्षण हैं। इन खोजों ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को रोमांचित किया, बल्कि आम लोगों की प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता भी बढ़ाई।

इन नई प्रजातियों की खोज से यह स्पष्ट हो जाता है कि पृथ्वी पर अभी भी लाखों ऐसे जीव मौजूद हैं जिन्हें हमने देखा तक नहीं है। विश्व भर में पर्यावरणीय परिवर्तन, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, वहीं कुछ अब जाकर हमारे ज्ञान में शामिल हो रही हैं। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां इसी तथ्य की पुष्टि करती हैं कि प्रकृति में रहस्य अब भी बहुत बचे हुए हैं।

## खोज की पृष्ठभूमि और स्थान

2025 में खोजे गए अधिकांश जानवर घने वर्षावनों, गहरे समुद्रों और दूरस्थ पहाड़ी इलाकों से संबंधित हैं। अमेजन के वर्षावनों, कांगो बेसिन, इंडोनेशिया के द्वीपों, ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ क्षेत्रों और भारत के पूर्वोत्तर पर्वतीय अंचलों में कई नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इन क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक होती है और मनुष्यों की पहुंच अपेक्षाकृत कम, जिसके कारण यहां नई प्रजातियों की संभावना अधिक होती है।

**उल्लेखनीय स्थान जहां से महत्वपूर्ण खोजें हुईं-**

- ब्राजील का अंधकारमय अमेजन जंगल
- इंडोनेशिया का सुलावेसी द्वीप
- भारत का अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड क्षेत्र
- मेडागास्कर का पश्चिमी भाग
- ऑस्ट्रेलिया की किम्बरली रेंज
- गहरे समुद्र के तल पर स्थित थर्मल वेंट्स

इन स्थानों से खोजे गए जीवों में स्तनधारी, उभयचर, सरीसृप, कीट, मछलियां और समुद्री अकशेरुकी प्रजातियां शामिल हैं।

## नीली आंखों वाला जंगल बिलाव

**(Blue-eyed Forest Cat)**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर खोजा गया यह बिलाव अपनी चमकीली नीली आंखों और घने भूरे फर के लिए जाना जा रहा है। यह मुख्य रूप से रात्रिचर है और घने जंगलों में अकेला घूमता है। इसकी शारीरिक संरचना पारंपरिक बिल्ली से थोड़ी बड़ी है।

## गूंजती आवाज वाला मेढक

**(Echo Tree Frog)**



अमेजन वर्षावन में खोजा गया यह उभयचर प्राणी बेहद छोटी काया वाला है लेकिन इसकी आवाज कई मीटर दूर तक सुनाई देती है। इसका रंग चमकीला हरा और पीला होता है, जो इसे वन में छिपने में मदद करता है। इसकी खोज उस समय हुई जब शोधकर्ता पेड़ों की ऊंचाई पर लगे साउंड सेंसर की जांच कर रहे थे।

## दूधिया रंग की गुफा मछली

**(Milky Cavefish)**

भारत के मेघालय राज्य की एक गुफा में पाई गई यह मछली पूरी तरह से सफेद और पारदर्शी है। इसकी आंखें विकसित नहीं हैं क्योंकि यह अंधेरी गुफाओं में रहती है। यह जलस्त्रोत की सतह पर तैरने की बजाय गहराई में रहकर बायोफ्लोरसेंस तकनीक से दिशा का निर्धारण करती है।

## कठोर कवच वाली समुद्री मकड़ी

**(Armored Sea Spider)**

अंटार्कटिक महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को एक ऐसी समुद्री मकड़ी मिली है, जिसका शरीर धातु जैसे कठोर कवच से ढका हुआ है। यह प्रजाति अत्यंत ठंडे पानी में जीवित रहने के लिए विकसित हुई है और इसकी चाल अत्यंत धीमी होती है। इसकी लंबाई लगभग 15 सेंटीमीटर होती है।

## गायन करने वाला चमगादड़

**(Singing Bat)**

ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली क्षेत्र में पाया गया यह चमगादड़ रात के समय एक विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न करता है जो पक्षियों की चहचहाहट जैसी लगती है। यह ध्वनि मुख्य रूप से साथी को आकर्षित करने और क्षेत्र की सीमा तय करने के लिए होती है। इस प्रजाति का नाम वैज्ञानिकों ने Vespertilio sonatus रखा है।

## बर्फीले खरगोश जैसा स्तनधारी

**(Ice Rabbit Mole)**

साइबेरिया के एक जमी हुई सुरंग में पाए गए इस छोटे स्तनधारी का शरीर खरगोश जैसा और पैर तिलचट्टे जैसे हैं। यह अत्यधिक ठंड में जमीन के नीचे रहने वाला प्राणी है जो बर्फ के नीचे कीट और छोटे पौधों की जड़ों पर निर्भर करता है।

## रंग बदलने वाला पंखहीन पक्षी

**(Featherless Chameleon Bird)**

मेडागास्कर से खोजा गया यह पक्षी वैज्ञानिकों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है क्योंकि इसमें पंख नहीं होते, लेकिन इसकी त्वचा में रंग बदलने की क्षमता है जैसे गिरगिट में होती है। यह जमीन पर रहने वाला पक्षी है जो मुख्यत: फल और छोटे कीड़ों का भक्षण करता है।

## सुनहरी आंखों वाला अजगर

**(Golden&eyed Python)**

भारत के अरुणाचल प्रदेश में खोजा गया यह अजगर अत्यंत दुर्लभ और शांत प्रकृति का है। इसकी त्वचा हल्के पीले रंग की होती है और आंखें सुनहरी चमक लिए होती हैं। यह पेड़ों पर रहने वाला अजगर है जो छोटे स्तनधारियों और पक्षियों को अपना आहार बनाता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण और खोज का महत्व**

इन सभी खोजों का वैज्ञानिक महत्त्व अत्यधिक है। एक नई प्रजाति की पहचान करने के लिए मात्र दिखने में भिन्नता पर्याप्त नहीं होती, बल्कि डीएनए विश्लेषण, व्यवहार अध्ययन, भोजन प्रणाली, प्रजनन प्रक्रिया आदि का सूक्ष्म विश्लेषण किया जाता है। इन सभी प्रजातियों को अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान संस्थानों द्वारा सत्यापित किया गया और उन्हें संबंधित जीव वर्गों में स्थान दिया गया। इन खोजों से यह भी पता चलता है कि पृथ्वी की जैव विविधता का केवल एक छोटा हिस्सा ही अब तक वैज्ञानिकों के ज्ञान में है। अनुमानत: लगभग 80 % जीव-जंतु अभी तक अज्ञात हैं और वे पृथ्वी के किसी न किसी छोर पर छिपे हुए हैं। नई प्रजातियां हमारी पारिस्थितिकी को समझने, दवाओं की खोज करने, और भविष्य की जलवायु रणनीतियों में मददगार हो सकती हैं।

**पर्यावरणीय चेतावनी और संरक्षण की आवश्यकता**

नव खोजी गई प्रजातियां अक्सर बेहद नाजुक होती हैं और उनके आवास में थोड़े से भी बदलाव से वे खतरे में पड़ सकती हैं। जैसे ही कोई प्रजाति खोजी जाती है, उस पर मानव गतिविधियां बढ़ जाती हैं . जैसे पर्यटन, शोध, और मीडिया का ध्यान। इसका दुष्प्रभाव यह होता है कि कभी-कभी नई प्रजातियां खोजे जाने के कुछ वर्षों में ही संकटग्रस्त श्रेणी में आ जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि इन नई प्रजातियों को खोजने के साथ-साथ उनके आवास का संरक्षण भी प्राथमिकता पर हो। अंतर्राष्ट्रीय संरक्षण संगठन जैसे **IUCN** को इन प्रजातियों की निगरानी करनी चाहिए और सरकारों को उनके पर्यावरण की रक्षा के लिए उचित नीतियां अपनानी चाहिए। 2025 में खोजी गई नई पशु प्रजातियां यह दिखाती हैं कि पृथ्वी अभी भी रहस्यों से भरी हुई है। इन खोजों ने वैज्ञानिक समुदाय के लिए नई चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान किए हैं।

साथ ही यह हम सबके लिए एक चेतावनी भी है कि जैव विविधता को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी सिर्फ वैज्ञानिकों की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यदि हम इस विविधता की रक्षा करने में असफल रहे, तो हम ऐसे अनगिनत रहस्यों को खो देंगे जिन्हें जानने का अवसर भी हमें कभी नहीं मिलेगा। आने वाले वर्षों में उम्मीद की जाती है कि और भी प्रजातियां प्रकाश में आएंगी, बशर्ते हम अपनी पृथ्वी और उसके जीवन को बचाने के लिए समर्पित रहें।



> “
> **पृथ्वी पर गिरगिट की 200 से ज्यादा प्रजातियाँ हैं और यह खूबसूरत गिरगिट सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक है। इसके आवास के लिए खतरे बढ़ते जा रहे हैं, इसलिए हजा जैसे समर्पित संरक्षणवादियों के प्रयासों के बिना, यह प्रजाति हमारे जीवनकाल में लगभग निश्चित रूप से विलुप्त हो जाएगी।**

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



**यशोदा श्रीवास्तव**

**तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है। लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है। प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निसंदेह उनकी भी छवि भारत विरा.धी ही रही है लेकिन इनमें खास यह है कि यह राजनी.तिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है।**

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है।

बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमश: राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृह मंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदू वादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदू वादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबड़ा गई। अंतत: हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया। दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में जबरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलन कारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की,कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए वैन कर दिया लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिली जुली साझा सरकार भले ही है लेकिन ए जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं। अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस ले कर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है। एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनारिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उनपर गहरा असर पड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ते तापमान से महिलाओं में बढ़ सकता है कैंसर का खतरा

जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तापमान बढ़ने के साथ महिलाओं में स्तन, अंडाशय द्धओवरीत्र्, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामले और मौतें दोनों बढ़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन का महिलाओं में कैंसर के खतरे पर क्या असर पड़ता है, यह जानने के लिए शोधकर्ताओं ने मध्य पूर्व और उत्तर अफीका के 17 देशों को चुना है। इनमें शामिल अल्जीरिया, बहरीन, मिस्र, ईरान, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन शामिल थे। गौरतलब है कि ए सभी देश जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील हैं और पहले ही तापमान में तेजी से होती वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वहीं आशंका है कि इस क्षेत्र में 2050 तक तापमान के चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही अपने अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इन देशों में स्तन, अंडाशय, गर्भाशय और सर्वाइकल कैंसर के मामलों और मौतों से जुड़े आंकड़ों को भी जुटाया है और उनकी तुलना 1998 से 2019 के बीच बढ़ते तापमान से की है।

**गर्मी और कैंसर के बीच है नाता**

शोध के नतीजे दर्शाते हैं कि तापमान में वृद्धि के साथ मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में स्तन, अंडाशय, सर्वाइकल और गर्भाशय कैंसर के मामले भी बढ़े हैं। वहीं कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया जैसे देशों में यह बढ़ोतरी सबसे अधिक देखी गई। यह वो देश हैं जो साल दर साल भीषण गर्मी का सामना करते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ ए चारों तरह के कैंसर कहीं ज्यादा आम और घातक हो रहे हैं। इस अध्ययन के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल फंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन से पता चला है कि तापमान में हर एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ महिलाओं में कैंसर के मामलों में प्रति लाख लोगों पर 173 से 280 मामलों तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें अंडाशय का कैंसर सबसे ज्यादा, जबकि स्तन कैंसर सबसे कम बढ़ा है। बढ़ते तापमान की वजह से सिर्फ कैंसर के मामले ही नहीं बढ़ रहे, इनसे होने वाली मौतों में भी इजाफा दर्ज किया गया है। आंकड़ों से पता चला है कि तापमान में हर डिग्री की बढ़ोतरी के साथ प्रति लाख लोगों पर होने वाली मौतों में 171 से 332 तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**किन देशों में बढ़ा खतरा?**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि कैंसर के मामलों और मौतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कतर, बहरीन, जॉर्डन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और सीरिया में दर्ज की गई है। हालांकि साथ ही अध्ययन में यह भी सामने आया है कि यह वृद्धि सभी देशों में एक समान नहीं थी। उदाहरण के लिए कतर में हर डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ स्तन कैंसर के मामले प्रति लाख लोगों पर 560 तक बढ़े, जबकि बहरीन में यह बढ़ोतरी 330 रिकॉर्ड की गई।

**क्यों बढ़ रहा है खतरा?**

वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अध्ययन दिखाता है कि बढ़ता तापमान इन कैंसरों की एक वजह हो सकता है। हालांकि हर देश में इसका प्रभाव अलग-अलग देखा गया। इसका मतलब है कि तापमान के अलावा भी कुछ और कारण कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ जगहों पर बढ़ती गर्मी के साथ हानिकारक वायु प्रदूषण भी बढ़ता है, जो कैंसर को फैलने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि बढ़ती गर्मी के साथ कई तरह से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। यह लोगों को कैंसर पैदा करने वाले केमिकल्स के संपर्क में लाता है। इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होती हैं, जिससे समय पर जांच और इलाज नहीं मिल पाता। बढ़ती गर्मी शरीर की कोशिकाओं पर भी असर डाल सकती है। ए सभी कारण मिलकर समय के साथ कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं।



**गरीब महिलाएं सबसे बड़ी शिकार**

काहिरा की अमेरिकन यूनिवर्सिटी और अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता डॉक्टर सुंगसू चुन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ष्महिलाएं प्राकृतिक रूप से खासकर गर्भावस्था के दौरान जलवायु से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता उनके जोखिम को और बढ़ा देती है। जो महिलाएं हाशिए पर जीवन जी रही हैं, वे कहीं अधिक प्रदूषण और पर्यावरणीय खतरों के संपर्क में आती हैं और उनके लिए समय पर जांच या इलाज नहीं मिल पाना मुश्किल होता है। गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान दुनिया के लिए पहले ही बड़ा खतरा बन चुका है। इससे सेहत पर असर पड़ रहा है। तापमान बढ़ने से खाने-पीने की चीजों की कमी और दूषित हवा की वजह से बीमारियों और मौतों का खतरा दुनिया भर में बढ़ रहा है। प्राकृतिक आपदाएं और अचानक से बदलता मौसम स्वास्थ्य सेवाओं समेत जरूरी बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कैंसर के मामले में, इसका मतलब है कि लोग ज्यादा जहरीले प्रदूषण के संपर्क में आते हैं और उन्हें सही समय पर जांच व इलाज नहीं मिल पाता। इन सभी कारणों से गंभीर कैंसर के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसका सही आंकलन करना मुश्किल है। अध्ययन के मुताबिक कैंसर के ज्यादा मामलों के सामने आने को बेहतर जांच प्रणाली से जोड़ कर भी देखा जा सकता है। लेकिन अगर जांच बेहतर हुई होती, तो मौतें भी कम होतीं क्योंकि शुरुआती चरण में कैंसर का इलाज आसान होता है। लेकिन यहां मामले और मौतें दोनों बढ़े हैं, जिससे लगता है कि असली कारण कहीं ज्यादा लोगों के जोखिम भरे कारकों से संपर्क में आना है। शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को स्वास्थ्य योजनाओं में तुरंत शामिल किया जाना चाहिए, ताकि इससे जुड़ी बीमारियों से निपटने की बेहतर तैयारी हो सके। वैज्ञानिकों ने जोर दिया है कि कैंसर की समय पर जांच के लिए स्क्रीनिंग कार्यक्रम को सशक्त किया जाना चाहिए। साथ ही जलवायु के प्रति मजबूत स्वास्थ्य तंत्र तैयार करने की जरूरत है। प्रदूषण और कैंसर की वजह बनने वाले जन्य कारकों के संपर्क को कम किए जाने की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगर इन उपायों को नहीं अपनाया गया, तो जलवायु परिवर्तन के साथ कैंसर का खतरा और ज्यादा बढ़ता जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर: सिर्फ पाक ही जानता है नुकसान का अंदाजा

## खुलासा: भारत ने जितना बताया उससे कहीं अधिक ठिकानों को सेना ने बनाया निशाना

**इस्लामाबाद।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इस सैन्य अभियान के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया था। इसके अलावा, 11 एयरबेस को भी निशाना बनाया गया था।

हालांकि, पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज (डोजियर) में नया खुलासा हुआ है। दरअसल, पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था। इससे जुड़े डोजियर में उसने स्वीकार किया है कि भारत ने सात अतिरिक्त ठिकानों पर भी हमले किए। डोजियर में दिखाए गए नक्शों में पेशावर, झांग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटक और छोर इलाकों पर हमले दिखाए गए हैं।

- पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था
- पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी



पिछले महीने हवाई हमलों के बाद मीडिया ब्रीफिंग में भारतीय वायु सेना या सैन्य महानिदेशक (डीजीएमओ) ने इन स्थानों का जिक्र नहीं किया था। इस नए खुलासे से पता चलता है कि भारत ने जिन इलाकों में हमले करने की बात की स्वीकार की थी, उससे कहीं अधिक गहराई में जाकर हमले किए गए थे। इससे यह बात भी समझ में आती है कि पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष विराम की गुहार क्यों लगाई थी। इस खुलासे से पाकिस्तान के उस दावे पर भी सवाल खड़ा होता है, जिसमें उसने कहा था कि उसने भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इससे पहले कई मीडिया ब्रीफिंग में ऑपरेशन सिंदूर की विस्तार से जानकारी दी थी और बताया था कि ये हमले कितनी सटीकता और योजना से किए गए। अब यह माना जा रहा है कि भारत की ओर से कुछ ठिकानों के नाम न बताना एक रणनीतिक फैसला था, जिससे पाकिस्तान खुद ही नुकसान की असली तस्वीर उजागर करे और भविष्य में वह कोई झूठा दावा न कर सके।

इससे पहले, मैक्सार टेक्नोलॉजीज की ओर जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए सटीक हवाई हमलों से हुए नुकसान को दिखाया गया था। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। जिन ठिकानों पर हमले हुए थे, उनमें बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल हैं। इसके अलावा जिन अन्य जगहों को निशाना बनाया गया उनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, रावलकोट, चकस्वारी, भिंबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल शामिल थे।

## ब्रिटिश संसद ने आतंकवाद को बताया लोकतंत्र के लिए खतरा

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल ने माना है कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित सैन्य अधिकारी आतंकवाद को एक सरकारी उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। उन्होंने भारत की उल्लेखनीय प्रगति की भी सराहना की, जिसमें डिजिटल परिवर्तन, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियां शामिल हैं।



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद साइकिल रिक्शा पर जलमग्न सड़क को पार करते लोग।

## भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की मेलिशया में आतंकवाद निरोधक शोध संस्थान के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मलेशिया में कुआलालंपुर में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एसईएआरसीसीटी) के महानिदेशक दतिन पादुका नूर आशिकिन मोहम्मद तैयब के नेतृत्व में केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने एसईएआरसीसीटी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में किसी भी और नाम से की जाने वाली आतंकवादी गतिविधि को रत्ती भर भी सहन न करने की भारत की सैद्धांतिक नीति और दृढ़ संकल्प की विस्तार से व्याख्या की। भारत के संसदीय दल ने एसईएआरसीसीटी के लोगों को विशेष रूप से पहलगाम में हाल ही में सीमा पार से आतंकवादी हमले के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात को समझाया। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान की सह पर आतंकवादियों ने बर्बर तरीके से चुन-चुन कर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिसमें एक नेपाल का नागरिक भी था।

## प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर हुई पाक टिकटॉक स्टार की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की सोमवार को उनके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना इस्लामाबाद के जी-13 इलाके में हुई। गोली मारने के बाद हमलावर भाग खड़ा हुआ था। इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि सना के हत्यारे का पता चल गया है।

अपराधी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया।

हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है और बेहद गरीब परिवार से आता है। आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है। रिजवी ने बताया कि सना ने 29 मई को अपना बर्थडे मनाया था। इस दिन संदिग्ध ने सना से मिलने की खूब कोशिश की थी।

- रिश्तेदार बनकर घर में घुसा फिर सना को गोली मारी
- हमलावर 10वीं पास बेरोजगार



वह उसके घर भी पहुंचा था और सात से आठ घंटे तक मिलने की कोशिश करता रहा, लेकिन सना से उसकी मुलाकात नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने सबूत मिटाने के लिए सना का मोबाइल फोन ले लिया था। पुलिस को हत्या में इस्तेमाल हथियार भी मिला है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने पहले सना से घर के बाहर कुछ देर बात की और फिर घर के अंदर आकर गोलियां चलाईं। सना को बहुत नजदीक से दो गोलियां लगीं, जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल और सना का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

## माली में घुसपैठ की असफल कोशिश में 14 आतंकी मारे गए

**बमाको।** माली के उत्तरी शहर टिम्बकटू में सोमवार को आतंकवादी लड़ाकों ने एक सैन्य शिविर में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी माली सशस्त्र बलों ने एक बयान जारी कर दी। बयान में कहा गया कि घुसपैठ की कोशिश स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे के आसपास हुई और 'मालियन सशस्त्र बलों की त्वरित प्रतिक्रिया से आतंकवादियों को तुरंत खदेड़ दिया गया। बयान में कहा गया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 14 आतंकवादी मारे गए, 31 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार हुए तथा हथियार, वाहन और विभिन्न साम. ग्रियां बरामद की गईं। घुसपैठ की यह कोशिश, डौएंट्ज़ा के मध्य क्षेत्र में स्थित बौलकेसी के एक सैन्य अड्डे पर हुए घातक हमले के एक दिन बाद हुई। रविवार को एक अलग बयान में, एफएएमए ने बौलकेसी शिविर पर हमले की पुष्टि की तथा कहा कि वापस जाने से पहले उसने जोरदार जवाब दिया।

## कराची जेल से 216 कैदी भागे, 136 अभी भी फरार

### भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार, 80 से ज्यादा कैदी दोबारा पकड़े गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं।

जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले। फरार कैदियों को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने उनकी एक साथ परेड कराई। पकड़े एक फरार कैदी ने बताया कि भूकंप की खबर सुनने के बाद सब लोग भाग रहे थे, इसलिए वो भी भाग गया। एक दूसरे कैदी ने दावा किया कि जेल की दीवार गिर गई थी, इसलिए वो लोग भाग गए। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (एसएसयू), रैपिड रिस्पान्स फोर्स (आरआरएफ), रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (एफसी) की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लाप. रवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और आईजी सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकार्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चौक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है। पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था। जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था। फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

- इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी



## ईरान ने अमेरिकी परमाणु समझौते को किया खारिज

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के परमाणु समझौते को 'बेकार' बताते हुए इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि समझौता देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह उसे यूरेनियम संवर्धन से रोकता है। ईरान ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यह एक अस्वीकार्य प्रस्ताव है। मेज़ा नेट की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित समझौते के बारे में बात करते हुए एक ईरानी राजनयिक ने कहा कि इस प्रस्ताव में ईरानी धरती पर संवर्धन पर अमेरिका का रुख अपरिवर्तित है और प्रतिबंधों को हटाने के बारे में कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं है। ईरान एक नकारात्मक प्रतिक्रिया तैयार कर रहा है, जिसे अमेरिकी प्रस्ताव की अस्वीकृति के रूप में समझा जा सकता है। इससे पहले एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सोमवार को सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कथित तौर पर अधिकारियों द्वारा अभी तक अनिर्धारित अवधि के लिए यूरेनियम के सीमित निम्न-स्तरीय संवर्धन पर सहमति व्यक्त की थी।

ओमान के विदेश मंत्री सईद बदर अल-बुसैदी ने 31 मई को ईरान के दौरे के दौरान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मध्यस्थता में मस्कट की मदद की पेशकश की। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ के बीच पांच दौर की वार्ता के बाद दोनों देशों में इस मुद्दे पर गतिरोध बरकरार है।

## रूस का दावा: 24 घंटे में यूक्रेन के 1400 सैनिक मारे

### यूक्रेन बोला: तीन साल में रूस के 10 लाख सैनिक मारे गए

**मास्को/कीव।** यूक्रेन में चल रहे युद्ध के बीच रूस ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी सेना ने पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के करीब 1400 सैनिकों को मार गिराया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी इस आंकड़े की घोषणा तब हुई, जब मास्को और कीव के प्रतिनिधिमंडल इस्तांबुल में युद्धविराम पर बातचीत के लिए मिल रहे थे। यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए। वहीं, यूक्रेन की सेना के जनरल स्टाफ ने 3 जून को दावा किया कि फरवरी 2022 से शुरू हुए युद्ध में अब तक रूस के लगभग 10 लाख सैनिक मारे जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 1100 सैनिक मारे गए। यूक्रेन ने यह भी दावा है कि युद्ध में अब तक रूस के 10881 टैंक, 22671 बख्तरबंद वाहन, 50607 वाहन और फ्यूल टैंक, 28623 तोपखाने सिस्टम, 1402 राकेट लान्चर, 1176 एयर डिफेंस सिस्टम, 384 हवाई जहाज, 336 हेलिकाप्टर, 38748 ड्रोन, 28 जहाज और एक पनडुब्बी खोई है।

- यह दावा ऐसे समय पर किया गया है, जब 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए



## भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता: कनिमोझी

**मैड्रिड।** भारत के ऑल पार्टी डेलिगेशन की अगुआई कर रहीं डीएमके सांसद कनिमोझी ने सोमवार को स्पेन में कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता है।


उन्होंने कहा कि यही संदेश यह प्रतिनिधिमंडल दुनिया को देने आया है। दरअसल, स्पेन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उनसे पूछा गया कि भारत की राष्ट्रीय भाषा क्या है। इसके जवाब में कनिमोझी ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय भाषा है एकता और विविधता। यही सबसे जरूरी संदेश है जो आज दुनिया तक पहुंचाना चाहिए। कनिमोझी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में डीएमके केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल तीन-भाषा फार्मूले का विरोध कर चुकी है। स्पेन में कनिमोझी के नेतृत्व में भारत का 'ग्रुप-6' डेलिगेशन स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुएल अल्बारेस से भी मिला। स्पेन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि इस मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और अप्रैल 22 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भारत की स्थिति की जानकारी स्पेन को दी। विदेश मंत्री अल्बारेस ने कहा कि स्पेन भारत की आतंकवाद विरोधी लड़ाई में पूरी तरह से उसके साथ खड़ा है।

- डीएमके सांसद ने स्पेन में कहा: यही संदेश हमारा डेलिगेशन दुनिया को देने आया है

## बाइडन के क्षमादानों की जांच करेगा अमेरिकी न्याय विभाग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी क्षमादान अटॉर्नी एड मार्टिन ने अपने कर्मचारियों को सूचित किया कि उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से उनके प्रशासन के अंतिम दिनों में जारी किए गए क्षमादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन को पूर्व राष्ट्रपति बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में अपने परिवार के सदस्यों और मृत्युदंड के कैदियों को दी गई क्षमा की जांच करने का निर्देश दिया गया है। न्याय विभाग के क्षमा अटॉर्नी के रूप में कार्यरत मार्टिन ने एक ईमेल में खुलासा किया कि जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या बाइडन अपने कार्यकाल के दौरान सक्षम थे और क्या उन्हें ऑटोपेन या अन्य तरीकों के माध्यम से दवाब बनाया गया था। ऑटोपेन एक ऐसा उपकरण है जो स्वचालित रूप से दस्तावेज पर हस्ताक्षर करता है और ट्रम्प और उनके समर्थकों द्वारा अपुष्ट दावे किए गए हैं कि बाइडन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान इस उपकरण का उपयोग उनके कार्यों की वैधता पर सवाल उठाता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्टिन यह जांच करने की योजना बना रहे हैं कि क्या यह क्षमादान बाइडन के शासनकाल के दौरान उनके अधिकार क्षेत्र में था या फिर कुछ लोग उनपर इसका दबाव बनाकर उनका शोषण कर रहे थे।

**यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था**



## मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के मानवीय सहायता वितरण केंद्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर इजरायल कर सेना द्वारा की गई गोल. ीबारी में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार पश्चिमी राफा में मानवीय सहायता वितरण का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर इजरायल की सेना द्वारा की गई गोलाबारी में 19 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मई के अंत से मानवीय सहायता वितरण केंद्रों पर इसी प्रकार के कई इजरायली हमले हुए हैं, जिनमें 75 लोग मारे जा चुके हैं जबकि 400 से अधिक घायल हुए हैं। अल जज़ीरा ने रिपोर्ट में कहा कि मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।

## हमें मनाने की जरूरत नहीं

### ट्रम्प के दावे पर शशि थरूर की दो टूक, पाकिस्तान को भी लताड़ा

**ब्रासीलिया।** ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई।

थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की। ब्रा. जील में शशि थरूर ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रो. कने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यही मूल संदेश है। थरूर ने कहा कि हमने 7 मई को शुरू से ही लगातार कहा था कि हम संघर्ष को लंबा खींचने के इच्छुक नहीं हैं। यह किसी तरह के युद्ध की शुरूआत नहीं है। यह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिशोध है, बस। अगर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया नहीं की होती, तो हम भी प्रतिक्रिया नहीं करते। डोनाल्ड ट्रम्प का दावा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच उन्होंने ही मध्यस्थता कराई। ट्रम्प ने ही सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सबसे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम की जानकारी दी थी। हालांकि भारत ने ट्रम्प ने दावे को खारिज कर दिया। भारत ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारतीय समकक्ष को फोन करके संघर्षविराम की अपील की थी। जिसके बाद संघर्षविराम हुआ।

- हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे